# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025




मूर्तिकार राम सुतार

### नहीं रहे प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार

# गांधी में 'महात्मा' और पटेल में 'लौहपुरुष' गढ़ने वाले थे शिल्पकार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश को अपनी मूर्तियों के जरिए पहचान देने वाले प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार अब हमारे बीच नहीं रहे। बुधवार देर रात उन्होंने नोएडा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वे 100 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

राम सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की पुष्टि की। गुरुवार दोपहर नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कई कलाकार, प्रशंसक और गणमान्य लोग मौजूद रहे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

*'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को किया था डिजाइन, संसद परिसर में ध्यान में बैठे हुए महात्मा गांधी और घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाएं भी उन्होंने ही बनाई*



**पीएम मोदी बोले-** उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए देश के गौरव को अमर कर दिया



पीएम मोदी ने शेयर की पुरानी तस्वीर

### गोंदुर गांव से विश्व मंच तक

19 फरवरी 1925 को महाराष्ट्र के धुले जिले के गोंदुर गांव में जन्मे राम सुतार ने बचपन में ही मूर्तिकला का रास्ता चुन लिया था। उन्होंने अपने गुरु श्रीराम कृष्ण जोशी से शुरुआती शिक्षा ली और फिर मुंबई के जेजे स्कूल ऑफ आर्ट्स से औपचारिक प्रशिक्षण लेकर 'आर्ट एंड आर्किटेक्चर' में गोल्ड मेडल हासिल किया। वर्ष 1959 में उन्होंने दिल्ली में सूचना एवं दूरसंचार मंत्रालय से अपने जीवन के नए करियर की शुरुआत की लेकिन कुछ ही वर्ष बाद उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़कर पूर्ण रूप से मूर्तिकार की राह चुन ली। इसके बाद दिल्ली में अपना स्वतंत्र मूर्तिकला स्टूडियो स्थापित कर उन्होंने कई ऐतिहासिक प्रतिमाओं तथा कला कृतियों को भव्य आकार दिया।


Ninh

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### चंद्रशेखर को इलाहाबाद हाई कोर्ट से झटका



**नई दिल्ली।** यूपी की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद को इलाहाबाद हाई कोर्ट से करारा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर की 2017 के सहारनपुर दंगों से जुड़ी याचिकाओं को खारिज कर दिया। चंद्रशेखर ने उनके खिलाफ दर्ज चारों एफआईआर और उनसे संबंधित कार्यवाही को रद्द करने की मांग की थी।

### महाराष्ट्र के मंत्री मणिकराव कोकाटे ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के खेल मंत्री और एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे ने अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। कोकटे हाल के दिनों में विधानसभा में रमी खेलते नजर आए थे, जिसके कारण वह विवादों में रहे। दरअसल, तीन दशक पुराने हाउसिंग स्कैम केस में एक कोर्ट ने उनकी सजा को बरकरार रखा।

### निलंबित डीआईजी भुल्लर की जमानत अर्जी खारिज



**चंडीगढ़।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने पंजाब के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। भुल्लर के वकील ने अदालत में अर्जी दायर की थी कि उन्हें गिरफ्तार हुए 60 दिन से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन अभी तक सीबीआई ने उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं की।

### डीजी-आईजी कांफ्रेंस में सीएम ने नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने के लिए पुलिस फोर्स को बधाई दी

# विकास और जनकल्याण की योजनाएं चलाएं ताकि नक्सलवाद फिर न पनपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

• मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ के बस्तर ओलिंपिक के समान प्रदेश में भी जनजातीय संस्कृति और परंपरा के अनुरूप सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए

रायपुर में हुए डीजी कॉन्फ्रेंस से जुड़े मध्य प्रदेश के विषयों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस मुख्यालय में बैठक की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की धरती से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने के लिए पुलिस फोर्स को बधाई और शुभकामनाएं दीं। डॉ. यादव ने इस मोर्चे पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर के विधानसभा के विशेष सत्र में भी पुलिस फोर्स की सराहना हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नक्सलवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में विकास और जनकल्याण की गतिविधियां इस प्रकार संचालित की जाएं, ताकि नक्सलवाद पुनः अंकुरित न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक-महा निरीक्षक सम्मेलन वर्ष 2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने प्रभार के क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण जैसी गतिविधियां तत्काल आरंभ करें।

**वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने प्रभार के क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण जैसी गतिविधियां तत्काल आरंभ करें**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस मुख्यालय में बैठक की

***लोग पुलिस को भय नहीं विश्वास की नजरों से देखें***

***अनुशासन में पुलिसकर्मियों को रहने की जरूरत***

### सोशल मीडिया पर नजर रखने की दी सलाह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान युग में सोशल मीडिया अत्यंत शक्तिशाली साधन होने के साथ-साथ गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। इसके दुरुपयोग से अफवाह, अपराध और भ्रम फैलाने की संभवनाएं भी बढ़ी हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम सोशल मीडिया की शक्ति का सकारात्मक और रचनात्मक सामग्री के उपयोग करें।

### डीजीपी ने कहा-कई विषयों पर विमर्श हुआ

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि अखिल भारतीय सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण, महिला सुरक्षा, पुलिस थाना परिसरों के पुनर्विकास, सिंहस्थ-2028 और साइबर इनीशिएटिव्स, पुलिसिंग में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, नवीन कानूनों के प्रचार- प्रसार, कम्युनिटी पुलिसिंग, आपदा प्रबंधन में पुलिस की भूमिका, नशा-मुक्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों, टूरिस्ट पुलिसिंग, फॉरेंसिक साइंस, साइबर अपराधों की रोकथाम और सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर राज्य शासन से अपेक्षाओं के संबंध में विचार-विमर्श हुआ।

### ये भी दी सीएम ने नसीहतें

- पुलिस अपनी उपलब्धियों और सकारात्मक गतिविधियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों और जनसामन्य से जानकारियां साझा करें।
- सामुदायिक पुलिसिंग गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए महिला सुरक्षा और बच्चों की सुरक्षा के लिए समाज में वातावरण बनाना आवश्यक है।
- संवेदनशील मार्गों पर नियमित पेट्रोलिंग, गति नियंत्रण, शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त निगरानी तथा यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है
- सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वालों के लिए लागू राहवीर योजना की जानकारी का विस्तार करने की आश्यकता बताई।
- जिन क्षेत्रों में महिलाओं के विरूद्ध अपराधों की संभावना अधिक रहती है वहां विशेष निगरानी, नियमित गश्त और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



### मोबाइल फॉरेंसिक वैन से अपराध अनुसंधान तकनीकी होगी सुदृढ़ : डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री ने 14 मोबाइल 'फॉरेंसिक' वैन को हरी झंडी दिखाई, किया रवाना

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में अपराध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक विवेचना की क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई मोबाइल फॉरेंसिक वैनों को पुलिस मुख्यालय भोपाल से झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मोबाईल फॉरेंसिक वैन मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में सीन ऑफ क्राइम के इनवेस्टीगेशन में अत्याधिक कारगर साबित होंगे। पुलिस विभाग द्वारा की गई यह पहल फॉरेंसिक-आधारित, त्वरित और सटीक विवेचना को बढ़ावा देगी, जिससे अपराधों के शीघ्र खुलासे, दोष सिद्धि दर में वृद्धि और नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और सुदृढ़ होगा।

***कुल 57 मोबाइल फॉरेंसिक वैन की लागत 36 करोड़***

### वैन में ये हैं सुविधाएं

मोबाइल फॉरेंसिक वैन अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं, जिनमें स्टीरियो माइक्रोस्कोप, वेइंग बैलेंस, डीएसएलआर कैमरा, मिनी फ्रिज, एलईडी टीवी स्क्रीन, थर्मल प्रिंटर, बॉडी-वॉर्न कैमरा सहित आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वैनों में जांच किट, अपराध स्थल सुरक्षा किट, फिंगर प्रिंट, रक्त व बाल पहचान, हाई-इंटेंसिटी फॉरेंसिक लाइट सोर्स, पैर व टायर निशान, आगजनी, साक्ष्य पैकिंग, बुलेट होल, गनशॉट अवशेष, नशीले पदार्थ, विस्फोटक पहचान तथा डीएनए कलेक्शन एवं चेन ऑफ कस्टडी से संबंधित किट भी उपलब्ध हैं।

### जेद्दा से कालीकट जा रही थी उड़ान

# एआई एक्स. की आपात लैंडिंग केरल में उतारनी पड़ी फ्लाइट

**विमान में 160 यात्री सवार थे, फ्लाइट के दाएं तरफ के टायर फट गए थे**

एजेंसी ▶▶ कोच्चि




एअर इंडिया एक्सप्रेस के जेद्दा से कालीकट जा रही उड़ान की कोच्चि एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में 160 यात्री सवार थे।

बयान में कहा गया है कि तकनीकी खराबी के चलते आपात लैंडिंग कराई गई। एक अधिकारी ने बताया कि जेद्दा से कोझिकोड जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की गुरुवार को कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपत लैंडिंग कराई गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि लैंडिंग गियर और टायर फेल होने की वजह से यह आपात लैंडिंग कराई गई।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया मोड़

# सोनम ने दाखिल की नई याचिका कहा-राज से भाई-बहन का रिश्ता

**शिलॉन्ग कोर्ट में एक दो दिन में सुनवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



फाइल फोटो

राजा रघुवंशी मर्डर केस में नया मोड़ आ गया है। शिलॉन्ग कोर्ट में केस के ट्रायल के बीच मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी ने जमानत के लिए नई याचिका दाखिल की है।

सोनम ने याचिका में खुद को पूरी तरह निर्दोष बताया। दावा किया कि वह राजा के साथ शादीशुदा जीवन में पूरी तरह संतुष्ट थी। साथ ही, उसने आरोपी राज कुशवाह को लेकर कहा वह मेरे 'भाई' जैसा है। शिलॉन्ग कोर्ट में सुनवाई एक-दो दिन में हो सकती है। इस बीच, राजा के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने आपत्ति दर्ज कराई है।

### सतना में 'खून रैकेट' का खुलासा

**सतना में एचआईवी कांड की जांच जारी**

# एसडीएम ने स्टिंग कर पकड़े तीन दलाल, 5000 रु. में खून का सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

जिला अस्पताल अभी एचआईवी संक्रमित खून के कलंक से उबरा भी नहीं था कि अब यहां खून के सौदागरों का पर्दाफाश हुआ है। एक तरफ दिल्ली और भोपाल की टीमें मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने की जांच कर रही हैं।

वहीं, दूसरी तरफ अस्पताल के गेट पर खुलेआम 5000 रुपए में इंसानी खून का सौदा किया जा रहा था। गुरुवार को एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया और कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने एक स्टिंग ऑपरेशन कर 3 दलालों को गिरफ्तार किया है। ये दलाल मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें ब्लड बेचने का धंधा कर रहे थे।



दलालों को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एसडीएम राहुल सिलाड़िया ने एक जाल बिछाया। प्रशासन ने कुछ नोटों (500, 200 और 100 के नोट) के नंबर पहले से नोट कर लिए और उनका टाइम स्टैंप वाला वीडियो बना लिया। कुल 4500 रुपए लेकर एक फर्जी ग्राहक को सतना जिला अस्पताल के सामने भेजा गया।

### फिर से बने मस्जिद.. याचिकाकर्ता की मांग

# सुप्रीम कोर्ट बोला... आप केवल कब्जेदार, जमीन के मालिक नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

***महाकाल मंदिर से सटे पार्किंग स्थल के विस्तार के लिए ताकिया मस्जिद को गिराए जाने को चुनौती दी गई थी***

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उज्जैन में महाकाल लोक परिसर के पार्किंग क्षेत्र के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के 11 जनवरी के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें भूमि अधिग्रहण कार्यवाही के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर को उज्जैन में एक मस्जिद के पुनर्निर्माण के लिए निर्देश देने वाली याचिका को खारिज करने वाले आदेश को चुनौती देने वाली एक अलग याचिका को खारिज कर दिया, जिसे भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही के बाद ध्वस्त कर दिया गया था। लगभग 200 साल पहले स्थापित मानी जाने वाली तकिया मस्जिद को जनवरी में उस जमीन के अधिग्रहण के बाद ध्वस्त कर दिया गया।



फाइल फोटो

### गुरुवार को भोपाल, इंदौर और शाजापुर जिलों में कोल्ड वेव का असर रहा

**आज भोपाल, सीहोर राजगढ़, इंदौर, शाजापुर में कोल्ड वेव का असर रहेगा**

# दिसंबर की ठंड हो रही 'प्रचंड'... भोपाल में 13 में से 12 दिन शीतलहर, अभी राहत के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कुछ जिलों में लगातार कड़ाके की सर्दी का दौर अब आम लोगों के लिए मुसीबत बनने लगा है। इस महीने भोपाल में 13 में से 12 दिन लगातार शीतलहर का असर होने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

यहां 6 से 18 दिसंबर के बीच केवल 14 दिसंबर को कोल्ड वेव से राहत रही है। इस रात का पारा 7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.9 डिग्री कम था। शेष दिनों में लगातार रात का पारा सामान्य से औसतन 5.5 डिग्री कम रहा है। इससे शीतलहर का असर जारी रहा है।



राजधानी के साकेत नगर में, शाम 6:46 बजे

**यहां रहा मध्यम कोहरा**

गुरुवार सुबह भोपाल, इंदौर, गुना, ग्वालियर, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन में मध्यम कोहरा रहा। रीवा, सतना में सबसे घना कोहरे का असर रहा। यहां विजिबिलिटी सुबह 8:30 बजे 500 मीटर से 1000 मीटर तक रही। इससे आवागमन में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### छह जिलों में पारा लगातार तीसरे दिन 5 डिग्री तक

गुरुवार को लगातार तीसरे दिन छह जिलों में रात का पारा 3 से 5 डिग्री के बीच रहा है। इनमें कल्याणपुर (शहडोल) 3.5, मंदसौर 4.4, इंदौर और गिरवर (शाजापुर) 4.5, राजगढ़ 4.6 और पचमढ़ी में रात का पारा 5.2 डिग्री रहा है। भोपाल में न्यूनतम तापमान दशमलव 3 डिग्री बढ़कर 5.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.9 डिग्री कम है।

जबलपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025 ■ पौषी अमावस्या ■ वर्ष : 20, अंक : 230 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 26 न्यून. 09 haribhoomi.com


प्लेटफार्म पर खड़ी भोपाल मेट्रो ट्रेन


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### भोपाल मेट्रो का उद्घाटन 20 को, 21 से कर सकेंगे सफर

# 20 रुपए से शुरू होगा सफर, एम्स से सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन का किराया होगा 40 रुपए

**21 दिसंबर से सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी मेट्रो**

**मैन्युअली लेना होगा टिकट पार्किंग बनाने की चल रही तैयारी**

**इंदौर की तरह भोपालवासियों को नहीं मिलेगी पहले सप्ताह फ्री यात्रा**

**यों, मेट्रो की डीपीआर में पार्किंग का प्रावधान नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में वर्ष 2018 से शुरू हुआ भोपाल मेट्रो चलाने का सपना 20 दिसंबर को पूरा होने जा रहा है। शनिवार 20 दिसंबर को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उद्घाटन करेंगे, लेकिन शहर के नागरिक भोपाल मेट्रो का सफर रविवार 21 दिसंबर से कर पाएंगे। शहर के नागरिकों के लिए मेट्रो सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक प्रायोरिटी कारिडोर पर चलेगी। यह जानकारी गुरुवार को मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एस. कृष्ण चैतन्य ने दी।

### बिना ड्राइवर मेट्रो की भविष्य में तैयारी

*एस. कृष्ण चैतन्य ने बताया कि भविष्य में भोपाल मेट्रो को बिना ड्राइवर के चलाने की योजना है, हालांकि फिलहाल मेट्रो का संचालन ड्राइवर द्वारा ही किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ऑरेंज लाइन के 7.4 किलोमीटर लंबे प्रायोरिटी कारिडोर का काम जुलाई 2025 तक पूरा होना था, लेकिन प्रोजेक्ट लगभग छह महीने की देरी से पूरा हुआ है। एमडी चैतन्य ने बताया कि मेट्रो की डीपीआर में पार्किंग का प्रावधान नहीं था। भोपाल और इंदौर में जो भी मेट्रो स्टेशन बने हैं, वे बिना पार्किंग के ही हैं।*

### वर्ष 2023 में हुआ था पहला ट्रायल

भोपाल में पहली बार मेट्रो 3 अक्टूबर 2023 को पटरी पर दौड़ी थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया था।

## खबर संक्षेप

### गूगल ने लॉन्च किया एआई मॉडल जैमिनी 3 फ्लैस

**नई दिल्ली।** गूगल ने अपने एआई मॉडल फैमिली में एक नया वर्जन जैमिनी 3 फ्लैश लॉन्च कर दिया है। इस मॉडल को बेहतर रीजनिंग और मल्टीमॉडल फीचर्स के साथ तैयार किया गया है। इसके साथ ही इसमें लेटेंसी और लागत को काफी हद तक कम किया गया है। यह नया मॉडल बड़े और एडवांस्ड एआई मॉडल डीप रीजनिंग के साथ स्पीड ऑफर करता है। कोडिंग टास्क और मुश्किल विश्लेषण में इस्तेमाल के लिए ऑप्टिमाइज़ किया गया है।




### पूजा कर रहे नाबालिग की बेरहमी से पीटकर हत्या

**बैतूल।** जिले के गंज थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय नाबालिग पर किए गए गंभीर हमले के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हमले में रॉड, फावड़ा, पत्थर और लाठियों का इस्तेमाल किया गया था। मृतक ने अस्पताल में दम तोड़ने से पहले पुलिस को बयान दिया था। काला पाठा निवासी विवेक मरकाम सागौन बाबा दरबार में पूजा कर रहा था। इसी दौरान आरोपी अपने साथ ले गए और विवेक पर बेरहमी से हमला कर दिया।



### क्रिकेटर यशस्वी बीमार दो किलो वजन घटा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल को पेट में तेज ऐंठन के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यह घटना मुंबई के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान हुई, जब वे राजस्थान के खिलाफ खेल रहे थे। शुरुआत में इसे सामान्य पेट की समस्या समझा गया था, जांच के बाद पता चला कि उन्हें एक्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस (पेट और आंतों की सूजन) है। उन्हें आराम करने और दवाएं लेने की सलाह दी है।



### भारत ने पिछले कुछ सालों में कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनसे किसानों, व्यापारियों और निर्यातकों को लाभ मिल रहा

# भारत-ओमान में फ्री ट्रेड डील पर हस्ताक्षर देश के लिए खुलेंगे दुनिया के 'बड़े बाजार'

- इस समझौते से भारत के वस्त्र चमड़ा, जूते, रत्न-आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि उत्पाद, दवाइयां, मेडिकल डिवाइस और ऑटोमोबाइल के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ओमान के सुल्तान हसीम बिन तारिक अल सईद से मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और ओमान ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर ओमान सरकार ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में योगदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया। इस समझौते से भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, जूते, रत्न-आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि उत्पाद, दवाइयां, मेडिकल डिवाइस और ऑटोमोबाइल के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार सृजन होगा और कारीगरों, महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों के साथ-साथ एमएसएमई को मजबूती मिलेगी।


प्रधानमंत्री मोदी और ओमान के सुल्तान हसीम बिन तारिक अल सईद

» *यह पिछले छह महीनों में भारत का दूसरा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट*

» *यूएई के साथ इसी तरह का समझौता मई 2022 में लागू हुआ था*

### ओमान को क्या-क्या निर्यात करता है भारत?

भारत के प्रमुख आयात पेट्रोलियम उत्पाद और यूरिया हैं। इनकी कुल आयात में हिस्सेदारी 70 फीसदी से अधिक है। अन्य प्रमुख उत्पादों में प्रोपलीन और एथिलीन पॉलिमर, पेट कोक, जिप्सम, रसायन, लोहा, इस्पात और अपरिष्कृत एल्युमीनियम शामिल हैं। ओमान को निर्यात की जाने वाली मुख्य भारतीय वस्तुओं में खनिज ईंधन, रसायन, बहुमूल्य धातुएं, लोहा और इस्पात, अनाज, जहाज, नावें, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, बॉयलर, चाय, कॉफी, मसाले, कपड़े और खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

### भारत के लिए खुलेंगे दुनिया के 4 बड़े बाजार

केंद्रीय पीयूष गोयल ने बताया कि भारत-ओमान फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल, ज्वेलरी, एग्रोकेमिकल, रिन्यूएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स में नए अवसर पैदा होंगे। भारत-ओमान बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी), पूर्वी यूरोप, मध्य एशिया और अफ्रीका के प्रवेश द्वार के रूप में ओमान को रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण बताया, जो भारतीय व्यवसायों को बेहतर बाजार पहुंच प्रदान करता है।

### लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी' विधेयक पारित

*बिल पर लोकसभा में करीब 14 घंटे रात डेढ़ बजे तक चर्चा हुई, जिसमें 98 सांसदों ने हिस्सा लिया*

## विपक्ष ने कागज फाड़कर उछाले शिवराज बोले ये लोग नाम... तो हम मरते हैं 'काम' के लिए

*लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी' विधेयक पारित हो गया है। विपक्ष के भारी हंगामे के बीच यह विधेयक पारित हुआ। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर विपक्षी सांसदों द्वारा कागज फेंके गए*


लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर उछाले

- बोले शिवराज लोकतंत्र को भीड़तंत्र में बदलना ठीक नहीं
- कागज फाड़कर उछाले गए, तो क्या ये बापू जी का अपमान नहीं

» ***बिल पर बुधवार को चर्चा शुरू हुई, हमने पूरी गंभीरता से सांसदों की बातें सुनीं, क्योंकि चर्चा ही लोकतंत्र की प्राण***

» ***यह एक संपूर्ण गांव, एक विकसित गांव, रोजगार युक्त गांव, गरीबी मुक्त गांव बनाने की योजना***

**विपक्ष के 50 ज्यादा सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी' विधेयक पारित हो गया है। विपक्ष के भारी हंगामे के बीच यह विधेयक पारित हुआ। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर विपक्षी सांसदों द्वारा कागज फेंके गए। इसके बाद शिवराज चौहान ने भाजपा कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बिल पर बुधवार चर्चा शुरू हुई, हमने पूरी गंभीरता से सांसदों की बातें सुनीं, क्योंकि चर्चा ही लोकतंत्र की प्राण है।

### अब मिलेगा 125 दिन रोजगार

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। विकसित भारत के लिए, रोजगार और विकसित गांव- ये मोदी जी का संकल्प है। इसलिए इस योजना में रोजगार के लिए जहां 100 दिन की गारंटी थी, अब वो बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। शिवराज ने कहा कि विपक्ष के लोग टेक्नोलॉजी इस्तेमाल का भी विरोध करते हैं।

### क्या होगा बिल में बदलाव?

खर्च की जिम्मेदारी में भी बड़ा बदलाव किया गया है। जहां पहले इस योजना का पूरा वित्तीय बोझ केंद्र सरकार उठाती थी, वहीं अब राज्यों को भी अपनी हिस्सेदारी देनी होगी। राज्यों को 10 से लेकर 40 प्रतिशत तक खर्च वहन करना पड़ेगा। खेती को प्राथमिकता देते हुए रोजगार के समय में भी कटौती तय की गई है।

### राजस्थान से गुजरात की ओर जा रही थी

## नीमच में कार से 12 किग्रा एमडी ड्रग्स जब्त, कीमत 12 करोड़ रुपए



**नारकोटिक्स टीम तस्कर से करी रही पूछताछ**

**नीमच।** मालवा के रतलाम, नीमच और मंदसौर जिले में ड्रग्स की तस्करी के मामले लगातार पकड़े जा रहे हैं। अब नीमच में गुरुवार 12 किलो एमडी ड्रग्स एक कार से जब्त की गई। एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है। इसकी बाजार में अनुमानित कीमत 12 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस और नारकोटिक्स टीम जांच में जुटी है। नीमच में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की मध्य प्रदेश इकाई ने ये कार्रवाई की है। नारकोटिक्स टीम ने 12 किलोग्राम अवैध मेफेड्रोन (एमडी) की बड़ी खेप पकड़ने में कामयाबी हासिल की।

### ईपीएफओ की अब नई पहल

## पीएफ में जोड़ने कंपनियों को मिलेगा छह महीने का समय




**यह मौका 1 जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच छूटे कर्मचारियों के लिए**

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने गुरुवार को नियोक्ताओं (कंपनियों) से कहा है कि वह उसकी एक खास योजना का लाभ उठाएं। इस योजना के तहत कंपनियों को 6 महीने का समय दिया जा रहा है, ताकि वह उन कर्मचारियों को पीएफ (प्रोविडेंट फंड) में शामिल कर सकें, जिन्हें पहले इसमें नहीं जोड़ा गया था। यह मौका 1 जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच छूटे कर्मचारियों के लिए है।

### किसान की बेरहमी से गई हत्या

## खेत पर मिला शव, सिर पर गहरी चोट व एक आंख फूटी



**परिजनों ने बताया सिंचाई करने निकला था, सुबह नहीं लौटा**

**छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा क्षेत्र के ग्राम करब ढोल में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। खेत में बने एक मकान में युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान नीतीश वर्मा के रूप में हुई है, घटना सुबह करीब 8:00 बजे की है। जानकारी के अनुसार, नीतीश वर्मा खेत में फसलों की सिंचाई करने की बात कहकर घर से निकला था। वह सुबह तक वापस नहीं लौटा, तो उसके बड़े भाई उसे देखने खेत पहुंचे।

### चलती ट्रेन में सीबीआई ने मारी रेड

## एक अधिकारी के बैग से करीब 5 लाख रुपए नकद जब्त किए

**पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंट्रल कमांड लखनऊ में पदस्थ एक वरिष्ठ अधिकारी उस वक्त सीबीआई के रडार पर आ गए, जब कटनी के पास चलती ट्रेन में उनके पास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई।

सीबीआई टीम ने चित्रकूट एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे अधिकारी के बैग से करीब 5 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं। यह कार्रवाई 7 दिसंबर को की गई थी, लेकिन मामला अब सामने आया है। क्योंकि सीबीआई को रेलवे से कई और मामलों को लेकर जानकारी मांगी थी। बताया जा रहा है कि संबंधित अधिकारी जबलपुर में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस (एमईएस) से जुड़े निर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद ट्रेन से लखनऊ लौट रहे थे।




### अब भी जांच जारी

सीबीआई अब यह भी जांच कर रही है कि निरीक्षण के दौरान किन ठेकेदारों और अधिकारियों से मुलाकात हुई थी और हाल के दिनों में एमईएस के किन प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। अधिकारी के बैंक खातों, संपत्ति और कॉल डिटेल्स की भी जांच की जा सकती है। दरअसल, सीबीआई को इनपुट था कि अधिकारी के पास लाखों रुपए कैश है और रिश्वत की रकम हो सकती है।

### दिल्ली नगर निगम के नियमों को अमानवीय बताए जाने पर की सख्त टिप्पणी

**मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी**

## याचिकाकर्ता से शीर्ष कोर्ट ने कहा- हम वीडियो चलाकर पूछेंगे मानवता क्या है?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या?

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो इस मामले में पक्ष रख रहे हैं, ने बताया कि इस प्रकरण की सुनवाई के लिए गुरुवार को गठित होने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ की बैठक रद्द कर दी गई है। इस पर न्यायमूर्ति नाथ ने स्पष्ट किया कि अब यह मामला 7 जनवरी को सूचीबद्ध किया जाएगा।





**सुनवाई के दौरान क्या-क्या हुआ?**

### कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं

अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि इस बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कुछ ऐसे नियम बना दिए हैं जो पूरी तरह से विपरीत हैं। जब पीठ ने कहा कि वह 7 जनवरी को इस मामले पर विचार करेगी, तो सिब्बल ने कहा कि अधिकारी दिसंबर में ही नियमों को लागू कर देंगे। उन्होंने तर्क दिया कि वे इसे लागू करेंगे और कुत्तों को हटा देंगे। उनके पास आश्रय स्थल नहीं हैं। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कोई बात नहीं, उन्हें करने दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे।

राज्यसभा में 'शांति' बिल पर चर्चा में छाई अशांति

# परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी की अनुमति ऐतिहासिकः मंत्री जितेंद्र
# सरकार नागरिकों की सुरक्षा के साथ कर रही खिलवाड़ः सागरिका




जितेंद्र सिंह ने कहा कि जब 2014 में राजग सरकार सत्ता में आई थी, तब परमाणु ऊर्जा क्षमता केवल 4.7 गीगावाट थी, जो अब बढ़कर 8.9 गीगावाट हो गई है। यह क्षमता कुल आवश्यक बिजली उत्पादन का मात्र 3 प्रतिशत है और इसे 2047 तक कम से कम 10 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए इस बजट में एक परमाणु ऊर्जा मिशन शुरू किया गया है

- परमाणु विधेयक में सुरक्षा तंत्र से कोई समझौता नहीं होगा
- विपक्ष ने विधेयक को प्रवर समिति में भेजने की मांग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने संबंधी विधेयक को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को कहा कि इसमें सुरक्षा तंत्र से कोई समझौता नहीं होगा। सिंह ने 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025' को उच्च सदन में चर्चा करने एवं पारित कराने के लिए पेश करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह मील का पत्थर साबित होगा। यह विधेयक विकसित भारत बनाने में मददगार होगा।। उन्होंने बताया कि इस विधेयक में नियामक बोर्ड को भी शामिल किया गया है और उसे वैधानिक दर्जा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सुरक्षा (तंत्र) के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा में पारित हो चुका है। वहीं, विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 का विरोध करते हुए इसे व्यापक विचार-विमर्श के लिए प्रवर या स्थायी समिति में भेजने की मांग की। तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने भी इसके प्रावधानों को घातक बताते हुए कहा कि सरकार नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि भले ही इसे शांति बिल बताया जा रहा है लेकिन इससे कई खतरे पैदा होने की आशंका है।


राज्यसभा में चर्चा करते केंद्रीय परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह

## परमाणु ऊर्जा से कई क्षेत्रों को लाभ

जितेंद्र सिंह ने कहा कि दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ गयी है तथा बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह विधेयक महत्वपूर्ण है। जब 2014 में राजग सरकार सत्ता में आई थी, तब परमाणु ऊर्जा क्षमता केवल 4.7 गीगावाट थी, जो अब बढ़कर 8.9 गीगावाट हो गई है। यह क्षमता कुल आवश्यक बिजली उत्पादन का मात्र 3 प्रतिशत है और इसे 2047 तक कम से कम 10 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए इस बजट में एक परमाणु ऊर्जा मिशन शुरू किया गया है। परमाणु प्रौद्योगिकी से कृषि उद्योग, खाद्य क्षेत्र तथा दूसरे क्षेत्रों को लाभ होगा।

## निजी कंपनियों को मिलेगा लाभः जयराम

कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा कि हम परमाणु क्षमता के मामले में खुद को साबित कर चुके हैं और आज आत्मनिर्भर हैं।



उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक केवल निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए लाया गया है। रमेश ने कहा कि सरकार निजी कंपनियों को कहे कि वह खुद 700 मेगावाट का संयंत्र या 220 मेगावाट का संयंत्र लगाएं। क्योंकि अगर निजी सेक्टर को लाया जाएगा तो यह ध्यान में रखना होगा कि वे केवल पूंजी लाएंगे, प्रौद्योगिकी नहीं। हमारे वैज्ञानिकों ने साबित किया है कि वे और उनकी प्रौद्योगिकी सर्वश्रेष्ठ है। सरकार निजी कंपनियों से कहे कि देश में अगर परमाणु संयंत्र आपको लगाना है तो उन्हें आप हमारी प्रौद्योगिकी के आधार पर, हमारी क्षमता के आधार पर लगाएं।

## निजी क्षेत्र का एकाधिकार खतरनाकः यादव

समाजवादी पार्टी (सपा) के रामगोपाल यादव ने भी विधेयक को प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग करते हुए कहा कि परमाणु संयंत्रों से काफी खतरा होता है। उन्होंने आपूर्तिकर्ताओं की जवाबदेही तय करने की मांग की और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की तरह इस क्षेत्र में भी भविष्य में कुछ निजी कंपनियों का एकाधिकार हो जाएगा। बसपा के रामजी ने विधेयक को स्थायी समिति में भेजने की मांग की और कहा कि भले ही परमाणु ऊर्जा आधुनिक है लेकिन यह बहुत खतरनाक है।





## स्वतंत्र नियामक ढांचा नहींः प्रियंका

शिवसेना (उबाठा) सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने भी विधेयक का विरोध करते हुए इस पर व्यापक विचार-विमर्श किए जाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने दावा किया कि देश में प्रभावी और स्वतंत्र नियामक ढांचा नहीं है ऐसे में निजी कंपनियों की जवाबदेही कौन तय करेगा। राकांपा (एसपी) सदस्य फौजिया खान ने भी विधेयक का विरोध करते हुए इसे स्थायी समिति में भेजने की मांग की। माकपा सदस्य एए रहीम ने विधेयक का विरोध करते हुए इसे मानवता के खिलाफ बताया।

## प्रियंका ने गडकरी से मांगा 'अपॉइंटमेंट', हो गई मुलाकात

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से 'अपॉइंटमेंट' देने को कहा और कुछ देर बाद संसद भवन स्थित मंत्री के कार्यालय में कांग्रेस सांसद ने उनसे मुलाकात की तथा अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड से जुड़े मुद्दे उनके समक्ष रखे। इससे पहले, कांग्रेस महासचिव ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि जून से मिलने का समय मांग रही हूं, कृपया समय दीजिए। गडकरी ने कहा कि वह कभी भी उनसे मिल सकती हैं, क्योंकि उनका दरवाजा हमेशा खुला रहता है। उन्होंने कहा कि 'आप प्रश्नकाल के बाद आ जाइए। आप कभी भी आ जाइए, दरवाजा हमेशा खुला रहता है।



### 4 महीनों में 40 लाख वार्षिक फास्टैग पास जारी किए

गडकरी ने कहा कि 2026 तक देश भर के सभी 1,050 टोल प्लाजा पर अवरोध मुक्त टोल संग्रह की व्यवस्था लागू करेगी और बीते अगस्त से 4 महीनों में लगभग 40 लाख वार्षिक फास्टैग पास जारी किए गए हैं। वार्षिक फास्टैग पास से प्रति वर्ष 3,000 रुपए या औसतन 15 रुपए प्रति टोल से 200 टोल प्लाजा पार करने की अनुमति है।

**नए लेबर कोड्स लागू**

सरकार ने इस साल 21 नवंबर को 29 पुराने लेबर कानूनों को खत्म कर 4 नए लेबर कोड्स लागू किए हैं। सरकार ने इन नए लेबर कोड्स को मजदूरों के अधिकारों के लिए बड़ा बदलाव बताया है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन ने गुरुवार को केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार नए श्रम कानूनों का स्वागत करते हुए कहा कि इन सुधारों का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब इन्हें निष्पक्षता, समानता और स्पष्ट नीति के साथ ज़मीनी स्तर पर लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि ये कानून भारत के भविष्य के श्रम ढांचे को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### कैंची धाम के पास सड़क हादसा, 3 की मौत

**नैनीताल।** पीलीभीत से कैंची धाम दर्शन के लिए जा रही सैलानियों से भरी स्कॉर्पियो भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में निगलाट के करीब अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में 3 सैलानियों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए।



### बस में लगी आग, 40 छात्रों का किया रेस्क्यू

**देहरादून।** राजधानी के सेंट जूड चौक के पास गुरुवार को तमिलनाडु से ऑल इंडिया टूर पर आए 40 छात्र उस वक्त खतरे के साये में आ गए, जब उनकी चलती बस से अचानक धुआं उठने लगा। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक कर्मियों ने सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला।



### किराएदार दंपती ने की मालकिन की हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन स्थित ओरा काईमोरा सोसायटी में किराया मांगने पर एक मकान मालकिन की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। आरोपी ट्रांसपोर्टर अजय गुप्ता और उनकी पत्नी आकृति गुप्ता ने महिला के शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए।



राजधानी में उखड़ती सांसें: धुंध की चादर से ढका दिल्ली-एनसीआर

# एक्यूआई 400 के पार, 22 उड़ानें रद्द, एएआई की एडवाइजरी जारी... यात्री ऐहतियात बरतें

भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) ने यात्रियों को हवाई अड्डे जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति संबंधित एयरलाइन से जांचने और अतिरिक्त यात्रा समय लेने की सलाह दी। यात्रियों से अनुरोध किया है कि हवाई अड्डा जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अपनी एयरलाइन से जांच लें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण गंभीर श्रेणी में है। गुरुवार सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे के साथ हुई। आसमान में धुंध की चादर दिखाई दी। कई क्षेत्रों में जहरीली धुंध की मोटी परत छाई रही। वायु गुणवत्ता अत्यंत खराब होने के कारण सुबह के समय कम दृश्यता की समस्या पैदा हुई और हवाई यातायात प्रभावित रहा। दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार, अब तक 22 उड़ानें रद्द होने की सूचना मिली है, जिनमें 11 प्रस्थान और 11 आगमन शामिल हैं। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) ने गुरुवार को उत्तर भारत में घने धुंध की स्थिति को लेकर एडवाइजरी जारी की है। एएआई ने यात्रियों को कम दृश्यता और कई हवाई अड्डों पर उड़ानों में संभावित देरी के लिए सावधान किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक मौसम चेतावनी में एएआई ने कहा, लगातार धुंध उत्तर भारत के कई हवाई अड्डों को प्रभावित कर रही है। इससे दृश्यता कम हो रही है और उड़ानों में संभावित देरी हो सकती है। प्राधिकरण ने यात्रियों को हवाई अड्डे जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति संबंधित एयरलाइन से जांचने और अतिरिक्त यात्रा समय लेने की सलाह दी। एएआई ने आगे कहा, यात्रियों से अनुरोध है कि हवाई अड्डा जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अपनी एयरलाइन से जांच लें। हवाई अड्डे की आधिकारिक वेबसाइट या सोशल मीडिया हैंडल पर अपडेट देखें। अपनी यात्रा योजना पहले से बनाएं और अतिरिक्त समय रखें।

## यात्रियों को उड़ान की स्थिति और अतिरिक्त यात्रा समय लेने की सलाह दी

वेबसाइट या सोशल मीडिया पर अपडेट देखें

पीयूसी बनवाने में दो से तीन घंटे तक का समय लगा


दिल्ली एयरपोर्ट पर धुंध में खड़ा विमान

### उड़ान की स्थिति जांचते रहें यात्री

इंडिगो एयरलाइन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यात्रियों से अनुरोध किया कि वे अपनी उड़ान की स्थिति नियमित रूप से वेबसाइट या एप के माध्यम से जांचते रहें। एयरलाइन ने कहा कि कृपया सुनिश्चित रहें कि हमारी टीम हर कदम पर आपकी सहायता के लिए मौजूद है और पूरा सहयोग प्रदान करेगी। हम साफ आसमान और नियमित उड़ानों की जल्द बहाली की उम्मीद करते हैं।

### अक्षरधाम में एक्यूआई 416

सीपीसीबी (सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड) के अनुसार, इलाके के आस-पास एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 415 है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में रखा गया है। सीएक्यूएम (कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट) ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप स्टेज-IV के तहत सभी एक्शन लागू है। अक्षरधाम इलाके में एक्यूआई 416 रिकॉर्ड किया गया है, जिसे गंभीर श्रेणी में रखा गया है। आनंद विहार में एक्यूआई 416, विवेक विहार में एक्यूआई 412, आईटीओ में एक्यूआई 397, आरके पुरम इलाके में एक्यूआई 374 है, जिसे बहुत खराब कैटेगरी में रखा गया है। द्वारका में 361, चांदनी चौक क्षेत्र में एक्यूआई 387, सुबह इंडिया गेट के आसपास एक्यूआई 344 दर्ज किया गया है, जिसे बेहद खराब श्रेणी में रखा गया है।


दिल्ली में पीयूसी केंद्र पर लाइन

### बिना वैध पीयूसी के ईंधन देने पर रोक

दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए गुरुवार से पेट्रोल पंपों पर बिना वैध पीयूसी सर्टिफिकेट के ईंधन देने पर रोक लगा दी है। साथ ही दिल्ली में अब केवल बीएस 6 मानक वाले बाहरी वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी गई है। इस फैसले के बाद पीयूसी जांच केंद्रों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। सुबह से ही राजधानी के कई इलाकों में पीयूसी कराने वालों की संख्या काफी नजर आई।

### तकनीकी दिक्कतें भी सामने आईं

बढ़ती भीड़ के बीच तकनीकी दिक्कतें भी सामने आईं। कई पीयूसी केंद्रों पर सर्वर डाउन होने से जांच प्रक्रिया कुछ घंटों तक ठप रही। ऐसे में वाहन मालिकों को काफी परेशानी हुई। कुछ जगहों पर पीयूसी बनवाने में दो से तीन घंटे तक का समय लग गया। इस दौरान वाहन मालिकों और पीयूसी संचालकों के बीच तकरार की स्थिति हुई।

पंजाब में ईडी का बड़ा एक्शन

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 3500 करोड़ की 160 संपत्तियां जब्त


लुधियाना में कार्रवाई करती ईडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब में पीएसीएल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी ने गुरुवार को पीएसीएल और अन्य के मामले में चल रही जांच के सिलसिले में पंजाब के लुधियाना में स्थित 3436.56 करोड़ रुपए की 169 अचल संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी ने कहा कि उसकी जांच में पता चला है कि लाखों निवेशकों से जुटाए गए फंड का एक हिस्सा पीएसीएल के नाम पर इन 169 अचल संपत्तियों को खरीदने में इस्तेमाल किया गया था, जिनकी मौजूदा कीमत 3436.56 करोड़ रुपए है। प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली जोनल ऑफिस ने इन संपत्तियों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत जब्त किया है।

यह कार्रवाई सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) द्वारा पीएसीएल लिमिटेड, पीजीएफ लिमिटेड, दिवंगत निर्मल सिंह भंगू और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 की धारा 120-बी और 420 के तहत दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर की गई जांच के बाद की गई है।

### पीएमसीएल ग्रुप ने की धोखाधड़ी

बता दें, यह मामला पीएसीएल द्वारा बड़े पैमाने पर चलाई गई धोखाधड़ी वाली पोंजी स्कीम और सामूहिक निवेश योजनाओं से संबंधित है। इन योजनाओं के जरिए पीएसीएल और उसकी सहयोगी कंपनियों ने धोखे से भोले-भाले निवेशकों से लगभग 48,000 करोड़ रुपए जुटाए और उसका गबन कर लिया।







निकाय चुनाव के बीच महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम शिंदे का बड़ा ऐलान

# मुंबई में बनेगा भारत का सबसे बड़ा सेंट्रल पार्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनावों की तारीखों के ऐलान के बीच डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने ठाणे और मुंबई के कई बड़ी परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स और कोस्टल रोड से सटी खाली जमीन को मिलाकर कुल 295 एकड़ क्षेत्र में विश्वस्तरीय सेंट्रल पार्क बनाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करीब 700 से 750 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस सेंट्रल पार्क के नीचे 10 लाख वर्ग फुट का एक भूमिगत पर्यावरण अनुकूल खेल परिसर होगा। यहां अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं के साथ-साथ खो-खो और कबड्डी जैसे भारतीय खेलों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इस सेंट्रल पार्क को भूमिगत मार्ग के जरिए सीधे कोस्टल रोड से जोड़ा जाएगा। इससे पर्यटकों और नागरिकों को आसानी होगी और यह खास तौर पर शहर आने वाले पर्यटकों के लिए बड़ा आकर्षण साबित होगा। इसे उन्होंने मुंबईवासियों के लिए अब तक का सबसे बड़ा उपहार बताया।

परियोजना लागत करीब 750 करोड़ रुपए

सेंट्रल पार्क के नीचे 10 लाख वर्ग फुट का एक भूमिगत खेल परिसर होगा


ठाणे में बनने वाले टावर कन्वेंशन सेंटर की 'मंगल कलश' डिजाइन

### 50 एकड़ में बनेगा कन्वेंशन सेंटर

शिंदे ने बताया कि ठाणे के कासरवडवली खाड़ी के किनारे 50 एकड़ जमीन पर एक भव्य टावर कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। यह 260 मीटर ऊंचा होगा, जो इसे देश का सबसे ऊंचा टावर बनाएगा। इसका निर्माण पेरिस के 300 मीटर ऊंचे एफिल टावर की तर्ज पर किया जाएगा। इसकी परिकल्पना प्रसिद्ध वास्तुकार हाफ़िज कॉन्ट्रैक्टर ने की है और यह 'मंगल कलश' की अवधारणा से प्रेरित है। इसमें एक 'व्यूइंग टावर' होगा, जहां से शहर का नजारा देखा जा सकेगा।

### 25 एकड़ में बनेगा टाउन पार्क

इसके अलावा, ठाणे के कोलशेत में टाउन पार्क बनेगा। 25 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में एक्वेरियम, विज्ञान केंद्र, कृषि कोली संग्रहालय और खेल परिसर होगा। कोलशेत में ही 12.5 एकड़ में पक्षी संग्रहालय के लिए 10 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। शिंदे ने बताया कि 50 एकड़ में एक विशाल स्पोर्ट्स एरीना और 25 एकड़ में संगीत प्रेमियों के लिए म्यूजिक कंसर्ट क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव है।

# हमारा संकल्प पत्र वर्ष 2028 का है, हमने जो वादे किए हैं, उसे हर हाल में पूरे करेंगे

**विधानसभा के** विशेष क्षेत्र में सीएम डॉ. यादव ने दिया समृद्ध मध्य प्रदेश विजन 2047 पर केंद्रित संबोधन

**विधायकों ने** ने जनता से जुड़े हुए मुद्दों पर रखे अपने विचार



विधानसभा में आयोजित एक दिनी विशेष सत्र के पहले राज्यपाल मंगुभाई पटेल का स्वागत करते सीएम डॉ. मोहन यादव।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र वर्ष 2028 का है। हमने जो वादे किए हैं, उसे हर हाल में पूरा करेंगे। सरकार लाड़ली बहनों को 1500 दे रही है, आगे और भी बढ़ाएंगे। किसानों से 2600 रुपए क्विंटल पर गेहूं की खरीदी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कांग्रेस सदस्यों के एक-एक आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बगैर कमेटी व आयोग बनाएं 27 फीसदी आरक्षण लागू कर दिया। कोर्ट में मुझे लड़ाई लड़ना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को विधानसभा में देर रात मप्र को आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध बनाने के संकल्प पर आयोजित एक दिनी विशेष सत्र में अपना जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह विशेष सत्र केवल औपचारिकता नहीं अपितु लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य के प्रति साझा उत्तरदायित्व के संकल्प का परिचायक है। यह सत्र मप्र को सुखद, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराने का अवसर है। विधानसभा की 70 साल की यात्रा हमारी लोकतांत्रिक यात्रा का प्रमाण है, यह सदन सत्ता का नहीं जनता के विश्वास का मंदिर रहा है।

### विकास और संस्कृति एक दूसरे के विरोधी नहीं, एक दूसरे के पूरक हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास और संस्कृति एक दूसरे के विरोधी नहीं, एक दूसरे के पूरक हैं। हम अपनी विरासत को नहीं भूल सकते। सम्राट विक्रमादित्य, राजाभोज सहित 9 महापुरूषों के नाम पर राजधानी भोपाल में 9 द्वार स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पीएम मित्र पार्क की सौगात से मालवा निमाड़ अंचल में तीन लाख से अधिक लोगों को रोजगार और 6 लाख से ज्यादा कपास उत्पादकों को लाभ होगा।

## जनकल्याण के लिए जो कहा, वो किया : डॉ.यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनकल्याण के लिए जो बात कही गई, उस पर अमल भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में नागरिकों की समृद्धि के लिए दो वर्ष में किए गए विशेष कार्यों और अर्जित उपलब्धियों की बिंदुवार जानकारी बुधवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में दिए गए संबोधन में सदन*

- पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटलजी की जन्म वर्षगांठ पर आगामी 25 दिसम्बर को उद्योग वर्ष के समापन अवसर पर 2 लाख करोड़ रुपए के निवेश से विभिन्न इकाईयों के भूमि पूजन का कार्य हो रहा है।
- मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के क्षेत्रों में संयुक्त चीता कॉरिडोर बनाने की पहल। गांधी सागर और नौरादेही में भी चीते बसाएंगे। शिवपुरी में 9वें टाइगर रिजर्व पार्क की शुरूआत।
- रीजनल औद्योगिक कॉन्क्लेव के साथ ही रेडिमेड और खिलौना निर्माण इकाईयों में कार्य करने वालों को प्रोत्साहन राशि।
- आने वाले समय में सैटेलाइट के माध्यम से किसानों के खेतों और खसरा खतोनी की जानकारी प्राप्त कर घर बैठे खाद पहुंचाने का संकल्प।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सा अधिकारियों सहित अन्य पदों पर लगभग 42 हजार नियुक्तियों की स्वीकृति।
- वर्ष 1956 में प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज थे। गत डेढ़ वर्ष में 6 नए कॉलेज प्रारंभ, पीपीपी मोड पर 14 कॉलेजों के लिए निविदा की कार्यवाही। दिसम्बर 2025 में 4 मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन। प्रदेश में 52 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे। सभी जिलों में कॉलेज होगा।
- प्रत्येक संभाग में वन्य प्राणी संग्रहालय और रेस्क्यू सेंटर प्रारंभ करने की पहल।
- राजधानी भोपाल में बड़ी झील में शिकारों से पर्यटकों और नागरिकों को कश्मीर का सुखद अहसास।
- इंदौर में मेट्रो प्रारंभ। भोपाल में मेट्रो ट्रेन संचालन शीघ्र।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन्म वर्षगांठ 17 सितम्बर को धार जिले में पीएम मित्रपार्क की आधारशीला रखी।
- प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण की ठोस पहल कर पीढ़ियों को रोग से बचाने का प्रयास।
- भगोरिया को राष्ट्रीय पर्व की मान्यता दी गई।
- राज्य में तेज ध्वनि यंत्रों पर नियंत्रण की पहल।

*वरिष्ठ विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा*

## पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की कल्पना को सीएम ने मप्र के हर क्षेत्र तक पहुंचाया



वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन है और जीवन की रक्षा किसी भी संवेदनशील, जवाबदेह और दूरदर्शी शासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि वर्ष 2003 में केवल 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे। आज मध्यप्रदेश 19 शासकीय और 14 निजी मेडिकल कॉलेजों के साथ आत्मनिर्भर स्तंभ पर खड़ा है। चार जिलों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेजों का निर्माण प्रगतिशील है, 9 जिलों में स्थापना की प्रक्रिया जारी है तथा 6 जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। आगामी 2-3 वर्षों में मध्यप्रदेश में 52 मेडिकल कॉलेज होंगे। यह परिवर्तन संयोग नहीं, बल्कि उस स्पष्ट और दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का विज़न और मुख्यमंत्री डॉ. यादव जी का प्रशासनिक संकल्प एक दिशा में आगे बढ़ा।

### विधानसभा में नारीशक्ति...




विधानसभा में आयोजित एक दिनी विशेष सत्र में मंत्री कृष्णा गौर और महिला विधायक शामिल हुई।

## प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव और जेरियाट्रिक केयरः समग्र, दूरदर्शी जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही सरकार



मप्र विधानसभा के विकसित आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश विषय पर आयोजित विशेष सत्र में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव और जेरियाट्रिक केयर-तीनों स्तरों पर समग्र, दूरदर्शी और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि बीमारी का इलाज करने से बेहतर है बीमारी को होने से रोकना। इसी उद्देश्य से प्रदेश में व्यापक स्तर पर प्रिवेंटिव केयर को सशक्त किया गया है। निरोगी काया अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 1.19 करोड़ नागरिकों की हाइपरटेंशन, 1.22 करोड़ की डायबिटीज तथा 1.29 करोड़ लोगों की फैटी लीवर की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान के लिए 39.4 लाख लोगों की ओरल कैंसर, 19.3 लाख महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर तथा 8.5 लाख महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की गई है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में मध्यप्रदेश 6 पैरामीटर में देश में शीर्ष पर है। शुक्ल ने बताया कि प्रदेश में टीबी स्क्रीनिंग एवं उपचार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब और वंचित वर्ग के नागरिकों को गंभीर बीमारियों के लिए निः शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक लगभग 34 लाख हितग्राही उपचार का लाभ ले चुके हैं।

*प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर शून्य*

## कल की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जा रहा है बच्चों को



स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि विज़न-2047 की ओर बढ़ते हुए देश के अनुरूप मध्यप्रदेश को भी विकास की गति दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मप्र के सपने को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कक्षा-5वीं तक मातृभाषा पर जोर दिया गया है और व्यावसायिक शिक्षा को छात्रों के व्यावहारिक कौशल के हिसाब से बनाया गया है। मंत्री सिंह ने बताया कि राज्य की स्थापना के समय साक्षरता दर 21.41 प्रतिशत हुआ करती थी, जो आज लगभग 75 प्रतिशत तक पहुंच गई है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने सदन में जानकारी दी कि प्रदेश में 2003-04 में 4495 हाई स्कूल और 4211 हायर सेकेण्डरी स्कूल थे, जिनमें कक्षा-9 से 12 तक 18 लाख 79 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत थे। 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 22.56 लाख हो चुकी है। दो दशकों में 4670 माध्यमिक शालाओं को हाई स्कूल में तथा 1991 हाई स्कूलों को हायर सेकेण्डरी में उन्नयन किया गया है। प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर शून्य हो गई है। समग्र आईडी के माध्यम से 90 प्रतिशत बच्चों की ट्रेकिंग पूर्ण की जा चुकी है।

*अटलजी के विचारों पर कार्य कर रही सरकार*

## मध्यप्रदेश सरकार पंचायत राज व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए संकल्पित



पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रह्लाद पटेल ने विधानसभा सत्र में कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ग्रामीण विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है। अटल जी के ग्रामीण विकास के विचारों में गांव, गरीब और किसान केंद्र में थे, उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी बुनियादी ढांचागत पहल, पंचायत सशक्तिकरण और स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो, रोजगार बढ़े और शहरों की ओर पलायन रुके। उन्होंने विकास के लिए एक समग्र, समुदाय-केंद्रित और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया था। मप्र में इसी दिशा में कार्य किया जा रहा है। मंत्री पटेल ने कहा कि हमारा मंत्र है- 'गांव चले, देश चले'। जब गांव सशक्त होगा, तभी देश सशक्त होगा। यह गांव के सशक्तिकरण और राष्ट्र के विकास के बीच सीधा संबंध स्थापित करता है। इसी विचार के दृष्टिगत मुख्यमंत्री की प्रेरणा से हमने पंचायत राज व्यवस्था तहत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद को वरीयता दी है।

*सिंहस्थ-2028 की जानकारी दी*

## मप्र के विकास में आलोचनाओं को नहीं, सुझाव को दें प्राथमिकता



संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को विधानसभा में एक दिन के विशेष सत्र में कहा कि हमें विकसित मप्र <\@>2047 को ध्यान में रखकर आलोचनाओं से हटकर प्रगति के सुझाव को प्राथमिकता देनी होगी। इसमें सदन के प्रत्येक सदस्य का सुझाव महत्वपूर्ण है। मंत्री विजयवर्गीय ने सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट, सिंहस्थ-2028 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राम वन पथ गमन और श्रीकृष्ण पाथेय का विकास किया जा रहा है। मप्र ने आर्थिक विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक गौरव के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि 1956 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 261 रुपए थी, जो आज बढ़कर एक लाख 50 हजार रुपए से अधिक हो चुकी है। राज्य का बजट 1956 में 493 करोड़ रुपए का था, जो आज बढ़कर 4.21 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। साक्षरता दर भी काफी बढ़ी है।

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन...



विधानसभाा में महात्मा गांधी की प्रतिमा की सामने प्रदर्शन करते सिंघार, मसूद व विधायक।

## मंत्री बागरी ने किया स्पष्टः मोहन सरकार में कानून सबके लिए बराबर, कार्रवाई होगी

भाई-बहनोई की गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तारी को लेकर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में न तो उन्हें पूर्व जानकारी थी और न ही वे किसी तरह का हस्तक्षेप कर रही हैं। बागरी ने मीडिया से कहा कि जो भी व्यक्ति गलत काम करेगा, उसके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार में कानून सबके लिए समान है।

### पूर्व राष्ट्रपति को मंदिर में घुसने नहीं दिया



कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने क्रीमी लेयर का मामला उठाया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को पुष्कर मंदिर में नहीं घुसने दिया गया। इस पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने आपत्ति करते हुए कहा कि गलत जानकारी है। पूर्व राष्ट्रपति का नाम सदन में आने पर इसे हटाया जाना चाहिए। मंत्री राकेश सिंह ने कहा, कम से कम आज के दिन इस तरह की चर्चा नहीं होना चाहिए।

### पुराने शहर में फ्लाई ओवर बनाने चाहिए



भोपाल उत्तर सीट से कांग्रेस विधायक आतिफ अकील विधानसभा में भोपाल के पुराने शहर का डेवलपमेंट प्लान बनाकर उसकी तस्वीर फ्रेमिंग कराकर लेकर पहुंचे। आतिफ अकील ने कहा कि सरकार को पुराने शहर में डबल डेकर ट्रैफिक प्लान के तहत फ्लाईओवर बनाने चाहिए। इससे पुराने शहर की जनता को सुविधा होगी व ट्रैफिक भी सुगम हो सकेगा।

### तब के बुलडोजर मंत्री आज के बुलडोजर में अंतर



विधानसभा में मप्र को आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध बनाने के संकल्प पर आयोजित एक दिनी विशेष सत्र में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री बुलडोजर पर बोल रहे थे। उन्होंने पूर्व मंत्री बाबूलाल गौर साहब का जिक्र किया। तब मैंने कहा कि जब के बुलडोजर मंत्री और आज के बुलडोजर में अंतर है। गौर साहब ने विकास के लिए बस्तियां हटाईं तो उन्हें विस्थापित भी किया।

## मध्य प्रदेश निवेश और औद्योगिक विकास के पथ पर लगातार अग्रसर



एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मप्र औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। देश विदेश के निवेशक मध्यप्रदेश के प्रति आकृषित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य 2047 तक प्रदेश की जीडीपी 15 लाख करोड़ से 250 लाख करोड़ तक ले जाने का है। प्रदेश को एक संतुलित, समावेशी और आत्मनिर्भर औद्योगिक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना, जहां युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिले, एमएसएमई सशक्त हों और निवेशकों को भरोसेमंद माहौल प्राप्त हो। इसी विज़न के साथ सरकार ने आगामी तीन वर्षों का मिशन तय किया है, जो अधोसंरचना, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, निवेश और नवाचार पर केंद्रित है।

### एएसआई को आया हार्ट अटैक, मौत



**जगदलपुर।** में रक्षित केंद्र जगदलपुर में एएसआई के रूप में पदस्थ ताकेश्वर शर्मा का अचानक मेकाज में हार्ट अटैक आने से निधन हो गया, उनके निधन की खबर लगते ही पुलिस विभाग से लेकर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। वे जहां कुछ वर्ष कांग्रेस के कार्यकाल में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा के यहां सुरक्षाकर्मी के रूप में पदस्थ थे, वही वर्तमान में जगदलपुर विधायक किरण देव के सेवा दे रहे थे, वही अचानक से बुधवार को स्वास्थ्य खराब होने के कारण महारानी ले जाया गया, जहाँ दुबारा हार्ट अटैक आने की सूचना मिली, जिसके बाद अचानक से स्वास्थ्य बिगड़ गया और उनका निधन हो गया। जगदलपुर में अंतिम संस्कार किया गया, जहाँ पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के अलावा परिवार के लोग मौजूद थे।

*जवानों ने की जंगल और पहाड़ी इलाके की घेराबंदी*

## मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर, जारी है फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



ऑपरेशन में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के जवान शामिल हैं, जिन्होंने जंगल और पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर रखी है। इलाके में रुक-रुक कर फायरिंग की आवाजें आ रही हैं।

सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ में तीन माओवादियों के मारे जाने की सूचना है, जिनमें एक महिला माओवादी भी शामिल बताई जा रही है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि मारे गए माओवादी किस्टाराम एरिया से जुड़े तीन एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम) हो सकते हैं, हालांकि इस संबंध में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस मुठभेड़ में कई अन्य माओवादी घायल हो सकते हैं, लेकिन उनकी संख्या स्पष्ट नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम की पुष्टि सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने की है कि इलाके में मुठभेड़ चल रही है और सर्च ऑपरेशन जारी है।

### मुठभेड़ में मारे जाने वालों के नाम

फिलहाल सुरक्षा बल हालात पर नजर बनाए हुए हैं। जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में किस्ताराम एरिया कमेटी के तीन माओवादी कैडर मारे गए। मरने वालों में मडावी जोगा उर्फ मुन्ना उर्फ जगत- एसीएम, किस्ताराम एरिया कमेटी, सोढ़ी बंदी- एसीएम, किस्ताराम एरिया कमेटी, नुप्पो बजनी- एसीएम (महिला), किस्ताराम एरिया कमेटी शामिल हैं।

*नए साल के आगमन से पहले पुलिस सतर्क, जगह-जगह जारी है तलाशी अभियान*

## निजी पार्टी में नशा कर रहे थे युवक-युवतियां, 21 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नए साल के आगमन से पहले राजधानी रायपुर में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में रायपुर पुलिस ने विधानसभा थाना क्षेत्र के पिरदा इलाके में स्थित एक फार्म हाउस पर बड़ी कार्रवाई की है। यहां आयोजित की जा रही एक निजी पार्टी पर पुलिस ने अचानक दबिश दी, जहां 21 युवक-युवतियां नशे की हालत में पाए गए। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेडी फार्म हाउस में नियमों को ताक पर रखकर देर रात पार्टी की जा रही है। आशंका जताई जा रही थी कि पार्टी के दौरान नशीले पदार्थों का सेवन किया जा रहा है और मौके पर अवैध गतिविधियां भी हो सकती हैं।

सूचना की पुष्टि के बाद क्राइम ब्रांच और विधानसभा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने फार्म हाउस को घेरकर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान फार्म हाउस में मौजूद सभी युवक-युवतियों को पुलिस ने हिरासत में लिया। प्रारंभिक जांच में सभी नशे की स्थिति में पाए गए, जिसके बाद पुलिस ने उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की। एसएसपी लाल उमेद सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि नए साल के मद्देनज़र शहर में असामाजिक और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की सघन कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने साफ संकेत दिया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

*जशपुर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क होगा मजबूत*

## प्रमुख सड़कों के लिए 12 करोड़ 69 लाख की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के विकास को नई रफ्तार देने के लिए चार प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए कुल 12 करोड़ 69 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क मजबूत होगा, आवागमन सुगम बनेगा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री के इस जनहितकारी फैसले पर क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया है।

स्वीकृत सड़क परियोजनाओं में 3 किलोमीटर लंबी कंडोरा से आराकोना पहुंच मार्ग के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपये, 3 किलोमीटर लंबी माडो से ढेंगनी पहुंच मार्ग के लिए 3 करोड़ 77 लाख रुपये, 1.9 किलोमीटर लंबी चराईडांड के मलेरिया बस्ती से एनएच-43 तक पहुंच मार्ग के लिए 2 करोड़ 20 लाख रुपये तथा 2.86 किलोमीटर लंबी बेहराखार अटल चौक से कुरूमढ़ोड़ा तक पहुंच मार्ग के लिए 3 करोड़ 76 लाख रुपये शामिल हैं।

### क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

इन सड़कों के निर्माण से दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में यातायात सुविधाजनक होगा, जिससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दो वर्ष के कार्यकाल में जशपुर जिले को सड़क निर्माण के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। इससे जिले का बुनियादी ढांचा सशक्त हुआ है और ग्रामीण अंचलों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इन सड़कों से क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं को भी मजबूती मिलेगी। राज्य सरकार की यह पहल आदिवासी बहुल जिलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**प्रशिक्षण में शिशु रोग विशेषज्ञ, नर्सिंग और पोषण प्रशिक्षक**

# अतिरिक्त आयुक्त ने सिविल कोर्ट के आदेश को कैसे किया दरकिनार



## हाई कोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने सिविल कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर अतिरिक्त आयुक्त द्वारा आदेश पारित करने के रवैये पर स्पष्टीकरण मांगा है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने मामले की अगली सुनवाई जनवरी के द्वितीय सप्ताह में नियत की है। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी राजकुमार द्विवेदी की ओर से दलील दी गई कि अतिरिक्त आयुक्त केपी राही का रवैया अवमाननाकारक है। इसीलिए अलग से अवमानना याचिका दायर की गई है। उन्होंने राजस्व न्यायालय के निर्णय को नजरअंदाज कर राजस्व अपील पर निर्णय पारित कर दिया। आश्चर्य की बात तो यह है कि सिविल कोर्ट की डिक्री एडिशनल कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेकर स्पष्टीकरण पेश करने निर्देश दे दिए।

## वकालत ऐसा प्रोफेशन, जिसके लिए पहले पढ़ना फिर लड़ना पड़ता है

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन में विदाई समारोह के दौरान बोले जस्टिस एके पालीवाल

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस अचल कुमार पालीवाल ने कहा कि वकालत ऐसा प्रोफेशन है जिसके लिए पहले पढ़ना पड़ता है फिर लड़ना पड़ता है। वे हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के रजत जयंती आदर्श सभागार में गुरुवार को आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा, प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया, स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह, डिप्टी सालिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरू, हाई कोर्ट बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन व जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा मंचासीन थे। न्यायमूर्ति पालीवाल ने भावुक होकर कहा कि हाई कोर्ट बार से जो मान-सम्मान, आदर मिला, उसके लिए आजीवन ऋणी रहूंगा। इस बार की अपनी समृद्ध परंपरा है, जिसका मैं कायल हूं। यहां बार और बेंच को न्यायरथ के दो पहियों के रूप में न सिर्फ माना और जाना जाता है बल्कि आचरण में भी उतारा जाता है। कार्यक्रम का संचालन हाई कोर्ट बार के सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया। उन्होंने सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति पालीवाल का व्यक्तित्व-कृतित्व रेखांकित किया।

## एडवोकेट चेम्बर व मल्टी लेवल पार्किंग की बाधा शीघ्र दूर करें : हाई कोर्ट

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर में एडवोकेट चेम्बर व मल्टी लेवल पार्किंग की बाधा शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस सिलसिले में राज्य शासन को आगामी सुनवाई तिथि 15 जनवरी तक जानकारी प्रस्तुत करने को कहा गया है। जनहित याचिकाकर्ता हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता धन्य कुमार जैन की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि भवन का शिलान्यास चार मई, 2025 को हुआ था। हाई कोर्ट के गेट नंबर-चार के सामने करीब 117 करोड रुपये से आधुनिक लायर्स चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग बनना है। इसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति सूर्यकांत शर्मा और तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत की मौजूदगी में हुआ था।

# पिंजरे में बंद तोते को लेकर पहुंचे छात्र नेता

## रादुविवि कुलगुरु के खिलाफ प्रतीकात्मक प्रदर्शन

**जबलपुर**। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में व्याप्त प्रशासनिक निरंकुशता, शैक्षणिक अव्यवस्थाओं और छात्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया।



विश्वविद्यालय की चल रही कार्य परिषद बैठक के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पिंजरे में बंद तोते को मुक्त कर वर्तमान कुलगुरु की निरंकुश और अपारदर्शी कार्यशैली के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। यह प्रतीकात्मक कदम विश्वविद्यालय को "अयोग्य कुलगुरु के चंगुल से मुक्त कराने" के संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया।

एनएसयूआई जबलपुर के जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में छात्र और संगठन के कार्यकर्ता दोपहर लगभग 12 बजे विश्वविद्यालय के एकात्मक भवन पहुंचे, जहां उस समय कार्य परिषद की बैठक चल रही थी। आरोप है कि प्रशासन द्वारा मुख्य भवन में ताला लगाकर छात्रों और कार्यकर्ताओं को भीतर प्रवेश से रोका गया, जिसके चलते परिसर में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। छात्रों ने इसे लोकतांत्रिक आवाज़ को दबाने का प्रयास बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, नीलेश माहर, अनुज यादव, प्रतिक गौतम, सक्षम यादव, राहिल पाण्डेय,एजाज अंसारी,पुष्पेन्द्र गौतम, अदनानअंसारी,यश ,पलक ,काजल ,अयुशी, फलक सहित भारी संख्या मे छात्र छात्राए उपस्थित थे।

# सम्बर्सियल पंप चोरी के विवाद पर मारपीट

**जबलपुर**। बरगी थाना अतंर्गत ग्राम लोढी पिपरिया स्थित एक खेत में सिंचाई के लिए लगे सम्बर्सियल पंप अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। युवक ने गांव के दो लोगों से पंप के बारे में पूछा तो दोनों वाद विवाद करने लगे। युवक को दोनों बदमाशों पर शक है। चोरी गए पंप की कीमत लगभग 16 हजार रुपए बताई गई है। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लोढी पिपरिया निवासी 39 वर्षीय मनोज यादव ने अपने खेत में सिंचाई के लिये बोरिंग में दो एचपी का सम्बर्सियल पम्प लगा रखे है। गत दिवस वह सम्बर्सियल पम्प से खेत में पानी चलाकर शाम लगभग 4 बजे बंद करके घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह लगभग 10 बजे सम्बर्सियल चालू करने आया तो देखा कि बोर के अंदर सम्बर्सियल पम्प नहीं था। अज्ञात चोर उसके खेत के बोर से सम्बर्सियल पम्प चोरी कर ले गया, जिसकी कीमत लगभग 16 हजार रूपये बताई गई है। मनोज ने गांव के मोहित पटैल एवं सत्यम पटेल से सम्बर्सियल पम्प के संबंध में पूछा तो दोनों उससे वाद विवाद करने लगे। उसे शंका है कि मोहित पटैल एवं सत्यम पटेल ने उसका सम्बर्सियल पंप चोरी कर ले गये हैं। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बेलखाडू के पाँच कृषि आदान विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस

**जबलपुर**। पनागर विकासखण्ड के बेलखाडू क्षेत्र में कृषि अधिकारियों द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के दौरान बंद पाए जाने पर पाँच बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें नर्मदा कृषि केन्द्र, अल्यान कृषि केन्द्र, पूजा कृषि केन्द्र, अतुल एग्रोटेक एवं प्रगतिशील कृषि केन्द्र शामिल हैं। उप संचालक कृषि डॉ. एस. के. निगम ने बताया कि निरीक्षण की सूचना मिलते ही संबंधित प्रतिष्ठानों को संचालकों द्वारा बंद कर दिया गया, जिससे निरीक्षण संभव नहीं हो सका। निरीक्षण में सहयोग नहीं करने के कारण सभी पाँच विक्रेताओं को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उप संचालक कृषि ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की रक्षा और गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार की औचक निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

# बिना हाईपावर कमेटी की मंजूरी के नहीं कटेंगे पेड़

### टी एण्ड सी पी के संयुक्त संचालक ने उपभोक्ता मंच को दी जानकारी

**जबलपुर**। टेलीकॉम फैक्ट्री भूमि के पेड़ काटे नहीं जायेंगे, वहां पर कोई भी कमर्शियल एक्टीविटी नहीं होगी, क्योंकि यह भूमि सरकारी कार्यालय जमीन के श्रेणी में आती है। वैसे भी न्यायालय के आदेशानुसार अब हाईपावर कमेटी के अनुमति बिगर पेड़ों को काटा नहीं जायेगा। जबलपुर का मास्टर प्लान का बनना अब अंतिम स्टेज पर है। यह जानकारी टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग के संयुक्त संचालक जयवर्धन राय ने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के साथ हुई चर्चा में प्रदान की। चर्चा में उपसंचालक विपुल माहुले भी शामिल थे।

### मास्टर प्लान पर मंत्री टिप्पणी देंगे

जयवर्धन राय ने बताया कि मास्टर प्लान लगभग बन गया है, अब उस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपनी प्रतिक्रिया देंगे। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने बताया कि डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने जबलपुर मास्टर प्लान के सिलसिले में म.प्र. हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसी याचिका में टेलीकॉम फैक्ट्री के भूमि को ग्रीन बेल्ट में शामिल कर वहां के 20 हजार पेड़ बचाने की प्रार्थना की है। याचिका विचाराधीन है। चर्चा में डॉ.पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, डी.आर. लखेरा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे आदि शामिल थे।

# चाकूबाजी की वारदातों में 2 घायल

## गढ़ा और अधारताल में बदमाशों का हमला

**जबलपुर**। गढ़ा और अधारताल थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुई खदान गढ़ा निवासी 30 वर्षीय लोकेश सोलंकी गत रात लगभग 9.30 बजे पीली बिल्डिंग से पैदल अपने किराए के मकान छुई खदान जा रहा था। रास्ते में दो अज्ञात लड़के मिले और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर दोनों लड़के उसके साथ गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगे। एक लड़के ने छोटी चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। अज्ञात लड़कों की उम्र लगभग 20 से 22 वर्ष की होगी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 118(1), 119(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी तरह अधारताल कंचनपुर निवासी 36 वर्षीय शैलेंद्र सिंह ठाकुर गत रात अपने मित्र अहमदनगर कटरा निवासी मोह. फिरोज अंसारी से मिलने जा रहा था। रास्ते में अम्बेडकर जी की मूर्ति के आगे मोह. कलीम, तनवीर एवं जावेद अख्तर मिले और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौज मारपीट कर दी और जावेद अख्तर ने चाकू से हमलाकर कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कचरा फेंकने के विवाद पर भाई और बहु के साथ मारपीट

**जबलपुर**। पनागर थाना अतंर्गत पठानी मोहल्ला छोटी मस्जिद के पास गड्ढा में कचरा डालने की बात पर बड़े भाई ने अपने बच्चों के साथ मिलकर अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पठानी मोहल्ला छोटी मस्जिद के पास पनागर निवासी 60 वर्षीय गार्ड अमजद बेग के घर के सामने उसका बड़ा भाई अफजल बेग रहता है जो अपने घर के पीछे गड्ढा किया है। गत शाम लगभग 7 बजे गड्ढा में कचरा डालने की बात पर बड़ा भाई अफजल बेग अपने बेटे आजाद बेग, साबिर बेग, कलीम बेग के साथ जबरदस्ती उसके घर के अंदर आकर गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो अफजल ने उसे पकड़ लिया और आजाद बेग ने डंडा से उस पर हमला कर दिया, वहीं कलीम बेग ने उसके पटक दिया जिससे घर में रखी कोई नुकीली चीज उसके गले में लग गई। पत्नी सायरा बानो उसे बचाने लगी तो आजाद बेग ने उसके पैर पर भी डंडा से हमलाकर कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 333, 296, 118(1), 115(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 14 वर्षों से प्रतिदिन चलित प्रसादम सेवा करा रही भोजन



**जबलपुर**। आज से 14 साल पहले 4 अप्रैल 2011 हिंदू नव वर्ष पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट की योजना से हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज के सानिध्य में 200 से 300 लोगों का प्रतिदिन चलित प्रसादम सेवा के नाम से एक गाड़ी में भोजन वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। गुरुवार को बड़े फुहारा में पूरी सब्जी कड़ी चावल हलवा आचार पापड वितरित किया गया। जमुना प्रसाद अग्रवाल ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया करोना के समय प्रतिदिन 1000 लोगों को भोजन वितरित किया जाता था। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया 5322 दिनों से प्रतिदिन लगातार जारी है अभी तक 19 लाख 95 हजार 750 लोगों ने प्रसाद पाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाकौशल प्रांत के न्यास प्रमुख प्रचारक भूपेंद्र पाराशर,शरद अग्रवाल दिनेश उर्वशी, बी डी पटेल सुरेश गोयल उमेश विश्वकर्मा बाबू सिंह राज पुरोहित विनय उपाध्याय एडवोकेट विस्नु गुप्ता एडवोकेट सचिन अग्रवाल एडवोकेट आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग की बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

**जबलपुर**। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने कलेक्ट्रेट सभागृह में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने स्कूलों के परीक्षा परिणाम में सुधार, विधिवत मॉनिटरिंग, एफएलएन, छात्रों के दक्षता स्तर में सुधार, चाइल्ड ट्रैकिंग सर्वे आदि पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश देते हुए शिक्षा की गुणात्मक सुधार लाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डीपीसी योगेश शर्मा सहित समस्त बीईओ और बीआरसी उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स-डे पर 50 वरिष्ठ पेंशनर्स का हुआ सम्मान

**जबलपुर**। पेंशनर डे के उपलक्ष्य में भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिविल लाइन द्वारा जबलपुर जिले के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ पेंशनर्स का सम्मान तथा पेंशनर मीट का आयोजन बैंक के अधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमें बैंक की योजनाओं के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बैंक के सहायक महाप्रबंधक मनोज चौधरी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रथम चरण में पेंशनर डे पर स्व. डीएस नकारे की स्मृति में उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ पेंशनर का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं नूतन वर्ष 2026 की डायरी एवं कैलेंडर देकर किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त विजय आनंद कुरील एवं श्री वेदप्रकाश उपस्थित रहे, उनका भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला शाखा अध्यक्ष एचपी उरमलिया, एमएल चौकसे, विजय चौकसे, एसके पांडेय, गौरीशंकर पांडेय, एके शुक्ला,एसपी शुक्ला, बीएसपी गौर, केसी अवस्थी, श्रवण कुमार श्रोती, सीएल दोहरे, उमेश हंस, राधारमण तिवारी, डॉ. बीपी अवस्थी, जीपी सराठे सहित अन्य ने बैंक कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# नगर निगम साधारण सभा में 21 प्रस्तावों पर चर्चा



**जबलपुर**। नगर निगम की साधारण सभा की बैठक में गुरुवार को कुल 21 प्रस्ताव चर्चा के लिए प्रस्तुत किए गए। इनमें से अधिकांश प्रस्ताव नामकरण और मूर्ति स्थापना से संबंधित रहे। बैठक की कार्यवाही के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कई बिंदुओं पर सारगर्भित चर्चा हुई, वहीं कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद भी सामने आए। इसके बावजूद सदन की कार्यवाही मर्यादित और सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ती रही। बैठक की शुरुआत में अंधमूक बायपास स्कूल के प्रवेश द्वार के समीप आद्य जगतगुरु रामानंदाचार्य की मूर्ति स्थापना से जुड़ा प्रस्ताव पढ़ा गया। इस प्रस्ताव का कांग्रेस पार्षद संतोष दुबे ने समर्थन किया, लेकिन उन्होंने इसके साथ एक अहम चिंता भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अक्सर मूर्ति स्थापना के बाद उनके संरक्षण, साफ-सफाई और सम्मानजनक रखरखाव की अनदेखी की जाती है। ऐसे में संतों और महापुरुषों की मूर्तियां चौराहों या सार्वजनिक मार्गों के बजाय मंदिर परिसरों में स्थापित की जानी चाहिए, जिससे उनकी गरिमा और पवित्रता बनी रहे।

इस पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने सदन को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि संतों और महापुरुषों की मूर्ति स्थापना में सभी नियमों, परंपराओं और मर्यादाओं का पूरी तरह पालन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आद्य जगतगुरु रामानंदाचार्य की प्रस्तावित मूर्ति स्थापना के बाद संबंधित स्थल की देखरेख और जिम्मेदारी उनके शिष्य मंडल द्वारा निभाई जाएगी। महापौर ने यह भी दो टूक कहा कि उनके कार्यकाल में किसी भी प्रतिमा को चौराहे या तिराहे पर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सदन में नहीं लाया गया है।

## मूर्ति स्थापना से लेकर पर्यावरण के मुद्दे गूंजे

### पर्यावरण पर चिंता, विरोधाभास पर सवाल

बैठक के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने प्रस्ताव क्रमांक-6 आत्मनिर्भर भारत संकल्प का समर्थन करते हुए इस अवधारणा की वैचारिक पृष्ठभूमि पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता, स्वदेशी अपनाने की सोच और महात्मा गांधी के विचार कांग्रेस की विरासत रहे हैं। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक ओर पर्यावरण बचाने की बातें की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर सिंगरौली सहित प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई की जा रही है, जो गंभीर और चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है।



### निगमायुक्त की मौजूदगी से अधिकारी रहे सतर्क

साधारण सभा की बैठक में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार स्वयं उपस्थित रहे। उनके साथ सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी और संबंधित कर्मचारी भी समय से सदन में पहुंचे। निगमायुक्त की मौजूदगी के चलते अधिकारियों में अतिरिक्त सतर्कता और तैयारी देखने को मिली। प्रत्येक विभाग के अधिकारी अपने-अपने प्रस्तावों और विषयों पर पूरी जानकारी के साथ सदन में उपस्थित रहे, जिससे चर्चा के दौरान जवाबदेही और स्पष्टता बनी रही।

### दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि

बैठक की शुरुआत में सदन ने विभिन्न प्रमुख व्यक्तित्वों के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसमें राम मंदिर आंदोलन के सूत्रधार एवं पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती, अभिनेता धर्मेंद्र, पार्षद अनीता जाट के पति सहित अन्य दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सदन में कुछ क्षण का मौन रखकर दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।कुल मिलाकर लम्बे समय के बाद नगर निगम की साधारण सभा की बैठक बिना किसी बड़े हंगामे के चली और जिस विषयों को चर्चा के लाया गया उन्हीं पर बैठक केन्द्रित रही।

# 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की भव्य मंगल कलश यात्रा आज

### आयोजित होंगे सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन

**जबलपुर**। नारी सशक्तिकरण वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जबलपुर में आयोजित हो रहे 251 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ की श्रृंखला में शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025 को भव्य मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह कलश यात्रा दोपहर 12 बजे एसएफआरआई ग्राउंड, पोलीपाथर से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माताएं-बहनें एवं साधक पारंपरिक वेशभूषा में मंगल कलश धारण कर सहभागिता करेंगे।

कलश यात्रा के माध्यम से यज्ञीय वातावरण निर्माण, शांति, सद्भाव एवं सकारात्मक ऊर्जा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। आयोजन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है तथा आयोजक संस्था अखिल विश्व गायत्री परिवार, जबलपुर द्वारा यात्रा की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

इसी दिन सायंकाल 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक "लोकरंजन से लोकमंगल" की भावना को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक संदेशों से ओतप्रोत लोकगीत, भजन, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया जाएगा। आयोजकों ने शहरवासियों से मंगल कलश यात्रा एवं सांस्कृतिक संध्या में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यज्ञीय चेतना से जुड़ने एवं सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की अपील की है।



# नेशनल जूनियर कबड्डी कैंप चलेगा एमएलबी स्कूल में 22 तक

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कबड्डी ऐसोसिएशन के मार्गदर्शन एवं जबलपुर अकेडमी कबड्डी के संयोजन से नेशनल जूनियर कबड्डी कैंप एमएलबी स्कूल में आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्घाटन राम सोनकर पार्षद एमआई सदस्य, देवी पहलवान, आशीष यादव, मनीष रजक, जगदीश खलीफा, पुष्पा रघुवंशी, अनिल विश्वकर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मध्य प्रदेश के चयनित खिलाड़ी नीरज सिंह, NIS कोच चंदा सोनी, मंजीत समाल के कुशल मार्ग निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, कैंप 17 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। सभी चयनित खिलाड़ी 25 से 28 दिसम्बर तक कलकत्ता में होने वाले नेशनल कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लेंगे। अनिल सैनी, अंजना ठाकुर, ताशु ठाकुर, मानसी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विवेक राम सोनकर द्वारा सभी खिलाडियों को शुभकामनायें दी गई।

# कॉलेज चलो अभियान : सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों को दी गई कॉलेज प्रवेश की प्रक्रिया और पाठ्यक्रम में हुये बदलाव की जानकारी



**जबलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार चलाये जा रहे कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय मझौली के शिक्षकों ने गत दिवस सांदीपनि विद्यालय मझौली में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया एवं विषय के चयन से सबंधित जानकारी दी गई। शासकीय महाविद्यालय मझौली के प्राचार्य डॉ भजनलाल परधान के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुये इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभारी निलेश कुमार तेली ने पाठ्यक्रमों में हुये बदलावों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। दीपक मेहरा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, डॉ सोनिका धनधारिया ने महाविद्यालय में होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों तथा डॉ रितेश चावड़ा ने कॅरियर अवसरों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर सांदीपनी शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, मझौली की प्राचार्य श्रीमती संगीता राय, सभी शिक्षक एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक ललित परस्ते भी मौजूद थे।

## उद्यम संस्कार शिविरों के आयोजन को लेकर प्रशिक्षण संपन्न

**जबलपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में उद्यमिता का विकास करने तथा स्वरोजगार योजनाओं की सहायता से स्वयं की इकाई अथवा व्यवसाय स्थापित करने के लिये प्रेरित करने जिले में बुधवार 24 दिसम्बर से उद्यम संस्कार शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उद्यम संस्कार शिविर प्रत्येक बुधवार को सभी विकासखंडों में दो-दो क्लस्टर में लगाये जायेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में आज गुरुवार को जिला पंचायत सभा गृह में उद्यम संस्कार शिविरों के आयोजन के सम्बंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उद्यम संस्कार शिविरों में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को विशेषज्ञों द्वारा सेक्टर के चयन से लेकर बाजार की संभावनाओं, मांग, उत्पादों की पैकेजिंग एवं मार्केटिंग पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा तथा स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन फार्म भरवाए जाएंगे।



# सेंट अलॉयसियस कॉलेज के छात्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**जबलपुर।** नेशनल एजुकेशन यूथ यूनियन जिला जबलपुर द्वारा जारी विज्ञप्ति में सेंट अलॉयसियस कॉलेज, गौर, जबलपुर में अध्ययनरत छात्रों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव का सामना करने की बात कही गई है। संगठन के अनुसार कॉलेज शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है, बावजूद इसके परिसर तक पक्की सड़क का अभाव बना हुआ है, जिससे छात्रों की सुरक्षा पर असर पड़ रहा है। विज्ञप्ति में मेस के भोजन की खराब गुणवत्ता, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था न होना, वाटर कूलर की साफ-सफाई का अभाव, बस अथवा परिवहन सुविधा की कमी, कक्षाओं में एसी की व्यवस्था न होना तथा कॉलेज की वेबसाइट पर आवश्यक जानकारियों के अभाव को भी छात्रों के हितों के विपरीत बताया गया है। नेशनल एजुकेशन यूथ यूनियन ने कॉलेज प्रशासन से मांग की है कि कैंपस में पक्की सड़क निर्माण सहित सभी मूलभूत सुविधाओं पर शीघ्र एवं समयबद्ध कार्रवाई की जाए, अन्यथा संगठन छात्रों के साथ मिलकर यह मुद्दा उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा सहित अविनाश गोस्वामी, आयुष राजपूत, धीरज शर्मा, आदित्य साहू, सुमित शर्मा, यशराज मौर्या, अनिकेत रजक, करण तिवारी, विपिन विश्वकर्मा, अश्विनी गुप्ता, रचित नामदेव, हर्ष शुक्ला, मनीष प्रजापति, अंकित सैनी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कैट प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा के 70 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विशेष सत्र में भाग लिया



**जबलपुर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, भोपाल अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र पचौरी, यूथ विंग प्रदेश प्रभारी आकाश जैन, महिला विंग की सीमा सिंह चौहान, जबलपुर जिलाध्यक्ष राजीव बड़ेरिया एवं विकास गुप्ता ने मध्यप्रदेश विधानसभा के 70 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विशेष सत्र का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को लेकर राज्य सरकार की योजनाओं और भावी दृष्टिकोण की जानकारी प्राप्त की। कैट प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की और उनके सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी। मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के विशेष आमंत्रण पर प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा की दर्शक दीर्घा में जाकर सम्पूर्ण कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा के 70 वर्षों के इतिहास में अब तक केवल चार बार ही विशेष सत्र आयोजित किए गए हैं। इस सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और 2047 में विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को प्रस्तुत किया।

# मुंबई के अन्नपूर्णा अंतर्राष्ट्रीय फूड फेयर में रही मावे सदस्यों की प्रभावशाली भागीदारी



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग के सहयोग से MAWEITES की तीन इकाइयों ने 11 से 13 दिसंबर 2025 तक मुंबई में आयोजित अन्नपूर्णा अंतर्राष्ट्रीय फूड फेयर में सहभागिता की। इस दौरान इकाइयों को निःशुल्क स्टॉल के साथ संपूर्ण परिवहन एवं प्रबंधन सहयोग प्रदान किया गया, जो महिला उद्यमिता के लिए गर्व का क्षण रहा। प्रदर्शनी में तुरंत पकाने योग्य करी, उच्च गुणवत्ता वाले मसाले, जैविक मोटे अनाज (मिलेट्स), बेकरी उत्पाद एवं भारतीय मिठाइयों ने विशेष आकर्षण बनाया। फूड फेयर में सहभागिता से मावे सदस्यों को संयुक्त अरब अमीरात, केन्या, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, युगांडा सहित कई देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक अवसर प्राप्त हुए तथा फूड सेफ्टी से जुड़े नियमों की जानकारी मिली। फूड फेयर के दौरान आयोजित सेमिनारों में फूड सेक्टर के बड़े प्रोक्योरमेंट मैनेजर्स से संवाद हुआ। डॉ. अर्चना भटनागर द्वारा मावे सदस्यों को प्रमुख होटल, रेस्टोरेंट और फूड इंडस्ट्री प्रतिनिधियों से जोड़ा गया, जिससे फाइव स्टार होटलों में सप्लाई एवं निर्यात की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। इस आयोजन में मावे सदस्यों को अच्छे ऑर्डर मिले और मजबूत व्यापारिक नेटवर्क स्थापित हुआ, जिससे सहभागिता को अत्यंत सफल बताया गया।

# करमेता में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**जबलपुर।** डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं अपोलो हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में करमेता क्षेत्र में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों एवं विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी पराजये तथा विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी वीरेन्द्र चौबे, न्यू आकांक्षा शिक्षा समिति के अध्यक्ष शिव कुमार चौबे, श्रीमती कृष्णा चौबे, महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अभिषेक चौबे एवं प्रो. डॉ. भावना सोनेजी उपस्थित रहीं। अपोलो हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगाए गए इस शिविर में करमेता क्षेत्र के लगभग 250 स्थानीय नागरिकों, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं करीब 300 विद्यार्थियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ लिया। शिविर में विभिन्न रोगों की जांच के साथ स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किए गए। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल के डॉ. अशरार, डॉ. अर्चित जैन, मैनेजर सारिका राय सहित महाविद्यालय के डॉ. समता तिवारी, डॉ. सुधा पासी, डॉ. वंदना शुक्ला, सीमा तिवारी, भारती चंद्रोल, निरुपमा नायक, मालती पांड्या, आरती श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षकगण की सक्रिय सहभागिता रही। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की आवश्यकता बताई।

# जनेकृविवि में डी.एन.ए. की खोज विषय पर व्याख्यान आयोजित




**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग द्वारा डी.एन.ए. की खोज के जनक स्व. डॉ. जेम्स डी. वाटसन को श्रद्धांजलि स्वरूप एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. धीरेन्द्र खरे ने विद्यार्थियों को महान वैज्ञानिकों के जीवन एवं उनके योगदान का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के वैज्ञानिक व्याख्यान आयोजित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। व्याख्यान के दौरान स्व. डॉ. जेम्स डी. वाटसन द्वारा किए गए वैज्ञानिक योगदान एवं उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण विभाग की पीएचडी छात्रा कु. सौम्या पटेल द्वारा पावर प्वाइंट के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव सहित संकाय सदस्य एवं वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. योगेन्द्र सिंह, डॉ. कंचन भान, डॉ. आर. पी. साहू, डॉ. पवन अमृते, डॉ. प्रतिक कुमार, डॉ. अमित कुमार तथा विभाग में अध्ययनरत एमएससी एवं पीएचडी के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत वानिकी विभाग द्वारा आयोजित 7 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का विषय "वृक्ष प्रजातियों की नर्सरी प्रबंधन पद्धतियां एवं सतत कृषि वानिकी हेतु वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन तकनीक" रहा। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. एस. बी. अग्रवाल ने की। डॉ. एस. बी. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में मृदा स्वास्थ्य सुधार, उत्पादन लागत में कमी एवं टिकाऊ कृषि उत्पादन में वर्मी कम्पोस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतु एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. जयंत भट्ट के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. यशपाल सिंह (प्रशिक्षण समन्वयक), डॉ. पंकज कुमार साहू एवं डॉ. पंकज कोस्ती (गृह विज्ञान महाविद्यालय) सहित डॉ. अजय के. शाह, डॉ. मनोज पाठक, डॉ. कैलाश कुमार, श्री राजेंद्र डोंगरे, श्रीमती पूर्णिमा मालवीय एवं श्री उमेश सिंह की विशेष उपस्थिति एवं योगदान रहा।

# भाजपा नगर कार्यकारिणी में सुदर्शन समाज की उपेक्षा का लगाया आरोप



**जबलपुर।** जबलपुर नगर भाजपा संगठन की मेन बॉडी में की गई नियुक्तियों में सुदर्शन समाज के किसी भी युवा कार्यकर्ता को पद न मिलने पर समाज में आक्रोश व्याप्त है। समाज के लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, पूर्व में भी नगर संगठन द्वारा सुदर्शन समाज के समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जाती रही है। सुदर्शन समाज के नेताओं ने बताया कि समाज के युवाओं ने लोकसभा, विधानसभा, नगर निगम चुनाव सहित पार्टी के कार्यक्रमों, आंदोलनों और आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाई है और संगठन के लिए लगातार जनसमर्थन जुटाया है। इसके बावजूद वर्तमान नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के नेतृत्व में गठित कार्यकारिणी में समाज के किसी भी कार्यकर्ता को स्थान नहीं दिया गया, जिससे समाज की आशाओं और अपेक्षाओं को ठेस पहुंची है।समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि भाजपा का नारा "सबका साथ, सबका विकास" समान अधिकार और सम्मान की बात करता है, लेकिन नगर संगठन में सुदर्शन समाज स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहा है। इस निर्णय की सुदर्शन समाज ने कड़ी निंदा की है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चौहटेल, जिला अध्यक्ष अशोक कटारे, प्रसादी लाल बिरहा, पप्पू ग्रान्या, हरीराम बिरहा, धर्मदास छिपेलकर, अशोक चोहटेल, गिरानीलाल, जितेन्द्र पसेरिया, बबलू लालपुरी, अजय पप्पू अर्खेल, रामकिशन, नेकराम मतेल, सूरज समुन्द्रे, दर्शन कुंडे, टेकचंद अधिकार, अजय अधिकार सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीमा संशोधन बिल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन



**जबलपुर।** सरकार द्वारा बीमा संशोधन बिल के माध्यम से बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा को 74% से बढ़ाकर 100% करने, बीमा अधिनियम 1938 व LIC एक्ट 1956 में संशोधन कर इन्हें कमजोर किए जाने के खिलाफ जबलपुर डिव्हीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन एवं प्रथम श्रेणी अधिकारी फेडरेशन ने संयुक्त रूप से द्वार प्रदर्शन कर व्यापक विरोध जाहिर किया। इस अवसर पर काम. जे.डी. यादव,काम. विवेकशील हरदहा, काम. आरती वर्मा, काम. जी.पी. तिवारी एवं बड़ी तादाद में पेंशनर साथी उपस्थित रहे। जबलपुर मण्डल की सभी शाखाओं में भी यह विरोध प्रदर्शन व्यापक स्तर पर किया गया।

# यूनियन बैंक और वेस्ट सेंट्रल रेल्वे के बीच एम.ओ.यू. पर हुए हस्ताक्षर



**जबलपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर और वेस्ट सेंट्रल रेल्वे, मण्डल कार्यालय जबलपुर के बीच कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सैलरी खाते खोलने हेतु एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए गए। इस करार के तहत यूनियन बैंक अपने सैलरी खाता स्कीम के अंतर्गत कर्मचारियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यूनियन बैंक के क्षेत्र प्रमुख समीर कुमार ने बताया कि बैंक वेस्ट सेंट्रल रेल्वे के कर्मचारियों को बिना शुल्क, डिजिटल उत्पादों से लैस कॉर्पोरेट सैलरी खाता प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त ऋण खातों पर ब्याज में छूट, लॉकर किराए में छूट, रूपये सिलेक्ट डेबिट कार्ड (टॉप वेरियंट), मेडिकल एवं दुर्घटना बीमा, टर्म लाइफ बीमा तथा ओवरड्राफ्ट (**OD**) जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

## निधन

**श्रीमती नीलम भाटिया-** शारदा टाकीज के पास गोरखपुर निवासी श्री सुरेंद्र भाटिया की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम भाटिया (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**सुश्री राखी सिंह-** मदर टेरसो नगर ग्रीन सिटी निवासी श्री एसपी सिंह की पुत्री सुश्री राखी सिंह (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जनरैल सिंह सैनी-** हाथीताल गुरूद्वारा कम्पाउंड निवासी श्री जनरैल सिंह सैनी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती द्रोपती विश्वकर्मा-** जसूजा सिटी फेस 3 निवासी श्री छब्बी लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती विश्वकर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्जन लाल कोष्टा-** निमित्त नगर जैन मंदिर के पास निवासी श्री दुर्जन लाल कोष्टा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राधेश्याम पटेल-** आनमपुर मदनमहल निवासी श्री राधेश्याम पटेल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बालक राम दुबे-** पूर्वी करियापाथर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री बालक राम दुबे (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र प्रसाद वर्मा-** शास्त्री नगर मेडिकल निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद वर्मा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. नैन्सी भूलन-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री संतोष भूलन की पुत्री कु. नैन्सी भूलन (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दुधिया बाई-** वाजपेयी कम्पाउंड सदर निवासी श्री भैया लाल की धर्मपत्नी श्रीमती दुधिया बाई (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती डोभा बरढे-** समदड़िया ग्रीन सिटी निवासी श्री मारूत राव वरढे की धर्मपत्नी श्रीमती डोभा वरढे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री योगेश्वर कुमार श्रीवास्तव-** विवेक कॉलोनी अधारताल निवासी श्री योगेश्वर कुमार श्रीवास्तव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीवन लाल चौधरी-** रामहरख का बगीचा शीतलामाई के पास निवासी श्री जीवन लाल चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता तिवारी-** न्यू रामनगर रामपुर निवासी श्री राजेश प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद सिंह मरावी-** समीक्षा टाउन कांचघर निवासी श्री गोविंद सिंह मरावी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रविकांत रजक-** हनुमानताल जैन धर्मशाला के पास निवासी श्री रविकांत रजक (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा बाई-** संजय गांधी नगर टीवी टावर के पास कटंगा निवासी श्री जगदीश की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मंजू घोष-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री केके घोष की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू घोष (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती केसर बाई लोधी-** बृजमोहन नगर मांडवा रामपुर निवासी श्री पंचम लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती केसर बाई लोधी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कृष्णकांत कनौजिया-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री कृष्णकांत कनौजिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज़:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डबल साइज़:- 10x8 से.मी. रंगीन 900/-
ट्रिपल साइज़ 10x12 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

# बोरी बंधान से जल संरक्षण का दिया संदेश, "जल है तो कल है" की पहल



**पनागर।** जल संरक्षण को लेकर जनजागृति फैलाने के उद्देश्य से काशी ग्राम विकास समिति, महगवां द्वारा ग्राम पंचायत महगवां स्थित नदी के मोघा घाट पर बोरी बंधान का कार्य किया गया। यह कार्यक्रम जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री घनश्याम रायपुरिया एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती तृप्ति मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा समिति अध्यक्ष श्री सुनील यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बोरी बंधान का उद्देश्य नदी–नालों में बहते जल की गति को नियंत्रित कर जल को अधिक समय तक रोकना, भूजल स्तर में वृद्धि करना और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराना है। इससे खेतों में नमी बनी रहेगी और फसलों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में परामर्शदाता नीरज दुबे, समाजसेवी मोहित तिवारी सहित अखिलेश कुशवाहा, अंकित पटेल, कृष्णा पटेल, शिवम पटेल, उमेश यादव, सुलभ दुबे, राकेश कुशवाहा, करण यादव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई। नदी किनारे रेत, मिट्टी और पत्थरों से भरी बोरियों को व्यवस्थित रूप से लगाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। यह पहल "जल है तो कल है" की सोच को साकार करने का प्रेरक उदाहरण बनी।

## पाटन विकासखंड में जल संचय व समरसता का संदेश



**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे जल संचय अभियान के तहत पाटन विकासखंड के ग्राम डूडी सेक्टर पाटन में जल स्रोत पर बोरी बंधान कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन तक जल के महत्व और जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश पहुंचाना रहा। विकासखंड समन्वयक अधिकारी श्रीमती नूपुर खरे ने जल संचय अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि जल संचय से ही जन कल्याण संभव है। कार्यक्रम में स्वर्गीय शंकर सिंह जनकल्याण संस्था के अध्यक्ष ठाकुर रामनारायण सिंह ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अवधारणा और समरसता भोज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समरसता से ही अखंड एवं सशक्त भारत का निर्माण हो सकता है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच अर्जुन सिंह सहित वीरेंद्र सिंह, राम राजा यादव, कामता प्रसाद सेन, यशवंत सेन, कमल झरिया, पवन बर्मन, प्रियंका जैन, जितेंद्र राठौर, विक्रम राठौर, मोनिका सिंह, मेंटर्स, ग्राम समिति सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै अपने पक्षकार श्री संजय यादव पिता श्री राजकुमार यादव निवासी- 774 विजय नगर, भारतीय स्टेट बैंक कार्यालय के पास, जबलपुर म.प्र. द्वारा अधिकृत होकर एवं निर्देशानुसार आमजनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार की सम्पति आवासीय उपयोग की एक मंजिला जायदाद मौजा कछ्पुरा प ह.नं. 07, रा.नि.मं. जबलपुर-1, पुराना गढ़ा वार्ड, वर्तमान में नया कमला नेहरू नगर वार्ड, (गणेश नगर ) तह. जबलपुर वर्तमन में आधारताल, जबलपुर म.प्र. में स्थित डायवर्शन एवं पाँचसाला खसरा नंबर 204/7 रकवा 1983 वर्गफुट एवं खसरा नंबर 204 / 3 एवं 204/6 का सम्पूर्ण रकवा 0.0140 हेक्टेयर भूमि में से विकय रकवा 617 वर्गफुट इस प्रकार सभी खसरों में से कुल रकवा 2600 वर्गफुट व उस पर बने एक मंजिल पर 1600 वर्गफुट पर आर.सी.सी. का निर्माण है शेष हिस्सा खुला हुआ है का विक्रय अनुबंध श्रीमति रिया जैन पति श्री रत्नेश कुमार जैन निवासी कंचन विहार, जैन मंदिर के पास, गली नं.02 दादा ठनठनपाल वार्ड, तह. आधारताल, जबलपुर म.प्र. के साथ किया गया था जिसकी समय सीमा समाप्त हो चुकी है तथा मेरे पक्षकार द्वारा एक रजिस्टर्ड नोटिस भी भेजा गया था उसकी भी समय सीमा समाप्त हो चुकी है और यह अनुबंध पत्र स्वमेव निरस्त हो गया है। अब मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने के लिए स्वतंत्र रहेगा । अतएव उपरोक्त सम्पत्ति के बावत कोई पारिवारिक दावा, व्यक्ति, फर्म, वित्तीय संस्था शासकीय या अर्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेजों के सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिनों के अंदर मेरे कार्यालय कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि के उपरांत कोई दावा, आपत्ति मान्य नहीं होगी।

स्थान- जबलपुर
दिनांक- 18.12.2025

भवदीय
पुरुषोत्तमदास तोमर (अधिवक्ता)
म.प्र.हाईकोर्ट जबलपुर
कार्यालय-1031, शाही तालाब के सामने, संजीवनी नगर, गढ़ा, जबलपुर
मो. 9329678282

# ईंधन दक्षता मानकों से छूट देने का टाटा मोटर्स ने किया विरोध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अग्रणी वाहन निर्माता टाटा मोटर्स ने छोटी पेट्रोल कारों को कड़े कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (कैफे) मानकों से छूट देने का विरोध करते हुए कहा है कि इससे देश में टिकाऊ एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकी पर आधारित मॉडल, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का विस्तार प्रभावित होगा।

टाटा समूह की कंपनी ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भेजे पत्र में कहा है कि भविष्य की प्रौद्योगिकियों में नवाचार और सीधे उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाने की क्षमता अब भारत में दिखने लगी है और यात्री कारों में ईवी की हिस्सेदारी करीब पांच प्रतिशत तक पहुंच गई है।

**छोटी पेट्रोल कारों को कैफे मानकों से छूट देने का विरोध, इन मानकों से इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार प्रभावित होगा**

### आकार या वजन के आधार पर श्रेणी न बनाए

कंपनी ने सरकार से अपील की है कि कैफे मानकों के तहत रियायत देने के उद्देश्य से आकार या वजन के आधार पर कारों की कोई विशेष श्रेणी न बनाई जाए। सरकार ने अप्रैल 2027 से मार्च 2032 के बीच यात्री वाहनों की ईंधन खपत और कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए कैफे मानदंडों के मसौदा नियम जारी किए हैं।




*ईवी जैसे विकल्प अपनाने की जरूरत : प्रस्तावित ढांचा कंपनियों के लिए सख्त समग्र लक्ष्य तय करता है, जबकि छोटी पेट्रोल कारों को कुछ राहत देने का प्रावधान भी करता है। टाटा मोटर्स ने कहा कि वाहन की किसी विशेष उप-श्रेणी को मानकों से छूट देने से ईवी जैसे विकल्प अपनाने की जरूरत कम हो जाती है।*

### वाहन सुरक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति पर पड़ेगा असर

टाटा मोटर्स ने इस बात को लेकर आगाह किया कि वाहन के वजन के आधार पर छूट देने से वाहन कंपनियां आवश्यक सुरक्षा सुविधाओं की कीमत पर वजन कम करने के लिए प्रोत्साहित हो सकती हैं। इससे पिछले कुछ वर्षों में वाहन सुरक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति पर असर पड़ सकता है।

### टिकाऊ प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर

कंपनी ने इस पत्र में कहा, "हम यह कहना चाहते हैं कि 909 किलोग्राम तक वजन वाली, 1200 सीसी से कम इंजन क्षमता और 4,000 मिलीमीटर से कम लंबाई वाली पेट्रोल कारों को इन मानकों से छूट देने का प्रावधान, टिकाऊ प्रौद्योगिकी अपनाने पर फोकस को कमजोर कर सकता है।"

### कैफे मानक ईंधन दक्षता नियंत्रित करने के लिए

कैफे मानक एक वाहन कंपनी के सभी मॉडल की औसत ईंधन दक्षता और कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए तय किए जाते हैं। इनका उद्देश्य वाहन कंपनियों को इलेक्ट्रिक और अन्य स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## खबर संक्षेप

### लैपटॉप आयात मंजूरी के लिए 22 से आवेदन शुरू



**नई दिल्ली।** सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट एवं पर्सनल कंप्यूटर जैसे आईटी हार्डवेयर के आयात को नियंत्रित करने के लिए नयी आयात प्रबंधन व्यवस्था लागू कर दी है। डीजीएफटी ने एक परिपत्र में कहा कि आयातक 22 दिसंबर 2025 से 15 दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आईटी हार्डवेयर के आयात के लिए अनुमति ले सकेंगे।

### आईसीआईसीआई बैंक को मिली जीएसटी मांग को लेकर नोटिस




**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक को आयकर विभाग ने कथित रूप से कम जीएसटी भुगतान को लेकर 238 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है। बैंक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसे महाराष्ट्र जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 73 के तहत संबंधित प्राधिकरण से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें कुल 237,90,04,448 रुपये की जीएसटी मांग की गई है।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर जनवरी से बढ़ाएगी कीमत

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कच्चे माल की लागत के असर की भरपाई के लिए जनवरी से अपने वाहनों की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। बढ़ोतरी अलग-अलग होगी।

### एनटीपीसी ने जोड़ी 360 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी ने गुजरात और राजस्थान में अपनी अनुषंगी कंपनियों की विभिन्न सौर परियोजनाओं में से 359.58 मेगावाट की वाणिज्यिक क्षमता जोड़े जाने की घोषणा की। इसके साथ समूह की कुल स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता 85,540 मेगावाट पहुंच गई है।

### आईटीसी की बंगाल में तीन होटल खोलने की योजना




**कोलकाता।** आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल में कंपनी के होटल क्षेत्र का विस्तार करने की योजना की घोषणा की। पांच होटलों के अलावा तीन नए होटल खोले जाएंगे। आईटीसी दार्जिलिंग, कुर्सियांग और सुंदरबन में तीन होटल परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में है।

### रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 90.26 प्रति डॉलर पर बंद



**नई दिल्ली।** रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे मजबूत होकर 90.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप से विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती के बावजूद घरेलू मुद्रा को बढ़त में रहा। कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट क्रूड की कीमत 59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी रहने से घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि, डॉलर सूचकांक में सुधार और घरेलू बाजारों की कमजोरी ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया।

## बीसीजीएक्स और फिक्की की जारी रिपोर्ट में कहा गया

# एमएसएमई में एआई से 500 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित होने का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के 6.4 करोड़ सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में केवल कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने से ही 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित हो सकता है। हालांकि, इस क्षमता को साकार करने के लिए देश को ''पहले अपनाओ'' की मानसिकता से हटकर ''पहले आविष्कार करो'' की सोच अपनानी होगी। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

'इंडिया ट्रिपल एआई इम्पेरेटिवः सक्सीडिंग विद एआई इन इंडिया' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजीएक्स) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि भले ही भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एआई बाजारों में से एक है लेकिन गहन नवाचार एवं वास्तविक मूल्य प्राप्ति के मामले में अब भी बड़ी खामियां मौजूद हैं।

**भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई एआई अपनाने से सृजित होगी 500 अरब डॉलर** → **क्षमता को साकार करने पहले अपनाओ की मानसिकता से हटना होगा** → **एमएसएमई को पहले आविष्कार करो की मानसिकता अपना होगा**

### 25 फीसदी अधिकारी ही एआई से वास्तविक मूल्य पा रहे

*इसमें कहा गया कि कंपनियों की ओर से एक आम गलती यह है कि वे एआई को केवल सूक्ष्म समस्याओं के समाधान तक सीमित रखते हैं, बजाय इसके कि वे कार्यात्मक रूपांतरण की ओर बढ़ें। फिलहाल केवल 25 प्रतिशत अधिकारी ही एआई से ''वास्तविक मूल्य'' प्राप्त कर पा रहे हैं।*

### एआई में अवसर बड़े पैमाने में नहीं

*अध्ययन में केवल छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी को लागू करने के बजाय ''एआई-प्रथम'' व्यवसायों के निर्माण की दिशा में बदलाव का आग्रह किया गया है। फिक्की की महानिदेशक ज्योति विज ने कहा, भारत के लिए एआई में अवसर केवल बड़े पैमाने में नहीं बल्कि समावेश में निहित है।*




### एआई के लिए तैयारियों में भारत चौथे स्थान पर

यह भी सामने आया कि डिजिटल अवसंरचना की कमी, जागरूकता का अभाव और कुशल प्रतिभाओं तक सीमित पहुंच जैसी बाधाएं इस क्षेत्र में अब भी बनी हुई हैं। इसमें कहा गया कि एआई के लिए तैयारियों के मामले में भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष चार में आता है, लेकिन वैश्विक एआई पेटेंट में उसका योगदान फिलहाल एक प्रतिशत से भी कम है।

*परिचालन मॉडल में बदलाव का अनुमान : बीसीजी के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ भागीदार निपुण कालरा ने कहा, '' वास्तविक मूल्य एआई-प्रथम व्यवसायों के निर्माण, गहन नवाचार को बढ़ावा देने और समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने से ही आएगा।*

### गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित हो सकता है

*एमएसएमई, स्टार्टअप और क्षेत्रीय परिवेश में एआई अपनाने को समर्थन देकर देश उत्पादकता बढ़ा सकता है, गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित कर सकता है और दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक मजबूती को बढ़ावा दे सकता है। रिपोर्ट में रुचि और निवेश के बीच अंतर का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि करीब 44 प्रतिशत अधिकारी अब भी अपने प्रौद्योगिकी बजट का 10 प्रतिशत से कम एआई में निवेश करते हैं।*

### भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई में अप्रयुक्त अवसर

*बीसीजीएक्स, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की प्रौद्योगिकी निर्माण, डिजाइन एवं नवाचार इकाई है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई में कई अप्रयुक्त अवसर मौजूद हैं। इस क्षेत्र में एआई अपनाने से उत्पादकता में वृद्धि, लागत में कमी और ऋण तक बेहतर पहुंच के माध्यम से 500 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित हो सकता है।''*

# चांदी 1,800 रुपए चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- चांदी उछलकर 2 .07 लाख रुपए प्रति किलो
- सोना 1,36,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर स्थिर

चांदी बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 1,800 रुपये उछलकर 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसका कारण कारोबारियों की निरंतर खरीदारी है।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। चांदी बुधवार को 7,300 रुपये उछलकर पहली बार दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम को पार कर 2,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस वृद्धि के साथ, चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को दर्ज की गई 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,17,100 रुपये किलो यानी 129.4 प्रतिशत बढ़ चुकी है। सराफा संघ के अनुसार, स्थानीय सराफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 13.16 डॉलर यानी 0.31 प्रतिशत घटकर 4,325.02 डॉलर प्रति औंस रह गया। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा, ''सोना बृहस्पतिवार को लगभग 4,330 डॉलर प्रति औंस तक गिर गया, लेकिन अक्टूबर में पहुंचे रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब बना रहा।

*बेरोजगारी दर चार साल के उच्च स्तर पर : इसमें बेरोजगारी दर चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई और नवंबर में नौकरियों में वृद्धि अक्टूबर में देखी गई नरमी की भरपाई करने में विफल रही। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 0.25 प्रतिशत घटकर 66.04 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

### चांदी सालाना आधार पर 130 प्रतिशत चढ़ी

मौजूदा वर्ष में, चांदी की कीमतें दो जनवरी, 2025 को दर्ज किए गए 29.56 डॉलर प्रति औंस से 37.32 डॉलर यानी 126.3 प्रतिशत बढ़ी हैं। रिलायंस सिक्योरिटीज के जिगर त्रिवेदी ने कहा, ''इस साल चांदी सालाना आधार पर लगभग 130 प्रतिशत चढ़ी है। उसे कम होते भंडार और मजबूत खुदरा और औद्योगिक मांग, खासकर तेजी से बढ़ते सौर, इलेक्ट्रिक वाहन और डेटा सेंटर सेक्टर से भी समर्थन मिला है।''

# कैटरटन ने हल्दीराम के साथ साझेदारी की




- कंपनी में हासिल की हिस्सेदारी
- मूल्यांकन का कोई विवरण साझा नहीं किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रमुख वैश्विक उपभोक्ता-केंद्रित निवेश कंपनी एल कैटरटन ने हल्दीराम के साथ रणनीतिक साझेदारी की है और देश के प्रमुख 'स्नैक्स' एवं खाद्य ब्रांड में हिस्सेदारी हासिल की है।

एल कैटरटन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि निवेश या मूल्यांकन का कोई विवरण साझा नहीं किया। कंपनी ने कहा, 'उसने हल्दीराम के साथ रणनीतिक साझेदारी की है और इसमें निवेश किया है। इस सहयोग का उद्देश्य हल्दीराम की देश के भीतर बाजार में अग्रणी स्थिति को मजबूत करना और मजबूत आधारभूत संरचना, ब्रांड प्रतिष्ठा एवं वृद्धि क्षमता के आधार पर इसके अंतरराष्ट्रीय विस्तार को तेज करना है।'

इस साल की शुरुआत में, भारत की सबसे बड़ी 'पैकेज्ड' नाश्ते एवं मिठाई बनाने वाली कंपनी ने तीन रणनीतिक निवेशकों सिंगापुर स्थित वैश्विक निवेश कंपनी टेमासेक, अल्फा वेव ग्लोबल और इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (आईएचसी) को हिस्सेदारी बेची थी। उस समय भी सौदे का विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया था, लेकिन उद्योग जगत के सूत्रों का कहना था कि यह 10 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 85,000 करोड़ रुपये) के मूल्यांकन पर किया गया।

### उत्पाद 80 से अधिक देशों में बेचे जाते हैं

मेहता ने कहा, /"हमें हल्दीराम का समर्थन करने और भारत के विकसित एवं फलते-फूलते उपभोक्ता बाजार में और वृद्धि करने के साथ-साथ इसके अंतरराष्ट्रीय विस्तार को प्रोत्साहित करने का मौका पाकर खुशी है।'' भिषेन अग्रवाल द्वारा 1937 में एक खुदरा मिठाई एवं नमकीन की दुकान के रूप में स्थापित 'हल्दीराम' के उत्पाद आज 80 से अधिक देशों में बेचे जाते हैं।

### टीटागढ़ रेल सिस्टम को मिला 273 करोड़ रुपए का ऑर्डर...



**कोलकाता।** टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) ने कहा कि उसे इंडियन रेलवे से रेल बोर्न मेंटेनेंस व्हीकल्स (आरबीएमवी) की आपूर्ति और रखरखाव के लिए 273.24 करोड़ रुपये का अनुबंध मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह ऑर्डर कंपनी की सुरक्षा और सिग्नलिंग प्रणाली खंड में पहली सफलता है। स्वीकृति पत्र (एलओए) की शर्तों के तहत, कोलकाता स्थित कंपनी आरबीएमवी के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार होगी। अनुबंध के तहत टीआरएसएल को इंडियन रेलवे के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ सर्विसिंग और ब्रेकडाउन रखरखाव समर्थन भी देना होगा।

# निसान भारत में पेश करेगी तीन नए मॉडल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- बिक्री नेटवर्क के विस्तार की योजना
- बहुद्देशीय वाहन ग्रेवाइट अगले साल पेश होगी

जापानी वाहन विनिर्माता निसान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अगले 14 से 16 महीनों के भीतर भारत में तीन नए मॉडल पेश कर तेजी से बढ़ते वाहन बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की योजना बना रही है।

निसान ने अपने बहुद्देशीय वाहन 'ग्रेवाइट' को अगले साल की शुरुआत में पेश करने की घोषणा करते हुए कहा कि वह मझोले आकार के एसयूवी 'टेक्टॉन' को 2026 के मध्य में और एक सात-सीटर एसयूवी को 2027 की शुरुआत में पेश करने जा रही है। ये मॉडल खास तौर पर भारत के लिए तैयार रणनीति के तहत विकसित किए गए हैं। इसी क्रम में सात सीट वाले वाहन ग्रेवाइट को पेश किया जाएगा। इसके अलावा कंपनी भारत में अपना विस्तार करने की रणनीति के तहत वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक अपने बिक्री नेटवर्क को मौजूदा 155 से बढ़ाकर 250 करने की भी योजना बना रही है।

# चौथे दिन बाजार में गिरावट: सेंसेक्स 78 अंक फिसला

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक बाजारों में नरम रुख से सेंसेक्स 78 अंक के मामूली नुकसान में रहा जबकि निफ्टी स्थिर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक टूटकर 84,481.81 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,780.19 अंक के ऊपरी और 84,238.43 अंक के निचले स्तर तक भी गया। निफ्टी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 25,815.55 अंक पर स्थिर रहा। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सन फार्मा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहें। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"वैश्विक संकेतों और रुपये से जुड़ी चिंताओं का निवेशक धारणा पर असर बना रहा। इसकी वजह से कारोबारियों ने सतर्कता बरती। विदेशी संस्थागत निवेशक कई दिनों बाद बने खरीदार शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों के बाद खरीदार बने और उन्होंने बुधवार को 1,171.71 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी पिछले कारोबार में 768.94 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# ग्रामीण बैंकों के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह बृहस्पतिवार को जारी किया।

वित्तमंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने 'एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक' के सिद्धांत पर, 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का एकीकरण किया है, जो एक मई 2025 से प्रभावी हो गया। यह सुधार अधिक सशक्त एवं कुशल आरआरबी के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में 28 आरआरबी 700 से अधिक जिलों में 22,000 से अधिक शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि यह ग्रामीण समुदायों की सेवा करने वाली इन संस्थाओं की पहचान और दृश्यता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आरआरबी प्रतीक चिन्ह के रंगों का चयन आरआरबी के उद्देश्यों को दर्शाने के लिए किया गया है। गहरा नीला रंग वित्त और विश्वास का प्रतीक है जबकि हरा रंग जीवन एवं विकास का प्रतीक है जो ग्रामीण भारत की सेवा करने के उनके मिशन को प्रतिबिंबित करता है।

**M.P. POWER MANAGEMENT CO. LTD.**
Office of Executive Engineer (Civil) Dn-I, Rampur, Jabalpur

**TENDER INVITATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | 2025_MPPMC_469135_1 |
| 2 | Tender Specification No | EE/C/I/1099 |
| 3 | Tender Type/ Mode of Tender | Double Envelope/e-Tendering |
| 4 | Tender for | Annual Contract for Sweeping and Cleaning of colony area Rampur MPPMCL, Jabalpur. |
| 5 | Bids Submission Last Date & Time | 31-Dec-2025 15:00:00 |
| 6 | Tender opening date and time | 01-Jan-2026 15:30:00 |
| 7 | Bid Fee (INR) | Rs.590/- (with GST) |
| 8 | Earnest Money (INR) | Rs.24,000/- |
| 9 | Eligibility of Contractor | Registered in MPPMCL in D or above category or having experience as per bid data sheet. |
| 10 | Tender Forms Available at Website | www.mptenders.com |
| 11 | Contract No. for any other details required. | 0761-2702833 2702888 |

Note -The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on MP Tenders Site.
M.P. Madhyam/123560/2025 EXECUTIVE ENGINEER

**कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी (म.प्र.)**

क्रमांक/2757/लो.नि.वि./निर्माण/2025 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक 09/12/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_467818_1 | नगर निगम कार्यालय में कमरों की आवश्यक मरम्मत एवं रेनोवेशन का कार्य। | 30 Days/- 22,46,743/- | 5,000/- 16,850/- | 12/01//2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/111/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 8125WCRTP-01 | रेट कॉन्ट्रैक्ट फॉर मैन्युफैक्चरिंग & सप्लाई ऑफ हाई Viscous नायलॉन-66 (HVN-66) इंसुलेटिंग लाइनर | 1490000 नंबर | 05.01.2026 |
| 2 | 38255017 | एलस्टोमेरिक pad डिजाइन बी as per RDSO Drg- no- WD 21109-S-02, Alt-2, | 23780 नंबर | 08.01.2026 |
| 3 | 8125WCRTP-06 | रेट कॉन्ट्रैक्ट फॉर मैन्युफैक्चरिंग - सप्लाई ऑफ हाई Viscous नायलॉन- 66 (HVN-66) इंसुलेटिंग लाइनर | 1500000 नंबर | 12.01.2026 |
| 4 | 8125WCRTP-03 | Manufacture - सप्लाई ऑफ 1-in-12 Weldable कास्ट मैंगनीज स्टील क्रासिंग B.G. फॉर 60E1 रेल सेक्शन | 590 सेट | 15.01.2026 |
| 5 | 8125WCRTP-05 | Manufacture एंड सप्लाई ऑफ 10 mm थिक कम्पोजिट Grooved रबर सोले प्लेट | 2933420 नंबर | 22.01.2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।
(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**GOVT OF MAHARASHTRA**
**Public work Division Chhatrapati Sambhajinagar**
**E-Tender Notice No.337 - 2025-2026**
(Corrigendum No-1)

Online tender (e-tenders) for following works are invited by the Executive Engineer Public Works Division Chhatrapati Sambhajinagar (Ph-0240-2331174) in "B-2" Tender (online) for (01) works in Chhatrapati Sambhajinagar Dist. The contractor Registered with the Public work department /company/ form / in appropriate class shall be issued by the Executive Engineer public Works Division Chhatrapati Sambhajinagar. The Above Works Sale Period Start Form Dt.22.12.2025 To 30.12.2025.
1. All the deails regarding e-tenders procedure and tender documents are available on e-tenders portal of PWD department of Government of Maharashtra
https://mahatenders.gov.in and https://pwd.maharashtra.gov.in

Executive Engineer
Public work Division Chhatrapati Sambhajinagar
E-tender Notice No.-337

## चिंतन

# हादसों के घायलों को तुरंत मिले इलाज, तो बच सकती हैं जान

देशभर में हर साल सड़क हादसों में लाखों लोग काल का ग्रास बन रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें युवाओं की तादाद ज्यादा है। तमाम सुधार के प्रयास और सख्त कानून के बावजूद हादसों पर लगाम लगती नहीं दिख रही। सड़क हादसे आज के समय में एक बड़ी समस्या बन गए हैं। तथ्य यह भी है कि हादसों में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो ज्यादातर मामलों में जान बचाई जा सकती है। आईआईएम के एक अध्ययन के अनुसार अगर घायलों को समय पर इलाज मिल जाए तो 50 हजार से अधिक जिंदगियों को बचाया जा सकता है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम प्रयासों व दावों के बावजूद सही स्वास्थ्य ढांचा, समय पर मदद और एंबुलेंस के नहीं पहुंचने के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर घंटे 55 दुर्घटनाएं और 20 मौतें होती हैं। अकेले 2023 की बात करें तो देश में 4,88,583 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,72,890 लोगों की मौत हुई हैं। राज्यसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी स्वीकारा है कि भारत में हर साल करीब 5 लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें औसतन 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। इनमें से 66% मौतें युवाओं (18 से 34 साल) की होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने माना किया कि रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने और कानून सख्त करने के बावजूद सरकार मौतों की संख्या घटाने में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। केंद्र सरकार राज्यों को आधुनिक एंबुलेंस देने की योजना बना रही है। इसके तहत एंबुलेंस हादसे की जगह पर 10 मिनट के भीतर पहुंचेगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को समय पर इलाज मिल सके और उनकी जान को बचाया जा सके। गडकरी ने बताया कि घायलों की मदद करने वाले लोगों को हमने 'राहवीर' की संज्ञा दी है। अब अगर कोई घायल को अस्पताल पहुंचाता है, तो सरकार की ओर से उसे 25,000 रुपये का इनाम मिलेगा। इसलिए लोगों को अब किसी की मदद करने से पहले दो बार सोचना नहीं होगा। तथ्य यह भी है कि बुनियादी ढांचे की कमियां, वाहन चालकों की लापरवाही और नियमों की अवहेलना सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल ओवर-स्पीडिंग से 68.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं और 68.1 प्रतिशत मौतें होती हैं। चालक अक्सर साइन बोर्ड पर लिखी गति सीमा को नजरअंदाज करते हैं और सुरक्षा नियमों के प्रति असंवेदनशील रहते हैं। इसके अलावा, कौशल की कमी और हेलमेट न पहनने से भी 54,568 लोगों की जान गई, सीट बेल्ट न पहनने से 16,025 मौतें हुईं और 33,827 दुर्घटनाओं में बिना लाइसेंस चालक शामिल थे। हादसों को रोकने के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। देखने में आता है कि एक लेन वाले हाईवे पर आमने-सामने की टक्कर दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। इस पर तुरंत दखल देने की जरूरत है। जो एक लेन वाले हाईवे ज्यादा खतरनाक हैं, उन्हें बीच में मजबूत डिवाइडर लगाकर बहु-लेन सड़कों में बदलना होगा। गति सीमा तय करनी होगी और इसका सख्ती से पालन करना होगा। सड़क हादसे एक जानलेवा समस्या है, जिसका समाधान हमें मिलकर करना होगा। हमें सड़क पर सावधानी से गाड़ी चलाना, सड़कों का सुधार करना, वाहनों का रखरखाव करना और यातायात नियमों का पालन करना होगा। तभी हम सड़क हादसों को रोक सकते हैं और अपने परिवारों को सुरक्षित रख सकते हैं।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला

# राहुल की जिद पर शाह के तर्क भारी

> बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान, राहुल गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव को अकेला छोड़कर विदेश दौरा किया और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा में हस्तक्षेप किया। यह घटनाक्रम इतना गंभीर हुआ कि झारखंड की राजनीति में भी कांग्रेस को बाहर करने की बातें होने लगी थीं। राहुल गांधी की राजनीति की पहचान हमेशा जिद पर अड़े रहने की रही है। यह कोई अचरज की बात नहीं है कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे संसद में भी उखाड़-फेंके गए। खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कांग्रेस के चुनावी इतिहास को तर्कपूर्ण तरीके से खंडित किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के चुनावी कदाचार को सामने रखा।

बिहार में कांग्रेस की करारी हार के बाद, राहुल गांधी के पास यह सुनहरा अवसर था कि वह अपनी छवि सुधारते हुए अपने गठबंधन के साथियों के साथ तालमेल बिठाते। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान, उन्होंने जो गलतियां की थीं, उन्हें सुधारने का यह समय था। चुनाव के दौरान, राहुल गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव को अकेला छोड़कर विदेश दौरा किया और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा में हस्तक्षेप किया। यह घटनाक्रम इतना गंभीर हुआ कि झारखंड की राजनीति में भी कांग्रेस को बाहर करने की बातें होने लगी थीं। राहुल गांधी की राजनीति की पहचान हमेशा जिद पर अड़े रहने की रही है।

इस कारण से कांग्रेस के अंदर बहुत से नेता राहुल गांधी से खफा रहने लगे हैं। पर वे बेबस हैं। जब कांग्रेस की अपनी स्थिति इतनी खराब हो, तो यह कोई अचरज की बात नहीं है कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे संसद में भी उखाड़-फेंके गए। खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कांग्रेस के चुनावी इतिहास को तर्कपूर्ण तरीके से खंडित किया। उन्होंने कांग्रेस के संस्थापक जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के चुनावी कदाचार को सामने रखा। अमित शाह ने स्पष्ट रूप से यह बताया कि आज़ादी के बाद, जब प्रधानमंत्री के चुनाव के लिए मतदान हुआ था, तो सरदार पटेल के पक्ष में 28 वोट आए थे, जबकि नेहरू को केवल 2 वोट मिले थे, फिर भी नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। शाह ने इसे स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र का पहला अपमान बताया।

यह कांग्रेस के लिए एक शर्मनाक स्थिति थी और इस पर पार्टी कोई ठोस जवाब नहीं दे पाई। राहुल गांधी की रणनीति के बजाय, अब कांग्रेस का पूरा ध्यान यह आरोप लगाने पर केंद्रित हो गया है कि उनकी पार्टी के खिलाफ चुनावी धोखाधड़ी हो रही है। उनके पास तथ्यों और तर्कों का स्पष्ट अभाव है। यह उस पार्टी का दुर्भाग्य है, जिसका नेतृत्व यह मानने को तैयार नहीं कि उनकी पिछली गलतियों से कुछ सीखा जाए। राहुल गांधी की राजनीतिक शैली अब उस मुकाम पर पहुँच चुकी है, जहां चुनावी हार को ही अनुचित करार देना और सच्चाई को नकारना उनकी दिनचर्या बन चुकी है। राहुल गांधी ने लगातार प्रधानमंत्री मोदी पर 'वोट चोर' का आरोप लगाया, जो कि एक अप्रत्याशित और अनुशासनहीन आरोप था। जब अमित शाह ने इंदिरा गांधी के रायबरेली चुनाव में गड़बड़ी का हवाला दिया, तो कांग्रेस के सांसद चुप हो गए। अमित शाह ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध था, और इसे छिपाने के लिए संसद में एक कानून लाया गया था, जिससे प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं हो सकता। इस बीच, अमित शाह ने सोनिया गांधी के वोटर बनने के मामले को उठाया, जहां उन्होंने सवाल किया कि कैसे एक विदेशी नागरिक के



रूप में सोनिया गांधी मतदाता सूची में शामिल हो गईं। इससे कांग्रेस की साख और भी गिर गई, और पार्टी इस सवाल का जवाब नहीं दे सकी। कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति इस समय एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) पर अटकी हुई है। राहुल गांधी का यह प्रयास है कि किसी तरह उनकी पार्टी की हार को छुपाया जा सके। वह लगातार आरोप लगा रहे हैं कि मुसलमानों को मतदाता सूची से बाहर रखा जा रहा है, लेकिन जब तक इस पर कोई ठोस प्रमाण नहीं मिलते, यह आरोप बेबुनियाद नजर आते हैं। बीजेपी ने इस मुद्दे को पूरी तरह से उठा लिया है और कोई भी बाहरी नागरिक इस पर शिकायत नहीं कर रहा।

राहुल गांधी के पास इस सवाल का भी जवाब नहीं है कि बाहरी नागरिक भारत के मतदाता कैसे बने। इसी बीच, ममता बनर्जी की सरकार और अखिलेश यादव भी एसआईआर पर सहयोग कर रहे हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे जारी रखने के पक्ष में फैसला लिया है। अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाएगा। मोदी सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि देश की जनसांख्यिकीय संरचना में किसी प्रकार की हेरफेर की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमित शाह की यह स्पष्ट नीति और दृढ़ संकल्प दिखाता है कि वह किसी भी बाहरी या अवैध गतिविधि को सहन नहीं करेंगे। वहीं, राहुल गांधी अपनी जिद और राजनीति में विफलताओं से बाहर निकलने के बजाय, एसआईआर जैसे मुद्दों को हवा देकर अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

बहरहाल, कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वोट चोरी के आरोप का चुनावी परिणाम पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं देखा गया है। इस आरोप का कांग्रेस के लिए चुनावी लाभ प्राप्त करने में सफलता न मिलने के कारण, सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह आरोप सही तरीके से जनता तक पहुंचने में सक्षम हो पाया है या फिर यह आरोप सिर्फ राजनीतिक विपक्ष के ताने-बाने का हिस्सा बनकर रह गया है। वोट चोरी के आरोपों के बावजूद, मोदी सरकार के समर्थक इसे कांग्रेस की निराशा और चुनावी रणनीति का हिस्सा मानते हैं। वे इसे विपक्ष के एक निरर्थक प्रयास के रूप में देखते हैं, जो भाजपा के मजबूत जनाधार को कमजोर नहीं कर सकता। नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, उनकी सरकार की योजनाओं और भाजपा के चुनावी अभियान की मजबूती ने कांग्रेस के आरोपों को प्रभावी रूप से बेअसर कर दिया है। मोदी और उनकी पार्टी ने इन आरोपों को नकारा करते हुए इसे विपक्ष की राजनीति का एक तरीका बताया है। इसके अलावा, भारतीय चुनाव आयोग की भूमिका और उसकी स्वतंत्रता पर जनता का भरोसा भी कांग्रेस के आरोपों को कमजोर करता है। इस प्रकार, कांग्रेस के आरोपों का असर उस स्तर पर नहीं हुआ है जैसा उम्मीद की जा रही थी। लोग मोदी के खिलाफ आरोपों को ज्यादा गंभीरता से नहीं ले रहे, क्योंकि वे उन्हें कांग्रेस की चुनावी रणनीति और खुद को हताशा की अभिव्यक्ति मानते हैं। आगे चलकर, इस मुद्दे का कितना असर होगा, यह तो चुनावों के परिणामों से ही स्पष्ट होगा, लेकिन फिलहाल यह आरोप कोई खास प्रभाव डालता हुआ नजर नहीं आ रहा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



# ब्रिटिश साम्राज्य के विनाश के लिए गले लगाई शहादत !

आज स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लखनऊ के पास काकोरी में अंजाम दिए गए ऐतिहासिक ट्रेन एक्शन के तीन क्रांतिकारी नायकों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खां और रोशन सिंह का साझा शहादत दिवस है। दूसरे शब्दों में कहें तो उनकी शहादतों की स्मृतियों को ताजा करने और उनसे प्रेरणा लेने का दिन। उनके इस कार्य को अपने साम्राज्य के लिए सीधी चुनौती मानकर देश के तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने 1927 में 19 दिसम्बर को यानी आज के ही दिन बिस्मिल को उत्तर प्रदेश की गोरखपुर, अशफाक को फैजाबाद (अब अयोध्या) और रोशन सिंह को मलाका (तत्कालीन इलाहाबाद, अब प्रयागराज) की जेलों में फांसी पर लटकाकर शहीद कर डाला था। सुविदित है कि हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े इन क्रान्तिकारियों ने अपने कुछ और साथियों के साथ नौ अगस्त, 1925 को आठ डाउन सहारनपुर लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में ले जाया जा रहा सरकारी खजाना काकोरी स्टेशन के पास लूट लिया था। उनका मानना था कि गोरी सरकार ने यह खजाना देशवासियों के चौतरफा शोषण और खुल्लमखुल्ला लूट से इकट्ठा किया है और इसे देश की मुक्ति के प्रयत्नों में खर्च करना ही उसका सबसे सार्थक उपयोग है। शहादत के वक्त, जैसी कि परम्परा है, गोरखपुर जेल में अफसरों द्वारा बिस्मिल से उनकी अंतिम इच्छा पूछी गई तो उनका दो टूक जवाब था : 'आई विश द डाउनफॉल आफ ब्रिटिश एम्पायर' यानी मैं ब्रिटिश साम्राज्य का नाश देखना चाहता हूं। शहादत से कुछ ही दिनों पहले उन्होंने उम्मीद भरी पंक्तियां लिखी थीं : मरते बिस्मिल, रोशन, लहरी, अशफाक अत्याचार से / होंगे पैदा सैकड़ों उनके रुधिर की धार से। इसी कड़ी में फैजाबाद (अब अयोध्या) की जेल में अशफाक उल्लाह खां ने (बिस्मिल से जिनकी वैचारिक एकता व दोस्ती को हिंदू मुस्लिम सद्भाव की अद्भुत मिसाल बताया जाता है) कहा था कि उनकी अंतिम इच्छा यह है कि जब उन्हें फांसी पर लटकाया जाए तो उनके वकील फांसी घर के सामने खड़े होकर देखें कि वे कितनी खुशी और हसरत से उसके फंदे पर झूल रहे हैं। बिस्मिल और अशफाक में एक और समान बात यह थी कि दोनों शायर थे और ग़ज़लें कहते थे। बिस्मिल ने तो अनेक किताबें भी लिखी थीं। इनमें ग्यारह उन्होंने खुद छपवाईं और उनकी बिक्री से एकत्र धन से क्रांति कर्म के लिए हथियार खरीदे थे। गोरी सरकार को यह बात नागवार गुजरी तो उसने ये सारी किताबें जब्त कर ली थीं। उनकी आत्मकथा, जिसे वे अपनी शहादत से कुछ दिन पहले तक लिखते रहे थे, बाद में प्रकाशित हुई थी। अशफाक की बात करें तो वे बिस्मिल की गिरफ्तारी के बाद भी अरसे तक गोरी पुलिस के शिकंजे से बचे रहे थे और कभी नेपाल, कभी कानपुर तो कभी बनारस भागते फिर रहे थे। बनारस से छिपते-छिपाते वे झारखंड स्थित मेदिनीनगर (तब डाल्टनगंज) पहुंचे तो वहां दस महीने रहे थे। दरअसल, हुआ यह कि काकोरी ट्रेन एक्शन के डेढ़ महीने बाद 26 सितम्बर, 1925 की रात गोरी पुलिस समूचे उत्तर भारत में संदिग्धों के घरों व ठिकानों पर अभियान के तौर पर छापे मारती व धर-पकड़ करती अशफाक के शाहजहांपुर स्थित घर पहुंची तो उन्होंने खुद को घर से थोड़ी दूर स्थित एक गन्ने के खेत में छिपाकर उसकी निगाहों से बचा लिया। हालांकि इससे पहले उनके दोस्त रामप्रसाद बिस्मिल मुखबिरों व गद्दारों के चलते पुलिस के हत्थे चढ़ चुके थे और उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा चुका था। इसके बाद यह बात कोई रहस्य नहीं रह गई थी कि अशफाक घर पर ही बने रहे तो बहुत दिनों तक खैर नहीं मना सकेंगे। आखिर वे अपने जिले शाहजहांपुर के एक पुराने दोस्त के घर पर रहने लगे, जहां उसके विश्वासघात के शिकार हो गये। इस दोस्त ने उनकी गिरफ्तारी के लिए घोषित इनाम के लालच में धोखे से उन्हें पकड़वा दिया, जिसके बाद काकोरी एक्शन में शामिल होने को लेकर उन पर पूरक मुकदमा चलाया गया और फांसी की सजा सुना दी गई। उधर, मलाका जेल में शहीद किए गए रोशन सिंह को जिन्दादिली के बगैर जिन्दगी ही बेकार लगती थी। उन्होंने कहा था : जिन्दगी जिंदादिली को मान ऐ रोशन/ वरना कितने ही यहां रोज फना होते हैं।



( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित
## दर्शन

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो, पर जब वही शरीर भगवत्प्राप्ति का साधन बन जाए तो वह अपने अभीष्ट को पाकर धन्य हो जाता है।

# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
## प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## गुनगुनी धूप



राजस्थान में अजमेर के पास पुष्कर में सर्द सुबह में ऊंट की सवारी का आनंद लेते पर्यटक।

## आज की पाती

### धुंध न बने दुर्घटना का कारण

बीते दिन उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरा कुछ लोगों की जान का दुश्मन बन गया। यहां लगभग सात बसें और तीन कारें गहरे कोहरे के कारण आपस में टकरा गईं। हमारे देश में दिन प्रतिदिन सड़क हादसों में जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। देश में सड़क हादसों में एक दिन में जितने लोग जान गंवाते हैं, उतने तो आतंकवाद के शिकार नहीं होते। या यूं कहा जा सकता है कि हमारे देश के लिए आतंकवाद से ज्यादा बड़ी समस्या सड़कों पर बढ़ते हादसों की है। वैसे तो हर मौसम में सड़क हादसों की गिनती कम नहीं होती, लेकिन सर्दियों के मौसम में धुंध में विजिबिलटी कम रहने से सड़क पर जरा भी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। सर्दियों में पड़ने वाली धुंध भी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती है। ऐसे उपाय खोजने होंगे कि धुंध दुर्घटनाओं का कारण न बने। – *मुकेश देवांगन, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### नरेंद्र मोदी का सम्मान



ओमान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, 'द फर्स्ट क्लास ऑफ द ऑर्डर ऑफ ओमान' से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया जाना उनकी कुशल राजनीतिज्ञता और वैश्विक नेता के रूप में उनकी स्वीकृति का एक भव्य प्रमाण है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मनरेगा को लागू किया



नरेगा का नाम पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया था, वह तो नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तो चुनाव और वोट के कारण बापू याद आए, महात्मा गांधी याद आए और तब उस पर महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया। मनरेगा को भी ताकत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ढंग से लागू किया।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री**

### 'आखिरी सलाम'



हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से मध्यप्रदेश ने 11 दिसंबर, को नक्सलवादियों के 'लाल सलाम' को 'आखिरी सलाम' कर दिया है। अब भविष्य में ऐसी किसी गतिविधि को बढ़ने नहीं देंगे।
**- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### भयानक प्रदूषण



10 साल तक दिल्ली में हमारी सरकार रही, कभी इतना भयानक प्रदूषण नहीं देखा, फिर भी हमने कड़े कदम उठाए। आज हाल ये है कि बीजेपी सरकार ऑफ़िशियल एक्यूआई तक मैनेज करने में लगी है।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर

# बीजिंग में वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़कर 215 पर



चीन की राजधानी बीजिंग में बृहस्पतिवार को धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 215 पर पहुंच गया, जो "बेहद अस्वास्थ्यकारी" स्तर माना जाता है। बीजिंग में वर्षों तक हवा साफ करने के लिए अभियान चलाया गया, जिसके बाद प्रदूषण इतनी तेजी से बढ़ना दुर्लभ माना जा रहा है। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने बुधवार को 'यलो अलर्ट' जारी करते हुए देश के कुछ हिस्सों में भारी धुंध फैलने का पूर्वानुमान जताया है। वेधशाला ने कहा कि हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, हेनान, अनहुई, जियांग्सू, हुबेई, सिचुआन बेसिन और चोंगचिंग में बृहस्पतिवार को भारी धुंध छाई रहने का पूर्वानुमान है। बीजिंग में प्रदूषित वायु गुणवत्ता के साथ धुंध इन दिनों कम ही देखने को मिलती है, जबकि पहले यहां भारी प्रदूषण देखा जाता था। सरकार ने 2016 में कई कदम उठाए थे, जिनमें भारी प्रदूषण का कारण बनने वाले उद्योगों को बंद करना और उन्हें स्थानांतरित करना शामिल था। इसके लिए अरबों डॉलर खर्च किए गए। अधिकारियों का कहना है कि सर्दी के दौरान शहर में कोयले से चलने वाली सार्वजनिक हीटिंग व्यवस्था की जगह प्राकृतिक गैस या बिजली से चलने वाली हीटिंग व्यवस्था अपनाई गई, जिसके लिए एक अरब डॉलर से अधिक धनराशि खर्च की गई।

## ऑफ बीट

# जीवनकाल पर आहार प्रतिबंध या अच्छे जीन का असर



आखिरकार, यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि ज्यादा समय तक जीने वाले लोगों के माता-पिता और दादा-दादी लंबे समय तक जीवित रहते हैं, जो यह दर्शाता है कि आनुवंशिकी दीर्घायु को प्रभावित करती है। हालांकि, तस्वीर को जटिल बनाने वाली बात यह है कि हम जानते हैं कि आपकी जीवनशैली, खास तौर पर आहार और व्यायाम का योग भी बुढ़ापे में आपके स्वास्थ्य और आपके जीवन की अवधि को काफी हद तक प्रभावित करता है। जीवनशैली बनाम आनुवंशिकी क्या योगदान देती है, यह एक खुला प्रश्न है जिस पर 'नेचर' में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन ने नयी रोशनी डाली है। वैज्ञानिकों को लंबे समय से पता है कि कैलोरी का सेवन कम करने से जानवर लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं। 1930 के दशक में, यह देखा गया कि कम कैलोरी वाले चूहे उन चूहों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे जो जितना चाहें उतना खा सकते थे। इसी तरह, जो लोग शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय होते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं। लेकिन विशेष रूप से एकल जीन को दीर्घायु से जोड़ना हाल तक विवादास्पद था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### नाक के नीचे सक्रिय हैं खून के सौदागर, एसडीएम ने दबोचा

# जिला अस्पताल बना 'मौत और दलाली' का केंद्र, मासूमों की रगों में दौड़ता जहर और सिस्टम की बेशर्मी

सतना।

जिले का सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल इन दिनों स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नहीं, बल्कि रूहकंपा देने वाली लापरवाही और भ्रष्टाचार के 'काले साम्राज्य' के लिए सुर्खियों में है। मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने के मामले से अभी पूरा देश सन्न था ही कि अस्पताल परिसर में सक्रिय 'खून के सौदागरों' के भंडाफोड़ ने स्वास्थ्य विभाग के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी है।







### फिल्मी स्टाइल में 'ब्लड सिंडिकेट' का पर्दाफाश

जिला अस्पताल के बाहर मौजूद पान की गुमटियां और फल के ठेले केवल खान-पान के ठिकाने नहीं,बल्कि इंसानी खून की सौदेबाजी के अड्डे बन चुके हैं। रघुराज नगर एसडीएम राहुल सिलाडिया ने एक 'फुलप्रूफ' प्लान के तहत फिल्मी अंदाज में जाल बिछाया। प्रशासन ने एक नकली ग्राहक भेजकर 4,500 रुपये में खून का सौदा तय किया। जैसे ही दलाल ने प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए नोटों की गड्डी पकड़ी और ब्लड सैंपल के बदले डोनर बुलाने की बात कही,टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। यह गिरफ्तारी इस बात का प्रमाण है कि अस्पताल की नाक के नीचे गरीबों के खून का सौदा हो रहा है। सवाल यह है कि बिना ब्लड बैंक के अंदरूनी कर्मचारियों की मिलीभगत के,बाहर बैठा एक मामूली दलाल सरकारी खून की बोली कैसे लगा सकता है?

### 'जिंदगी' के नाम पर 'मौत' का इंजेक्शन

सबसे ज्यादा विचलित करने वाली खबर उन मासूम बच्चों की है,जिन्हें सुरक्षित जीवन देने के बजाय अस्पताल प्रबंधन ने एचआईवी पॉजिटिव खून चढ़ा दिया। इस अक्षम्य अपराध ने कई परिवारों के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के बजाय उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है।

### जांच या लीपापोती? बंद कमरों में 'गोपनीय' खेल

मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली से विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय टीम सतना पहुंची है। लेकिन बुधवार को जिला अस्पताल का नजारा किसी अभेद्य किले जैसा था। भारी पुलिस बल की तैनाती कर मीडिया को जांच से दूर रखा गया।

### बड़ा सवाल

अगर जांच पारदर्शी और ईमानदार है,तो मीडिया के कैमरों से नजरें क्यों चुराई जा रही हैं? क्या दिल्ली से आई टीम सच को उजागर करने आई है या केवल होटल का बिल बढ़ाकर सरकारी खानापूर्ति और फाइलों को दबाने का काम चल रहा है? अधिकारियों की चुप्पी और मीडिया से दूरी दाल में कुछ काला होने का साफ संकेत दे रही है।

### तीन घायल, एक को किया गया रिफर

# 10वीं के छात्रों पर बदमाशों ने किया पत्थरों से हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

18 दिसंबर को आरडी शाला में अध्ययनरत कक्षा 10 के 4 छात्रों कट मारने के विवाद पर कुछ बदमाश युवकों ने पत्थरों से हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। एक छात्र को सिर पर गंभीर घाव के कारण नागपुर रिफर किया गया है। थाना प्रभारी अजय मरकाम द्वारा विवेचना उपरांत सख्त कारवाई का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्थरों के हमले में घायल छात्र विशाल कुमरे, सचिन धुर्वे, रविंद्र उईके और उज्वल भलावी ने बताया कि गुरूवार सुबह स्कूल जाने के दौरान उन्हें कुछ युवकों ने बाइक से कट मारा। इस कारण छात्रों और हिमांशी, तरूण, प्रेम और घनसु छात्रों का विवाद हो गया। इसके बाद इन छात्रों ने शाला में विज्ञान का पेपर दिया, इसके बाद लौटते समय शाला के बाहर उक्त युवकों ने उन्हें घेरकर लात, घूसों और नुकीले पत्थरों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में 3 छात्रों को सिर और गले में चोटें आई और विशाल को सिर में गहरा घाव हो गया। हमले में घायल छात्रों को अस्पताल में भर्ती किया गया। विशाल के सिर तें 3 टांके लगाए गए और रक्त जमा होने के कारण उसे नागपुर रिफर किया गया है।

### जमीनी विवाद में चली लाठी 4 महिला-पुरुष घायल, शाहपुर थाना क्षेत्र के कोठार गांव की घटना

रीवा। मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के कोठार गांव में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बाड़ी काटने को लेकर दबंगों ने एक ही परिवार के सदस्यों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल एक घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। जिन्हे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, विनोद यादव की जमीन में लगी बारी को राजू सिंह उर्फ राजबहादुर सिंह काट रहा था। जब बिनोद यादव की पत्नी शीला यादव ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर विनोद यादव, उनकी मां शितलिया यादव बेटा रजनीश यादव और भाई नीलेश यादव मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे। पीड़ितों के मुताबित इसी दौरान अभिषेक सिंह, अमित सिंह और लालजी सिंह भी वहां पहुंच गए और सभी ने मिलकर हाथ-मुक्कों और लाठी-डंडों से पूरे परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर घर के अंदर से महिलाओं को खींचकर बाहर लाए और बेरहमी से पीटा। घटना में विनोद यादव को सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी हालत गंभीर है।

# बदमाशों का खुलेआम तांडवः आधे घंटे में दो पेट्रोल पंपों पर हथियार के बल पर की लूट, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

रीवा। शहर में बुधवार की देर रात बदमाशों का आतंक देखने को मिला। विश्वविद्यालय थाना और समान थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित दो अलग-अलग पेट्रोल पंपों पर हथियारबंद बाइक सवार युवकों ने लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। दोनों ही घटनाओं के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस अब बदमाशों की तलाश में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना बुधवार रात करीब 11:30 बजे विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र स्थित गर्ग पेट्रोल पंप पर हुई। फिलिंग स्टेशन संचालक संदीप गर्ग ने बताया कि पैशन बाइक पर सवार दो युवक, जिनका चेहरा आंशिक रूप से ढका हुआ था, पेट्रोल भरवाने के बहाने पंप पर पहुंचे। आरोपियों ने पहले 30 रुपये का पेट्रोल डलवाया। इसी दौरान बाइक पर सवार एक युवक ने अचानक पिस्तौल निकालकर कर्मचारियों को गन पॉइंट पर ले लिया और काउंटर में रखी करीब 45 हजार रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गया। पहली घटना के ठीक आधे घंटे बाद बदमाशों ने समान थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास स्थित जिओ पेट्रोल पंप को निशाना बनाया। रात करीब 12 बजे पहुंचे उन्हीं हथियारबंद बदमाशों ने वहां भी पहले की तरह 30 रुपये का पेट्रोल भरवाया और फिर कर्मचारियों को बंदूक की नोक पर ले लिया। आरोपियों ने कर्मचारियों की जेब में रखे करीब



5 हजार रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गए। दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय और समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों ही वारदातों को एक ही पैटर्न पर और संभवतः एक ही गिरोह द्वारा अंजाम दिया गया है।उधर, बुधवार की रात ही समान थाना क्षेत्र में कुछ नकाबपोश बदमाशों ने एक रेस्टोरेंट में जमकर तोड़फोड़ भी की, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थाना क्षेत्रों को भी अलर्ट कर दिया गया है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

### पुलिस ने इंदौर से बरामद की गायब हुई दो बसें, पांच अन्य बसों की तलाश जारी

रीवा । किराए से चलाने को लेकर ली गई बसों में खयानत कर सात बसों को छुपा कर रखने के मामले में पुलिस ने दो बसें इंदौर से जप्त की है। मामले में आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है जिसे न्यायालय में पेश किया गया था। इस पूरी कार्रवाई को लेकर जानकारी देते हुए सिविल लाइन थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि फरियादी संतोष तिवारी निवासी पुष्पराज नगर रीवा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अनंतपुर में निवासी दर्शन सिंह परिहार द्वारा उनसे 7 बसे किराए पर चलाने के लिए ली गई थी। जिसके बाद दर्शन सिंह द्वारा खयानत कर बसों को कहीं छुपा दिया गया था और बसे वापस नहीं की जा रही थी। जांच के दौरान दर्शन सिंह को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायाय में पेश किया गया था। जिसके बाद पुलिस की एक टीम इंदौर गई और वहां से छुपाई गई दो बसों को जप्त कर रीवा लाया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि अभी पांच अन्य बसों की भी तलाश की जा रही है फिलहाल जप्त की गई दोनों बसों को बतौर सुरक्षा सिविल लाइन थाने में खड़ा कराया गया है ।

# महिला को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा, जेवर और मोबाइल लूटे

शहडोल।

जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बराछ गांव में मानवता को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपनी ही पड़ोसन को बहाने से घर बुलाकर बंधक बनाया और अपने बच्चों के साथ मिलकर उसके हाथ-पैर बांधकर बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि लेडी डॉन के नाम से कुख्यात महिला ने पीड़िता के सोने के जेवर और मोबाइल भी छीन लिए।

### साजिश के तहत घर में बनाया बंधक

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बराछ निवासी किरण तिवारी उम्र 28 वर्ष अपने घर के बाहर टहल रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाली ललिता



कहार ने उसे किसी बहाने से अपने घर बुलाया। किरण जैसे ही अंदर गई, आरोपी महिला ने दरवाजा बंद कर उसे दबोच लिया। ललिता ने अपने पुत्र और पुत्री के साथ मिलकर किरण के हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए और उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

### पुरानी रंजिश और लूट का आरोप

पीड़िता का कहना है कि आरोपी महिला पुरानी पारिवारिक रंजिश को लेकर मन में द्वेष रखती थी। मारपीट के दौरान जब पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर परिजन बचाने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो पीड़िता की हालत देखकर दंग रह गई; किरण के हाथ-पैर बंधे हुए थे और वह दर्द से कराह रही थी।

### वीडियो में कबूला जुर्म

पीड़िता ने आरोप लगाया कि ललिता ने उसके सोने के झुमके और मोबाइल फोन लूट लिए हैं। हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद एक वीडियो सामने आया है जिसमें आरोपी महिला सामान वापस करने की बात स्वीकार रही है, लेकिन अब तक न तो जेवर मिले और न ही मोबाइल। गांव में ललिता का खौफ है और वह लेडी डॉन के रूप में जानी जाती है। उसके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

### इनका कहना है...

किरण तिवारी के साथ ललिता कहार एवं अन्य के द्वारा घर में बांधकर मारपीट करने की शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। आरोपी महिला के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मोहन पड़वार**
**उपनिरीक्षक, ब्यौहारी**

# कोर्ट परिसर में दुष्कर्म के आरोपी पर हमला भारी हंगामे के बीच पुलिस ने बमुश्किल बचाया



सतना

जिला न्यायालय परिसर में गुरुवार को उस वक्त सनसनी फैल गई,जब एक गंभीर अपराध के आरोपी को पेशी पर लाए जाने के दौरान आक्रोशित भीड़ ने उस पर हमला कर दिया। दुष्कर्म, हत्या के प्रयास और अड़ीबाजी (उगाही) जैसे संगीन मामलों में गिरफ्तार आरोपी शुभम पाल को जब पुलिस कोर्ट के भीतर ले जा रही थी,तभी करीब 50 युवकों ने उसे घेर लिया और जमकर मारपीट की।

### अचानक हुए हमले से मची अफरा-तफरी

कोलगवां थाना पुलिस आरोपी शुभम पाल को कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश करने पहुंची थी। पुलिस वैन से उतरकर जैसे ही आरोपी कोर्ट की सीढ़ियों की ओर बढ़ा,वहां पहले से घात लगाकर बैठे 15-15 युवकों के अलग-अलग समूहों ने अचानक धावा बोल दिया। देखते ही देखते कोर्ट परिसर अखाड़े में तब्दील हो गया। हमलावरों ने सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए आरोपी पर लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। हैरान करने वाली बात यह रही कि हमले के दौरान आरोपी शुभम पाल ने भी पीछे हटने के बजाय पास पड़ी एक लाठी उठाकर हमलावरों पर भांजने की कोशिश की,जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। अचानक हुई इस हिंसक झड़प से वकील, मुवक्किल और वहां मौजूद आम जनता के बीच भगदड़ मच गई।

### पुलिस की सूझबूझ से टली बड़ी घटना

मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और मानव श्रृंखला बनाकर आरोपी को उग्र भीड़ के चंगुल से छुड़ाया।पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शुभम पाल को सुरक्षित अदालत कक्ष के भीतर पहुंचाया। घटना की



गंभीरता को देखते हुए तत्काल भारी पुलिस बल को कोर्ट परिसर में तैनात किया गया और सुरक्षा घेरा मजबूत कर दिया गया।

### आरोपी का आपराधिक इतिहास और लोगों का आक्रोश

जानकारी के अनुसार,शुभम पाल पर कोलगवां थाने में दुष्कर्म,जानलेवा हमला और अवैध वसूली (अड़ीबाजी) के कई गंभीर मामले दर्ज हैं। आरोपी की आपराधिक गतिविधियों के कारण स्थानीय युवाओं और समाज में लंबे समय से भारी आक्रोश था। यही आक्रोश आज कोर्ट परिसर में हिंसक रूप में फूट पड़ा।

### पुलिस की कार्रवाई और जांच

पुलिस प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। अधिकारियों का कहना है कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जा सकती। पुलिस अब कोर्ट परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।पुलिस का कहना है कि आरोपी को पेशी के लिए लाया गया था,जहां कुछ युवकों ने उस पर हमला किया। स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। हमलावरों की शिनाख्त की जा रही है और कानून को हाथ में लेने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल कोर्ट परिसर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है,लेकिन इस घटना ने अदालत की सुरक्षा व्यवस्था और अपराधियों के प्रति बढ़ते जन-आक्रोश पर एक नई बहस छेड़ दी है।

# छतरपुर के जिस घोटाले को कैग रिपोर्ट ने पकड़ा, उस पर कार्रवाई करने से बच रहा प्रशासन

**शिकायत के तीन महीने बाद भी राजस्व अधिकारियों को बचा रहा तहसील का अमला**

**छतरपुर।** 2022 में भारत सरकार की सबसे बड़ी ऑडिट संस्था कैग के द्वारा जारी रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि छतरपुर जिले में सूखा राहत और आपदा से जुड़ी मुआवजा राशियों के आवंटन में स्थानीय पटवारियों और राजस्व अधिकारियों ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। कई पटवारियों ने किसानों के लिए आए मुआवजे को अपने रिश्तेदारों के खाते में डलवा लिया था। कई मामले ऐसे थे जिनके प्रमाणिक साक्ष्य कैग की रिपोर्ट के जरिये जिला प्रशासन को दिए गए लेकिन फिर भी छतरपुर में इतनी बड़ी रिपोर्ट के बावजूद किसी पटवारी पर न तो एफआईआर हुई और न ही उन्हें बर्खास्त किया गया। यद्यपि ऐसे ही मामलों में मप्र के कई जिलों में पटवारी बर्खास्त किए जा चुके हैं।

इस मामले में जिला प्रशासन और तहसील अमला अपने कर्मचारियों को पाक साफ बनाने के लिए किस हद तक जा रहा है इसका उदाहरण हाल ही में सामने आया है जब कांग्रेस नेत्री दीप्ती पाण्डेय के द्वारा की जा रही इसी मामले से जुड़ी शिकायतों को भी कचरे के ढेर में फेंक दिया गया जबकि इन्हीं शिकायतों के आधार पर मप्र के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राहत शाखा आयुक्त को पत्र लिखकर जांच के लिए कहा था। कलेक्टर ने इस मामले में दीप्ती पाण्डेय की शिकायत मिलने के बाद एक जांच टीम तो बनाई लेकिन उस जांच टीम ने भी तीन महीने बाद तक कोई एक्शन नहीं लिया। जांच टीम का कहना है कि उन्हें तहसील का अमला जानकारियां ही नहीं दे रहा।

### कांग्रेस ने कहा लीपापोती में जुटा प्रशासन

कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष दीप्ती पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2017-18 में छतरपुर में आपदा राहत एवं सूखा राहत घोटाले की प्रमाणित रिपोर्ट 2022 की कैग रिपोर्ट में सामने आ चुकी है। इसी रिपोर्ट एवं कुछ अन्य शिकायतों को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सूखा राहत में हुए भ्रष्टाचार से जुड़े प्रमाण और साक्ष्य उन्होंने प्रशासन को उपलब्ध कराए, इसके बावजूद जांच प्रक्रिया को जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है।

दीप्ती पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर द्वारा 22 सितंबर 2025 को तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था इस समिति में जिले के भू अभिलेख अधिकारी आदित्य सोनकिया, सहायक अधीक्षक रामलाल गुप्ता और राजस्व निरीक्षक सरमनलाल विश्वकर्मा को रखा गया था। कलेक्टर ने इस समिति को 15 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन लगभग तीन महीने बाद भी समिति द्वारा कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने बताया कि सूखा राहत में हुई गड़बडियों को लेकर उन्होंने कई बार कलेक्टर को आवेदन दिए। साथ ही कैग की रिपोर्ट में भी गंभीर अनियमितताएं उजागर हो चुकी हैं। इसके बावजूद जांच समिति द्वारा कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं लाया गया। दीप्ती पाण्डेय ने कहा कि प्रशासन द्वारा दी जा रही सफाई से वह पूरी तरह असंतुष्ट हैं। उन्होंने चौका, काशीपुरा और पिपोराखुर्द गांवों से संबंधित आरटीआई के माध्यम से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जुटाए हैं। उनका आरोप है कि सूखा राहत राशि में हुए भ्रष्टाचार को जानबूझकर दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

### टाइटन आयरन स्क्रैप ट्रेडर्स पर एसजीएसटी का छापा

छतरपुर। शहर के नौगांव रोड स्थित डिजिटल कॉलेज वाली गली में संचालित टाइटन आयरन स्क्रैप ट्रेडर्स कबाड़ प्रतिष्ठान पर स्टेट डिपार्टमेंट जीएसटी, मध्यप्रदेश द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। सतना से पहुंची 12 सदस्यीय एसजीएसटी टीम पिछले 24 घंटे से अधिक समय से लगातार मौके पर मौजूद रहकर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार टीम द्वारा प्रतिष्ठान के कारोबार से जुड़े दस्तावेज, बिल-बुक, टैक्स रिटर्न, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड की गहन जांच की जा रही है। जांच के दौरान लेन-देन, कर अदायगी और स्टॉक से संबंधित कई बिंदुओं पर बारीकी से पड़ताल की जा रही है। कार्रवाई देर रात तक जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। स्टेट टैक्स ऑफिसर सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि स्क्रैप ट्रेडर्स के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी कि वे नियमानुसार टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। इसी शिकायत के आधार पर जीएसटी संबंधी कार्रवाई की जा रही है।

### रिपोर्ट दर्ज कराने जा रही महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत हिनौती रोड पर नरेश गल्ला व्यापारी की दुकान के सामने उस समय विवाद हो गया, जब थाने में शिकायत दर्ज कराने जा रही एक महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़िता की शिकायत पर अमानगंज पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुनीता पति प्रमोद सोनी (उम्र 45 वर्ष) निवासी ग्राम कामताना ने थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि उसके घर के बाहर रखी चिप को आरोपी गुड्डू सिंह द्वारा तोड़ दिया गया था। मना करने पर भी आरोपी द्वारा विवाद किया गया। फरियादी के अनुसार उक्त घटना की शिकायत दर्ज कराने वह अमानगंज थाने जा रही थी, इसी दौरान अमानगंजदृहिनौती रोड पर नरेश गल्ला व्यापारी की दुकान के पास आरोपी गुड्डू सिंह एवं मोनू राजा ने उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट में महिला को चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच पूर्ण होने के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 8 महीने की गोद संजोए दो मासूमों की मां, खुले कुएं में फिसलकर डूब गई

**पन्ना।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिलगवां के कोढन्न जमुनहाई में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को शोक की चादर ओढ़ा दी। 40 वर्षीय गर्भवती महिला आरती दहायत, जिनकी कोख में 8 महीने का लाल-पल रहा था, अपने ही खुले कुएं में पानी भरते समय फिसल गईं और पानी की गहराई में डूबकर हमेशा के लिए खामोश हो गईं। पीछे रह गए दो मासूम बच्चेक 5 साल का बेटा और 3 साल की बेटी, जो अब अनाथों की तरह तड़प रहे हैं।परिजनों की रो-रोकर बुझी आवाज में बताया गया कि 16 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे आरती पानी भरने कुएं पर गई थीं। नया खोदा गया यह कुआंकृकरीब 10 फिट गहराकृबंधा नहीं था। फिसलन भरी मिट्टी पर उनका पैर सरक गया और वो गहरे पानी में समा गईं। घंटों बाद परिजन हैरान-परेशान उनकी तलाश में लगे रहे। रिश्तेदारों से संपर्क किया, पूरा गांव चिंतित हो गया, लेकिन कहीं सुराग न मिला। 17 दिसंबर को कुएं में उफनाती साड़ी दिखी तो खलबली मच गई। तलाशी ली गई तो आरती का शव मिलाकृवो मां जो जीवन की नई उम्मीद संजोए थी। पुलिस को सूचना मिलते ही कोतवाली टीम पहुंची। पंचनामा भरकर शव को जिला चिकित्सालय पन्ना भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन फूट-फूटकर रो रहे हैं, कौन संभालेगा।



# डकैत का टीजर रिलीज, अनुराग का दिखा दमदार अंदाज

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष स्टारर मच अवेटेड 'डकैत' का टीजर गुरुवार रिलीज हो गया है। अभी ये टीजर सिर्फ 'तेलुगु'में रिलीज किया गया है। यानी हिंदी दर्शकों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। 1 मिनट 31 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत आदिवी शेष से होती है। टीजर में पहले लव स्टोरी देखने को मिलती है, जो धीरे-धीरे एक्शन पर पहुंच जाती है। टीजर में आदिवी शेष लवर बॉय से लेकर एक्शन हीरो तक के अवतार में दिखते हैं। इसके अलावा टीजर में फिल्म की बाकी कास्ट अनुराग कश्यप, प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी की भी झलक दिखती है। टीजर का अंत अनुराग कश्यप पर होता है, जो फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे।



## लाइफ Style

# श्रीलीला

## फर्जी एआई फोटोज पर जताई दुख और चिंता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सिनेमा की बेहद खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस श्रीलीला अपने फर्जी और अश्लील एआई तस्वीरों से परेशान हैं। वह घटिया तस्वीरों के सोशल मीडिया पर वायरल होने से बेहद दुखी हैं और उन्होंने एक चिंता जताने वाला पोस्ट शेयर किया है।

एक्ट्रेस ने यह भी जानकारी दी है कि उन्होंने इस बाबत पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेलेब्स के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बीते में रश्मिका मंदाना से लेकर कीर्ति सुरेश तक, अपने डीपफेक अश्लील फोटो, वीडियो को लेकर परेशान रही हैं। अब 'गुंटूर करम' और 'पुष्पा 2' फेम श्रीलाला के इस पोस्ट को देख उनके फैंस भी चिंता में डूब गए हैं। अमेरिका के एक तेलुगू परिवार में पैदा हुईं 24 साल की श्रीलाला ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा चौड़ा नोट शेयर किया है। वह बताती हैं कि एआई से बनी उनकी तस्वीरों ने उन्हें कितना परेशान और दुखी किया है। एमबीबीएस की पढ़ाई कर चुकी श्रीलीला ने लिखा है कि जैसे ही उन्हें इस मामले के बारे में पता चला, उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। श्रीलीला ने अपने नोट में फैंस और फॉलोअर्स से एआी को सपोर्ट न करने की रिक्वेस्ट की है। वह लिखती हैं, 'मैं हाथ जोड़कर हर सोशल मीडिया यूजर से रिक्वेस्ट करती हूं कि एआई से बनी बकवास को सपोर्ट न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने और उसका गलत इस्तेमाल करने में फर्क होता है। मेरी राय में टेक्नोलॉजी में तरक्की जिंदगी को आसान बनाने के लिए होती है, न कि उसे मुश्किल बनाने के लिए।'

## हॉलीवुड मसाला



# पेरिस से निकलकर पहुंची रोम

**मुंबई।** भारत में नेटफ्लिक्स पर सीरीज 'एमिली इन पेरिस' का पांचवा सीजन रिलीज हो गया है। इस बार एमिली कूपर की जिंदगी पहले से कहीं ज्यादा उलझ चुकी है। प्यार, कॅरियर और पहचान की तलाश- इन सबके बीच एमिली का सफर अब सिर्फ पेरिस तक सीमित नहीं रहा। इस नए सीजन में एमिली कूपर की कहानी एक नए मोड़ पर पहुंचती है। पेरिस की ग्लैमरस दुनिया से निकलकर वह रोम पहुंचती है, जहां उसे एजेंस ग्रातो के रोम ऑफिस में एक अहम जिम्मेदारी सौंपी जाती है।




# अवतार : फायर एंड ऐश में शानदार विजुअल्स...

**मुंबई।** 'अवतारः फायर एंड ऐश' जेम्स कैमरून की अवतार सीरीज तीसरी फिल्म है, इससे पहले 'अवतार' (2009) और 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' (2022) को ऑडियंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उम्मीदें थीं, क्योंकि अवतार का नाम आते ही बड़ी फिल्म, नई दुनिया और शानदार तकनीक का ख्याल आता है। फिल्म का स्केल बहुत बड़ा है और यह देखने में भी काफी महंगी और भव्य लगती है। लेकिन, पूरी फिल्म देखने के बाद ऐसा लगता है कि तकनीक और विजुअल्स के अलावा बाकी चीजों पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। फिल्म का स्क्रीनप्ले काफी फैला हुआ है। कई सीन ऐसे हैं जिनसे कहानी में कोई खास फर्क नहीं पड़ता। कुछ जगह फिल्म बहुत धीमी लगती है ...कुछ जगह अचानक तेज हो जाती है। अगर फिल्म को छोटा किया जाता और गैर-जरूरी सीन हटा दिए जाते, तो शायद कहानी अच्छी बन सकती थी।



# देओल परिवार ने हेमा को कर दिया साइडलाइन

**मुंबई।** धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में हेमा मालिनी क्यों नहीं गई थीं? इस सवाल का कॉलमनिस्ट और राइटर शोभा डे ने जवाब दिया है। उन्होंने हाल ही में दिए इंटरव्यू में यह दावा किया है कि दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र की मौत के बाद उनके परिवार ने हेमा मालिनी को पूरी तरह से किनारे कर दिया था, इसलिए वह धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में नहीं गई थीं। एक इंटरव्यू में शोभा डे ने दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र के दोनों परिवार के रिश्तों पर बात की। उन्होंने कहा, 'देओल परिवार ने हेमा को पूरी तरह अलग-थलग कर दिया, उन्होंने उन्हें उनसे दूर कर दिया, जिसके साथ उन्होंने अपनी जिंदगी के 45 साल बिताए थे। उन्हें बहुत दुख हुआ होगा, लेकिन उन्होंने यह सब अपने अंदर रखा। उन्होंने जिस तरह से संभाला और जब उन्होंने कोई पब्लिक फंक्शन किया, तो मुझे लगा कि उन्होंने इसे बहुत गरिमा के साथ किया।



# कार्तिक-अनन्या की जमी जोड़ी...

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर अंततः गुरुवार को रिलीज हो गया है। फिल्म की रिलीज से सिर्फ एक हफ्ते पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर की शुरुआत कार्तिक के साथ होती है, जिसमें वो कहते हैं कि बीते कल और आने वाले भविष्य की छोड़कर सिर्फ वर्तमान में जीना चाहिए। जो मौजूदा वक्त में आपके पास है, उस पल का आनंद लो। इसके बाद ट्रेलर में अनन्या की एंट्री होती है, जो फिल्म में एक लेखक बनी हैं। 3 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में कुछ भी नया देखने को नहीं मिलता है। कार्तिक लड़की को इंप्रेस करने के लिए क्रीपी पंच लाइन मारते हैं। ट्रेलर में विदेशों की अच्छी-अच्छी लोकेशन जरूर भाती हैं। बाकी सबकुछ आपको पहले की फिल्मों में देखा हुआ लगेगा।

## टीवी मसाला



# अनुपमा को लगा झटका, नंबर एक पर बिग बॉस ने बनाई जगह

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते के टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी गई है। ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने 18 दिसंबर को टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में बड़ा बदलाव हुआ है। पिछले काफी हफ्तों से नंबर 1 पर रहा अनुपमा इस हफ्ते नंबर 2 पर आ गया है। पहले नंबर बिग बॉस ने जगह बना ली है। अनुपमा और बाकी सीरियल्स को पछाड़ कर बिग बॉस ने नंबर 1 पर जगह बनाई है। बिग बॉस की टीआरपी 2.2 रिकॉर्ड की गई है। बता दें, हाल ही में बिग बॉस 19 का फिनाले हुआ था और गौरव खन्ना इस सीजन के विनर हैं। पिछले कई हफ्तों से नंबर 1 पर रहने वाला अनुपमा इस हफ्ते नंबर दो पर आ गया है। अनुपमा की टीआरपी 2.1 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते भी शो की टीआरपी 2.1 थी। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2ः लिस्ट में तीसरे नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 है। शो की टीआरपी 2 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 थी। लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंटः लिस्ट में चौथे नंबर पर कलर्स का रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड है। शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गई है। तुम से तुम तकः लिस्ट में 5वें नंबर पर शो तुम से तुम तक है। पिछले हफ्ते भी ये शो नंबर पांच पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गाई है। लिस्ट में छठे नंबर पर उड़ने की आशा-सपनों का सफर है। शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 7वें नंबर पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 8वें नंबर पर गंगा मां की बेटियां है। शो की टीआरपी 1.8 है। 9वें नंबर पर शो वसुधा है। वसुधा की टीआरपी1.8 रिकॉर्ड की गई है। 10वें नंबर पर शो ये रिश्ता क्या कहलाता है। शो की टीआरपी 1.7 रिकॉर्ड की गई है।

## पायल गेमिंग के सपोर्ट में आईं अंजलि

**नई दिल्ली।** इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर पायल गेमिंग इन दिनों कथित एमएमएस के चलते सुर्खियों में हैं। बताया जाता है कि वायरल एमएमएस वीडियो में पायल गेमिंग हैं। हालांकि, उन्होंने दावा किया है कि यह



एमएमएस उनका नहीं है। इस मामले पर अब एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा की प्रतिक्रिया सामने आई है। अंजलि अरोड़ा ने अपने साथ हुए इसी तरह के एक मामले को याद किया है। उनके मुताबिक ऐसे झूठ का दर्द लड़कियां वर्षों तक झेलती हैं, जबकि इसे फैलाने वाले इसके बारे में नहीं सोचते हैं। पायल गेमिंग के मामले को लेकर अंजलि अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। उन्होंने लिखा 'तीन साल पहले मैंने एक फेक एमएमएस वायरल होने का दर्द झेला था। वही चीजें आज पायल के साथ होता देख वह दर्द ताजा हो गया है। लोगों को एहसास नहीं कि उनकी प्रतिक्रिया कितनी नुकसान पहुंचाती है।

# 2026 में आने वाली इन फिल्मों का बजट है भारी भरकम....

*नई दिल्ली। साल 2026 हिंदी सिनेमा के लिए खास होने वाला है। कई बड़े बजट की फिल्में थिएटर पर दस्तक देने के लिए तैयार हैं। रणबीर कपूर, सनी देओल, शाहरुख खान, सलमान खान अपनी फिल्मों से धमाका करने वाले हैं। फिल्मों का क्लैश होने वाला है। लेकिन, क्या आप जानते हैं अगले साल आने वाली इन बड़ी फिल्मों का बजट क्या है? इन फिल्मों का बजट जानने के बाद आपका सिर चकरा जाएगा। ऐसे में सवाल ये है कि करोड़ों की ये फिल्में बॉक्स ऑफिस कमाई से अपना बजट निकाल पाएंगी या नहीं।*

***बॉर्डर 2 :*** सनी देओल अपनी फिल्म बॉर्डर का दूसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। हाल में फिल्म का टीजर सामने आया था जिसमें वरुण धवन, अहान पांडे और दिलजीत दोसांझ जैसे एक्टर्स को दुश्मनों से जंग लड़ते देखा जा सकता है। फिल्म 23 जनवरी को रिलीज हो रही है। इस फिल्म को 150 करोड़ के मोटे बजट में बनाया गया है। उम्मीद है ये फिल्म अपना बजट वसूलने में कामयाब होगी।

***लव एंड वॉर :*** विक्की कौशल, आलिया भट्ट, और रणबीर कपूर की फिल्म लव एंड वॉर भी खबरों में बनी हुई है। ये लव ट्रायंगल बेस्ड फिल्म संजय लीला भंसाली ने डायरेक्ट की है। रिपोर्ट के मुताबिक ये फिल्म 14 अगस्त 2026 को रिलीज होगी। इसे 200 करोड़ के बजट में बनाया जा रहा है।

***किंग :*** शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ एक एक्शन फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। किंग की स्टारकास्ट हैरान करने वाली है। फिल्म में रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, अरशद वारसी, बॉबी देओल समेत कई बड़े एक्टर्स नजर आने वाले हैं। सुहाना खान अहम किरदार में होंगी। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म



को 300 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनाया जा रहा है। अगले साल दिवाली के मौके पर फिल्म दस्तक दे सकती है।

***रामायण :*** रणबीर कपूर, साई पल्लवी स्टारर फिल्म रामायण अभी तक की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दोनों पाट्र्स पर 1600 करोड़ खर्च हो रहे हैं। लेकिन प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने कन्फर्म किया है कि रामायण के दोनों भागों पर 4000 करोड़ खर्च हो रहे हैं। मलतब ये फिल्म हॉलीवुड से भी महंगी फिल्म होने वाली है।

***धुरंधर 2 :*** धुरंधर का पहला भाग इस समय बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर रहा है। फिल्म करीब 500 करोड़ तक पहुंच गई है। अब दूसरे पार्ट का इंतजार हो रहा है। रिपोर्ट की मानें तो धुरंधर का दूसरा भाग 200 से 250 करोड़ तक के बजट में बनाया गया है।

# 2025 में किसी मूवी ने आहत की धार्मिक भावना तो किसी की रिलीज पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** साल 2025 खत्म होने की कगार पर पहुंच चुका है। इस वर्ष कुछ फिल्में कहानी को लेकर तो कुछ इतिहास से छेड़छाड़ या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपों को लेकर विवादों में रही हैं। कुछ फिल्मों पर तो कई एफआईआर भी दर्ज हुई हैं। आज हम आपको साल 2025 की विवादों में रहने वाली 10 फिल्मों के नाम बताते हैं।

***इमरजेंसी :*** कंगना रनौत निर्देशित और अभिनीत फिल्म 'इमरजेंसी' 17 जनवरी को रिलीज हुई। साल 1975 की इमरजेंसी पर आधारित फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में थीं। रिलीज से पहले ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगे। सिख संगठनों सहित कई संगठनों ने विरोध किया। फिर भी फिल्म रिलीज हुई, कंगना के अभिनय की तारीफ हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में सफल नहीं रही।

***छावा :*** विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में आई। छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता पर आधारित यह फिल्म ट्रेलर रिलीज से ही विवादों में घिर गई थी। एक गाने में संभाजी का डांस करना और ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगे। महाराष्ट्र के मंत्रियों और संगठनों ने विरोध किया। मेकर्स ने विवादित डांस सीक्वेंस हटा दिया, लेकिन बहस जारी रही।

***जाटः*** सनी देओल और रणदीप हुड्डा की एक्शन फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को रिलीज हुई। एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय नाराज हुआ, जिसमें धार्मिक भावनाएं आहत करने का



आरोप भी लगा। फिल्म के सीन को लेकर शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

***फुले :*** प्रतीक गांधी और पत्रलेखा स्टारर 'फुले' 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। नाराज ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया, रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए।

***हरि हर वीरा मल्लू :*** पवन कल्याण की 'हरि हर वीरा मल्लू' में मुदिराज समुदाय ने किरदार को लोक नायक से मिलता-जुलता बताकर विरोध जताया। फिल्म काल्पनिक बताई गई, लेकिन बहुजन ग्रुप्स ने ऐतिहासिक विरासत से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। फिल्म 24 जुलाई को सिनेमाघरों में उतरी।

## 'मेरा मन तेरा प्यासा' को भी हॉलीवुड फिल्म में मिल चुकी है जगह

# जब हॉलीवुड फिल्मों में यूज हुए बॉलीवुड के गाने, वो भी हो गए थे दीवाने

*नई दिल्ली। अभी तक बॉलीवुड पर यही आरोप लगते रहे हैं कि उसने कभी म्यूजिक हॉलीवुड से कॉपी की तो किसी और इंडस्ट्री से। लेकिन क्या आपको पता है कि कई हॉलीवुड फिल्में ऐसी हैं, जिसमें बॉलीवुड के गानों का इस्तेमाल किया गया है।*



**मेरा जूता है जापानी (डेडपूल 2026) :** पॉपुलर हॉलीवुड फिल्म डेडपूल फरवरी 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में श्री 420 के पॉपुलर गाने को जगह मिली। यह गाना मेरा जूता है जापानी है। यह गाना हॉलीवुड फिल्म में था, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया।

**छइयां-छइयां (इनसाइड मैन 2005) :** शाहरुख खान का गाना छइयां-छइयां भला किसे नहीं याद होगा या फिर पसंद होगा। यह गाना ब्लॉकबस्टर हिट रहा है और अभी तक कई रील्स में सुनने को मिल जाता है। इस गाने का भी इस्तेमाल हॉलीवुड में किया गया है। इसे साल 2005 में आई इनसाइड मैन फिल्म में फीचर किया गया था।

**छम्मा-छम्मा (मौलिन रूज 2001) :** छम्मा-छम्मा भी बॉलीवुड का ऐसा गाना है, जिसे आज तक फैंस पसंद करते हैं और गुनगुनाते रहते हैं। यह गाना चाइना गेट मूवी का है। इसे हॉलीवुड की फिल्म मौलिन रूज में इस्तेमाल किया गया। यह फिल्म साल 2001 में रिलीज हुई थी।

**मेरा मन तेरा प्यासा, वादा न तोड़ (इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड 2004) :** मोहम्मद रफी के गाने किसे नहीं पसंद होते हैं। उनके गाने मेरा मन तेरा प्यासा को भी हॉलीवुड फिल्म में जगह मिल चुकी है। यह गाना साल 2004 में रिलीज हुई इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड में बजता हुआ सुनाई दे चुका है।

**बॉम्बे थीम (लॉर्ड ऑफ वॉर 2005) :** बॉम्बे फिल्म के थीम सॉन्ग को एआर रहमान ने तैयार किया है। इसकी धुन का इस्तेमाल 2005 में आई लॉर्ड ऑफ वॉर में किया जा चुका है।

**लहरों की तरह यादें (शॉन ऑफ द डेड 2004) :** किशोर कुमार के गाने लहरों की तरह यादें किसे याद नहीं होगा। यह गाना भी बॉलीवुड इंडस्ट्री में काफी हिट रहा था। इस गाने को साल 2004 में ही आई हॉलीवुड फिल्म शॉन ऑफ द डेड में जगह मिली थी।

***मुंडियां तू बच के रही (द डिक्टेटर 2011) :*** *इस लिस्ट में एक पंजाबी गाना भी शामिल है। यह गाना मुंडियां तू बच के रहे है, जिसे पॉपुलर हॉलीवुड मूवी द डिक्टेटर में जगह मिली थी। यह फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई थी।*

***जान पहचान (घोस्ट वर्ल्ड 2001) :*** *पॉपुलर हिंदी सॉन्ग जान पहचान को भी हॉलीवुड मूवी में फीचर किया गया है। साल 2011 में रिलीज हुई हॉलीवुड मूवी घोस्ट वर्ल्ड के ओपनिंग सीन में जान पहचान सॉन्ग था।*

***छलका छलका रे (एक्सिडेंटल हस्बेंड 2008) :*** *साथिया बॉलीवुड इंडस्ट्री की शानदार फिल्मों में एक है। इसमें रानी मुखर्जी और विवेक ओबरॉय ने अपनी एक्टिंग से फैंस का दिल जीत लिया था। इसी में एक गाना था छलका छलका रे, इस गाने को साल 2008 में आई हॉलीवुड फिल्म एक्सीडेंटल हस्बेंड में फीचर किया गया था।*

# ऑपरेशन सिंदूर से ध्वस्त हुआ था पाकिस्तान का एयरबेस अब तिरपाल से ढककर छिपाने का किया जा रहा है प्रयास

## मुरीद एयरबेस में अंदर ही अंदर चल रहा है मरम्मत का काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के मुरीद एयरबेस पर भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के हमले के सात महीने बाद वहां बड़े पैमाने पर मरम्मत और पुनर्निर्माण का काम शुरू हो गया है। गूगल मैप से मिली नई हाई-रिजॉल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों में एक अहम कमांड और कंट्रोल बिल्डिंग पूरी तरह तिरपाल से ढंकी दिखाई दे रही है, जिसे मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निशाना बनाया गया था। तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि मुरीद एयरबेस की वह इमारत, जो पाकिस्तान के ड्रोन संचालन परिसर के पास है अब पूरी तरह बड़े तिरपाल से ढंकी हुई है। भारतीय वायुसेना के हमले में इस इमारत की छत का कुछ हिस्सा गिर गया था। माना जाता है कि स्ट्राइक से इमारत को भारी नुकसान हुआ था और अंदरूनी हिस्सों में भी तबाही हुई थी। हमले के बाद जून महीने की तस्वीरों में इमारत के सिर्फ एक हिस्से पर हरा तिरपाल दिखाई दिया था। उस समय नुकसान का आकलन किया जा रहा था।

### ड्रोन संचालन परिसर के पास की इमारत को हुआ था भारी नुकसान

### पाक एयरबेस की छत को भेदा था भारतीय हथियारों ने



चित्र में दिखाई दे रहा तीर तिरपाल की तरफ संकेत दे रहा है

### पाकिस्तान का सबसे महत्वपूर्ण है मुरीद एयरबेस

*पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल जिले में स्थित पीएएफ बेस मुरीद पाकिस्तान वायुसेना का अहम केंद्र है। यहां से ड्रोन और मानवरहित लड़ाकू विमान (यूसीएवी) संचालित होते हैं। इनमें शाहपर, बुर्राक, तुर्किये के बायरकतर टीबी 2/अकिनजी और चीनी विंग लूंग-2 जैसे ड्रोन शामिल हैं। 10 मई की सुबह, जब पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई से सीजफायर की बात की, उससे कुछ घंटे पहले भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस पर हमले तेज कर दिए थे। भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से 26 से अधिक जगहों पर ड्रोन घुसपैठ के जवाब में की थी।*

### अन्य पाक एयरबेस पर भी मरम्मत

मई में आईएएफ हमलों के बाद पाकिस्तान के कई एयरबेस पर मरम्मत का काम चल रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान एयरफोर्स के सरगोधा के मुशाफ एयरबेस और रहीम यार खान के रनवे भी क्षतिग्रस्त हुए थे, जिन्हें अब ठीक कर लिया गया है।जैकबाबाद, भोलारी और सुक्कुर में हैंगर तबाह हुए थे। भारतीय वायुसेना का मानना है कि जैकबाबाद में एफ-16 लड़ाकू विमान नष्ट हुए, जबकि भोलारी में एक अवेक्स विमान हैंगर के साथ तबाह हुआ। सुक्कुर में ड्रोन हैंगर को पूरी तरह गिरा दिया गया था। इस्लामाबाद के पास नूर खान एयरबेस पर भी नए ढांचे बनते दिख रहे हैं।

### सैटेलाइट की तस्वीर से बचने के लिए मलबे को सेना ने ढका

अब पूरी इमारत को बड़े तिरपाल और निर्माण जाल से ढंक दिया गया है, जिससे साफ है कि अब मरम्मत या पुनर्निर्माण का काम शुरू हो चुका है। सेनाएं अक्सर ऐसे भारी तिरपालों का इस्तेमाल सैटेलाइट निगरानी से नुकसान छिपाने, मलबा हटाने या संवेदनशील मरम्मत कार्य को ढंकने के लिए करती हैं। भारतीय वायुसेना ने यह कभी नहीं बताया कि मुरीद एयरबेस पर कौन सा हथियार इस्तेमाल किया गया। हालांकि, हमले के बाद की तस्वीरों को देखने के बाद विशेषज्ञों का मानना है कि छत को भेदने वाले विशेष मिसाइल हथियार (पैनेट्रेटर वारहेड) का इस्तेमाल हो सकता है। ऐसे हथियार तेज रफ्तार से छत को तोड़ते हैं, अंदर घुसने के बाद देर से विस्फोट करते हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलित्जर विजेता पत्रकार पीटर का निधन

**नई दिल्ली।** पुलित्जर पुरस्कार विजेता पत्रकार पीटर अर्नेट का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



उन्होंने दशकों तक गोलियों और बमों के बीच काम करते हुए दुनिया को वियतनाम के धान के खेतों से लेकर इराक के रेगिस्तानों तक युद्धों की प्रत्यक्ष रिपोर्टिंग की। गोलियों और बमों से बचते हुए दशकों तक काम करने वाले पुलित्जर पुरस्कार विजेता पत्रकार पीटर अर्नेट का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एसोसिएटेड प्रेस के लिए वियतनाम युद्ध की रिपोर्टिंग पर 1966 में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग का पुलित्जर पुरस्कार जीतने वाले थे।

### नशा तस्कर की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** पुलिस ने श्रीनगर में कुख्यात नशा तस्कर की एक



करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस स्टेशन पारिमपोरा के तहत पुलिस पोस्ट कमरवारी ने सुहेल अहमद मीर निवासी बरथना, कमरवारी से जुड़े एक दो मंजिला और एक-एक मंजिला रिहायशी घर को कुर्क करने के नोटिस जारी किए। कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य लगभग एक करोड़ आंका गया है। जांच के दौरान आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों की संपत्तियों की विस्तृत जांच की गई। आरोपी लंबे समय से नशा तस्करी कर रहा है।

## भारत-ओमान बिजनेस फोरम को किया संबोधित

# मस्कट में बोले पीएम मोदी-भारत ने नीतियों के साथ-साथ आर्थिक डीएनए भी बदल दिया

एजेंसी ▶▶ मस्कट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओमान दौरे का आज दूसरा दिन है। आज पीएम मोदी की मौजूदगी में भारत-ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समझौते से 21वीं सदी में भारत-ओमान की साझेदारी में नया विश्वास और उत्साह का संचार होगा। पीएम मोदी ने भारत-ओमान बिजनेस फोरम के कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा, भारत-ओमान साझेदारी को ये सम्मेलन नई दिशा, नई गति देगा और दोनों देशों के संबंध नई बुलंदियों पर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, सभ्यता के आरंभ से ही हमारे पूर्वज एक दूसरे के साथ समुद्र के जरिए व्यापार करते रहे हैं। मांडवी और मस्कट के बीच अरब सागर एक मजबूत पुल बना। इस पुल ने हमारे रिश्तों को मजबूत किया और संस्कृति और अर्थव्यवस्था को ताकत दी। आज हम कह सकते हैं कि समुद्र की लहरें बदलती हैं, मौसम बदलते हैं, लेकिन भारत और ओमान की दोस्ती हर मौसम में मजबूत होती है।

### *दिवाली का दीया हमारे घर को ही नहीं, पूरी दुनिया को रोशन करेगा*

**दोनों देशों के व्यापार को नई गति मिलेगी**



पीएम ने संबोधित किया

प्रधानमंत्री ने कहा हमारा रिश्ता विश्वास की नींव पर बना है और समय के साथ गहराता चला गया है। हमारे कूटनीतिक संबंधों को 70 साल हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज हम ऐतिहासिक फैसला ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता 21वीं सदी में हमारी साझेदारी को नया विश्वास और नई ऊर्जा देगा। इससे व्यापार को नई गति मिलेगी और निवेश का भरोसा बनेगा। पीएम मोदी ने कहा बीते 11 वर्षों में भारत ने न सिर्फ नीतियां ही नहीं बदली हैं बल्कि भारत ने अपना आर्थिक डीएन ही बदल दिया है। जीएसटी ने भारत को एकीकृत बाजार में बदल दिया है और दिवालिया संहिता से पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है और निवेशकों का भरोसा भी बढ़ा है। पीएम मोदी ने कहा, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को हाल ही में एक और अद्भुत सम्मान मिला है। यूनेस्को ने दिवाली को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है। अब दिवाली का दीया हमारे घर को ही नहीं, पूरी दुनिया को रोशन करेगा। ये दुनियाभर में बसे प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। दिवाली की ये वैश्विक पहचान हमारी उस रोशनी की मान्यता है, जो आशा, सद्भाव और मानवता के संदेश को, उस प्रकाश को फैलाती है।

### हम भारतीय विविधता का सम्मान करते हैं

पीएम मोदी ने ओमान की राजधानी मस्कट में भारतीय समुदाय को भी संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा, आज हम एक परिवार की तरह इकट्ठा हुए हैं। भारत में विविधता है, जो हमारी संस्कृति का मजबूत आधार है। हमारे लिए हर दिन एक नया रंग लेकर आता है, हर मौसम एक नया उत्सव बन जाता है, हर परंपरा एक नई सोच के साथ आती है। यही कारण है, हम भारतीय कहीं भी जाएं, कहीं भी रहें, हम विविधता का सम्मान करते हैं। हम वहां की संस्कृति, वहां के नियम कायदों के साथ घुल मिल जाते हैं। ओमान में आज मैं यही होते हुए देख रहा हूं।

### भारत-ओमान संबंधों की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने कहा, आज हम सब यहां भारत-ओमान 'मैत्री पर्व' भी मना रहे हैं। एम मतलब **Maritime Heritage** (समुद्री विरासत), ए का मतलब **Aspiration** (आकांक्षा), आई का मतलब **Innovation** (नवाचार), टी का मतलब **Trust and Technology** (विश्वास और तकनीक), आर का मतलब **Respect** (सम्मान) और आई का मतलब **Inclusive Growth** (समावेशी विकास) है। ये मैत्री पर्व दोनों देशों की दोस्ती और हमारी साझा सांस्कृतिक और समृद्ध भविष्य का उत्सव है।

### भारत के तेज आर्थिक विकास का जिक्र किया

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ओमान के रिश्ते व्यापार से शुरू हुए और आज शिक्षा इन्हें मजबूत बना रही है। पीएम मोदी ने कहा कि ओमान के भारतीय स्कूलों में 46 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे हैं और इनमें ओमान में रहने वाले अन्य समुदाय के लोग भी हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने भारत के तेज आर्थिक विकास का जिक्र किया और कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पीएम मोदी ने उनकी सरकार के कार्यकाल में आईआईटी, आईआईएम और एम्स की संख्या में बढ़ोतरी का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने भारत के अंतरिक्ष मिशन की उपलब्धियों का भी जिक्र किया और कहा कि हम चांद के साथ दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाले पहले देश हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। इसके बाद पीएम मोदी ने भारत की कई अन्य उपलब्धियों का जिक्र किया।

### पीएम का सुल्तान ने किया स्वागत



पीएम मोदी का गुरुवार को अल बराका पैलेस में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने चर्चा की। इस दौरान, पीएम मोदी ने भारत-ओमान संबंधों को गहरा करने में शिक्षा और अंतरिक्ष सहयोग की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और ओमान में भारतीय शिक्षा की 50वीं वर्षगांठ को दोनों देशों के संबंधों में एक प्रमुख मील का पत्थर बताया। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि एआई सहयोग, डिजिटल शिक्षा, नवाचार साझेदारी और उद्यमिता आदान-प्रदान के माध्यम से साझेदारी भविष्य के लिए तैयार हो रही है।

## दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों पर बोले पीएम

# मित्र देशों की प्रगति में हम 'साथ' ओमान की कंपनियां निवेश करें



व्यापारिक मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी ने की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करेगा। मस्कट में आयोजित भारत-ओमान बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन दोनों देशों की साझेदारी को नई दिशा देने वाला साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हम ऐसा ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। सीईपीए हमारे साझेदारी संबंधों को 21वीं सदी में नई मजबूती और नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि भारत का स्वभाव हमेशा प्रगतिशील और आत्मनिर्भर रहा है और जब भारत आगे बढ़ता है, तो अपने मित्र देशों की प्रगति में भी योगदान देता है। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी बताया और कहा कि ओमान के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि दोनों देश न केवल करीबी मित्र हैं बल्कि समुद्री पड़ोसी भी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच पीढ़ियों पुराना विश्वास है और व्यापारिक संबंधों में एक-दूसरे के बाजारों की गहरी समझ है।

### भारत की विकास यात्रा में भागीदारी का निमंत्रण

प्रधानमंत्री ने ओमान की कंपनियों को भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने केवल नीतियां ही नहीं बदलीं, बल्कि अपने आर्थिक डीएनए में भी बदलाव किया है। इस दौरान उन्होंने जीएसटी और दिवाला व शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) जैसे प्रमुख सुधारों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर ओमान पहुंचे थे। आर्थिक मोर्चे पर भारत-ओमान के बीच व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 10.5 अरब डॉलर रहा, जिसमें भारत का निर्यात लगभग 4 अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर रहा।

## पाकिस्तानी हमले के बाद तालिबान का पलटवार

# कुनार बॉर्डर पर भारी गोलीबारी से सहमे लोग, रातभर हुए हमले

पाकिस्तान और तालिबान के बीच इससे पहले भी हो चुके हैं कई हमले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सेना गुरुवार को फिर एक दूसरे से भिड़ गईं। स्थानीय मीडिया ने कुनार में रहने लोगों के हवाले से ये जानकारी दी है। दोनों ही ओर से भारी गोलीबारी की खबर है। अफगानिस्तान की जानी मानी न्यूज एजेंसी के अनुसार बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान की सीमा में कुछ रॉकेट दागे थे, जिसके बाद तालिबानी सेना ने जवाबी कार्रवाई की। इलाके के लोग इस हमले से दहशत में हैं। इस



मामले को लेकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। पिछले दो महीनों में काबुल की ओर से लगाए गए बॉर्डर प्रतिबंधों के कारण पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच सीमा पार व्यापार और आवाजाही काफी हद तक बंद है, जिससे पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हजारों व्यापारियों पर असर पड़ा है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाक-अफगान ज्वांइट चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएजेसीसीआई) के जियाउल हक सरहदी और सरहद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजूर इलाही ने एक संयुक्त बयान में खुलासा किया है कि अफगानिस्तान के साथ व्यापार बंद होने के कारण पाकिस्तान को 4.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

## कई देश लगा चुके हैं प्रतिबंध

# ऑस्ट्रिया के बाद अब डेनमार्क ने बैन कर दिया हिजाब और बुर्का

एजेंसी ▶▶ कोपेनहेगेन

यूरोपीय देश डेनमार्क अब स्कूलों और यूनिवर्सिटी में बुर्का, नकाब और चेहरा ढकने वाले कपड़े पर प्रतिबंध लगाने लगाने जा रहा है। डेनमार्क में सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा ढकने पर पहले ही रोक है और अब इसे स्कूलों और यूनिवर्सिटी में भी लागू करने की तैयारी है। देश के इमिग्रेशन और इंटीग्रेशन मंत्री रासमस स्टॉकलुंड ने एक बयान में कहा, बुर्का, नकाब या ऐसे कपड़े जो लोगों के चेहरे छिपाते हैं, उनकी डेनमार्क के क्लासरूम में कोई जगह नहीं है। इससे पहले आस्ट्रिया ने भी कुछ इसी तरह के कदम उठाए हैं।

डेनमार्क प्रशासन ने अगस्त 2018 में सार्वजनिक जगहों पर पूरे चेहरे को ढकने वाले कपड़े पर पूरी



तरह रोक लगा दी थी, जिसमें बुर्का और नकाब जैसे इस्लामिक परिधान भी शामिल थे। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाता था। अब इसे आगे बढ़ाने की योजना है। रिपोर्ट के अनुसार पूरे चेहरे को ढकने वाले नकाब को बढ़ाने वाला बिल फरवरी 2026 में डेनमार्क की संसद में पेश किया जाएगा।

## व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल का एक और आतंकी गिरफ्तार

# एनआईए ने शोपियां के यासिर डार को दिल्ली से दबोच लिया

दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके के बाद 9वां आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विस्फोट मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक और बड़ी सफलता मिली है। एनआईए ने व्हाइट कॉलर मॉड्यूल के एक और आतंकी यासिर डार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यासिर डार दक्षिण कश्मीर में जिला शोपियां का रहने वाला है।

गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने उसे दिल्ली की पटियाला कोर्ट में पेश किया है। उसे 26 दिसंबर तक रिमांड पर भेजा है। इसके साथ ही एनआईए ने दिल्ली धमाका मामले



में नौवीं गिरफ्तारी की है। एनआईए की जांच से पता चला है कि यासिर अहमद डार इस आतंकी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था। उसने वफादारी की शपथ ली थी और आत्मघाती (फिदायीन) हमले को अंजाम देने की कसम खाई थी। जांच एजेंसी के अनुसार, यासिर अन्य आरोपियों के साथ घनिष्ठ संपर्क में था, जिनमें धमाके को अंजाम देने वाला मृतक आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर उन नबी और मुफ्ती इरफान शामिल हैं।

बता दें कि 10 नवंबर को हुए आतंकी हमले में 15 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 22 से अधिक लोग घायल हुए थे। इससे पहले दिल्ली धमाका मामले में एनआईए ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक और आतंकी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला को जम्मू-कश्मीर के बारामूला से गिरफ्तार किया है। वह आठवां आतंकी था।

## राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष डेविड वान वील के साथ की बैठक

# भारत और नीदरलैंड्स रक्षा के क्षेत्र में मिलकर करेंगे कई बड़े काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री डेविड वान वील से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ती और मजबूत रक्षा साझेदारी की पुष्टि की गई। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने कार्यनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस मुलाकात में एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत और नीदरलैंड्स की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। दोनों मंत्रियों ने एक करीबी रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों, विशेष रूप से विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, को जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड्स की राजदूत मारिसा जेराड्र्स ने दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर आशय पत्र का आदान-प्रदान किया।

दोनों देश प्रौद्योगिकी सहयोग, सह-उत्पादन और प्लेटफार्मों एवं उपकरणों के सह-विकास के लिए एक रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके पारस्परिक लाभ के लिए चिन्हित क्षेत्रों में रक्षा सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना चाहते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध बहुत मजबूत हैं, और नीदरलैंड्स में बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय एक जीवित सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो दोस्ती के बंधनों को मजबूत कर रहे हैं।

दोनों देशों की सेनाओं के बीच बढ़ाएंगे सहयोग, लक्ष्य के साथ करेंगे काम

रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके पारस्परिक लाभ के लिए चिन्हित करेंगे



### एस. जयशंकर से करेंगे मुलाकात



भारत के विदेश मंत्रालय ने नीदरलैंड के विदेश मंत्री के भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचने की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत में आपका स्वागत है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील आज नई दिल्ली पहुंचे। दिल्ली और मुंबई में आयोजित उनके कार्यक्रमों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने और उनमें विविधता लाने पर फोकस रहेगा। इस महीने की शुरुआत में भारत और नीदरलैंड ने नई दिल्ली में 13वीं विदेश कार्यालय परामर्श बैठक की थी। इसमें दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर और एआई, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ग्रीन हाइड्रोजन और शिपिंग, रक्षा और सुरक्षा, महत्वपूर्ण तकनीकों और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई।

## तकनीक से जुटा रहा करोड़ों का फंड

# पेड़ों और बांधों को डिजिटल संपत्ति में बदल रहा चीन, रखा बड़ा लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक्नोलॉजी की मदद से आजकल असंभव को भी संभव किया जा सकता है, लेकिन इस मामले में चीन कई विकसित देशों से आगे निकल चुका है। चीन ने ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का उपयोग कर निवेश को बिल्कुल ही नया आयाम दे दिया है। चीन में कंपनियां कई कीमती और दुर्लभ चीजों को डिजिटल संपत्ति में बदल रहीं हैं, ताकि भविष्य में उससे मुनाफा कमाया जा सके। चीन के हैनान द्वीप पर पाए जाने वाले दुर्लभ हुआंगहुआली पेड़ों की अब तस्वीरें ली जा रही हैं ताकि उन्हें डिजिटल संपत्ति में बदला जा सके। यह शीशम की एक ऐसी प्रजाति है जिसे कभी चीनी सम्राट पसंद किया करते थे। समस्या यह है कि इस पेड़



को तैयार होने में दशकों लग जाते हैं, जिससे किसानों को लंबे समय तक पैसे का इंतजार करना पड़ता है। अब गीली टेक्नोलॉजी ग्रुप जैसी कंपनियां इन पेड़ों को रियल वर्ल्ड एसेट यानी डिजिटल टोकन में बदलकर निवेशकों से पैसा जुटा रही हैं। आसान शब्दों में कहें तो, आप एक पूरे पेड़ के बजाय उसके एक छोटे से हिस्से का डिजिटल शेयर खरीद सकते हैं।

# पिच पर सांप, तो कभी धुंध और एक बार मधुमक्खियों ने रुकवाए क्रिकेट मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 मैच लखनऊ में आयोजित होना था, लेकिन घने कोहरे के कारण यह मैच शुरू ही नहीं हो पाया। इतना ही नहीं, इस मैच में टॉस तक नहीं हुआ। बुधवार को निर्धारित टॉस समय शाम 6:30 बजे था, लेकिन धुंध को देखते हुए अंपायरों ने इसे स्थगित करने का निर्णय लिया। तीन घंटे तक मैच रोके जाने के बाद अंततः इसे रद्द कर दिया गया।



## क्रिकेट इतिहास में ऐसे कई अजीबो-गरीब कारण हैं जिनकी वजह से मैच रोकना पड़ा

### मैच रद्द कराना होता है चुनौतीपूर्ण

क्रिकेट में ऐसे अजीबो-गरीब कारणों से मैच रोकना या रद्द करना न केवल खिलाड़ियों और आयोजकों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, बल्कि यह दर्शकों के लिए भी अनपेक्षित परिस्थितियाँ पैदा करता है। लखनऊ का चौथा टी20 मैच भी ऐसे ही दुर्भाग्यपूर्ण कारणों से रद्द हुआ और क्रिकेट प्रेमियों के लिए निराशा का विषय बन गया।

### मधुमक्खियों की वजह से रुका मैच

2017 में जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच वनडे मैच के दौरान ग्राउंड पर मधुमक्खियों का झुंड आ गया। सुरक्षा कारणों से मैच को एक घंटे से अधिक समय तक रोकना पड़ा।



### ग्राउंड पर सांप और कुत्ता

श्रीलंका में कई बार क्रिकेट मैच के दौरान ग्राउंड पर सांप देखने के कारण मैच रोके गए। इसके अलावा ग्राउंड पर कुत्ते, मोर, कबूतर और अन्य पक्षियों व जानवरों के प्रवेश के कारण भी कई मैचों को कुछ देर के लिए रोका गया।



### सूरज की तेज रोशनी

यह घटना 2019 की है, जब भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे मैच में सूरज की अधिक रौशनी सीधे बल्लेबाजों की आंखों पर पड़ रही थी। नेपियर के मैक्लीन पार्क में खेले गए इस मैच में बल्लेबाजों की सुरक्षा को देखते हुए मैच लगभग आधे घंटे के लिए रोका गया।

### स्टेडियम में फायर ब्रिगेड की उपस्थिति

जनवरी 2017 में न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड के बीच खेले गए मैच में नेथन लायन द्वारा टोस्ट जलाने के कारण स्टेडियम में फायर अलार्म बज गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को स्टेडियम पहुंचना पड़ा। 2007 में भी एक काउंटी चैम्पियनशिप मैच में रसोई में ग्रेवी जलने के कारण उठे धुएं ने फायर अलार्म बजा दिया था और स्टेडियम खाली कराया गया था।

### पिच पर कार का प्रवेश

दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान एक व्यक्ति पिच पर कार लेकर आ गया। खिलाड़ियों और अंपायरों के रोकने के बावजूद वह पिच पर कार चलाने की कोशिश कर रहा था। इस मैच में टीम इंडिया के वर्तमान हेड कोच गौतम गंभीर भी मौजूद थे। यह मैच पालम के मैदान में खेला गया था।

### पिच पर गेंद धंसने से मैच रद्द

महिला बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेन्स और एडिलेड स्ट्राइकर्स के बीच मैच के इनिंग ब्रेक के दौरान रोलर के नीचे गेंद आने के कारण पिच पर गड्ढा हो गया। इस वजह से मैच को पूरी तरह रद्द करना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स को हराया

**दुबई।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की 67 रन की शानदार पारी और राशिद खान की उम्दा गेंदबाजी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के कम स्कोर वाले मैच में दुबई कैपिटल्स पर सात रन की रोमांचक जीत हासिल की। बेयरस्टो (40 गेंदों में 67 रन) के अर्धशतक के बावजूद एमआई एमिरेट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 137 रन ही बना पाई। कैपिटल्स की तरफ से मुस्तफिजुर रहमान ने 34 रन देकर तीन जबकि जवादुल्लाह ने सात रन देकर दो विकेट लिए। दुबई कैपिटल्स की टीम छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जॉर्डन कॉक्स ने 46 और शयान जहांगीर ने 34 रन बनाए। राशिद खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए एमआई एमिरेट्स की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### भारत ए ने शारीरिक दिव्यांगता श्रृंखला में इंडिया सीनियर्स को हराया



**मुंबई।** जीएस शिव शंकर के 43 गेंद में 67 रन बेकार गए चूंकि भारत ए ने शारीरिक दिव्यांगता टी20 श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मैच में भारत सीनियर्स को 28 रन से हरा दिया। श्रृंखला के दोनों मैच हार चुकी भारत ए ने तीसरे मैच में आठ विकेट पर 164 रन बनाये जिसके जवाब में भारत सीनियर्स टीम 19.3 ओवर में 136 रन पर आउट हो गई। नोंसोला आदिल ने 40 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि जी प्रशांत और मोहम्मद सादिक ने दो दो विकेट चटकाये। श्रृंखला में प्लेयर आफ द मैच को 11000 रूपये और प्लेयर आफ द सीरिज रहे भारत सीनियर्स के वसीम इकबाल को 21000 रूपये मिले।

### सम्राट आईएसएसएफ के शीर्ष पांच में शामिल



**नई दिल्ली।** पिछले महीने काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में भारतीय पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा के प्रदर्शन को अंतराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने वर्ष के शीर्ष पांच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में शामिल किया है। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 20 वर्षीय निशानेबाज राणा ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह इस स्पर्धा में सीनियर वर्ग का व्यक्तिगत विश्व खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं। इस प्रतिभाशाली निशानेबाज ने इसी प्रतियोगिता में अपनी पसंदीदा स्पर्धा में ईशा सिंह के साथ मिश्रित टीम का रजत पदक भी जीता था।

## अहमदाबाद की पिच पर 7 बजे से शुरू होगा असली संग्राम !

# भारत सीरीज जीतने और साउथ अफ्रीका ड्रा कराने के इरादे से आज दिखाएंगे दमखम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अहमदाबाद। साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम का भारत दौरा अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अब टी20 इंटरनेशनल सीरीज चल रही है। इस सीरीज का आखिरी यानी आज होने वाला पांचवां मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसी मैच से यह तय होगा कि ट्रॉफी किसके नाम जाएगी। भारत आज शुक्रवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज कर सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा वहीं दक्षिण अफ्रीका कैसे भी करके यह सीरीज 2-2 से ड्रा कराने के लिए पूरा जोर लगाएगी। मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। सीरीज का आखिरी मैच होने और दोनों टीमों के प्रदर्शन को देखते हुए यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। क्रिकेट प्रशंसक इस निर्णायक मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो भारत दौरे का शानदार समापन साबित हो सकता है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज के चार मुकाबले अब तक पूरे हो चुके हैं। हालांकि चौथा मैच खराब मौसम की भेंट चढ़ गया। वर्तमान में भारत 2-1 से आगे है। अब टीम इंडिया के पास आखिरी मैच जीतकर एक और टी20 सीरीज अपने नाम करने का सुनहरा अवसर है।



### शुभमन की जगह ले सकते हैं सैमसन

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज के आखिरी मैच से भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल अपने पैर के अंगूठे की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। संजू सैमसन, जो भारत के पसंदीदा ओपनर थे, आखिरी मैच में गिल की जगह ले सकते हैं। बता दें कि सैमसन पहले तीन टी-20 मैचों में बेंच पर बैठे थे। गिल इस समय बेहद खराब फॉर्म में चल रहे हैं।

### साउथ अफ्रीका की नजर बराबरी पर

हालांकि साउथ अफ्रीकी टीम फिलहाल सीरीज में पीछे चल रही है और वह अब सीरीज नहीं जीत सकती, लेकिन उसके पास आखिरी मुकाबला जीतकर सीरीज को बराबरी पर समाप्त करने का मौका जरूर है। ऐसे में यह मैच दोनों टीमों के लिए प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास के लिहाज से काफी अहम हो गया है। साउथ अफ्रीका की कोशिश होगी कि वह मजबूत प्रदर्शन कर सीरीज ड्रॉ कराए।

### दोनों टीमों के बीच रहा है कांटे का टक्कर

दोनों टीमें टी-20 क्रिकेट में 34 बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं और इस बीच भारत ने 20 मैच जीते हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 13 मैच अपने नाम किए हैं। इस दौरान 1 मैच बेनतीजा भी रहा है। भारतीय जमीन पर दोनों टीमें 15 बार आमने-सामने हैं। भारतीय टीम ने 7 मैच जीते हैं, जबकि प्रोटियाज टीम ने भी 7 मैच जीते (बेनतीजा- 1) हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके घर पर भारत ने 9-4 से बढ़त बनाई है।

### इन पर रहेगी नजर

अभिषेक ने पिछले 10 मुकाबलों में 33.11 की औसत और 169.31 की स्ट्राइक रेट से 298 रन बनाए हैं। तिलक के बल्ले से पिछले 9 टी-20 मुकाबलों में 53.2 की औसत से 266 रन निकले हैं। ब्रेविस ने से पिछले 9 मैच में 153.09 की स्ट्राइक रेट से 173 रन बनाए हैं। मार्करम ने पिछले 6 मैच में 174 रन बनाए हैं। वरुण ने पिछले 8 मैच में 14 और अर्शदीप ने 6 मैच में 9 विकेट लिए हैं।

## फुटबॉल

# पीएसजी ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता



एजेंसी ▶▶| दोहा

मात्वेई सफोनोव ने पेनल्टी शूटआउट में लगातार चार पेनल्टी बचाईं जिससे पेरिस सेंट जर्मेन ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में फ्लेमेंगो को हराकर वर्ष 2025 में अपनी छठी ट्रॉफी जीती।

निर्धारित और अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था जिसके बाद पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से जीत हासिल की। पीएसजी ने इस तरह से वर्ष 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने इससे पहले डेस चैंपियंस, फ्रेंच लीग, फ्रेंच कप, चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप जीता था।

ख्विचा क्वारात्स्खेलिया ने 38वें मिनट में पीएसजी को बढ़त दिलाई, जिसके बाद 62वें मिनट में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को बराबरी दिलाई। मैच खत्म होते ही रूसी गोलकीपर सफोनोव को उनके साथियों ने हवा में उछाल दिया।

### ईगल्स ने डब्ल्यूटीएल में काइट्स को हराया

**बेंगलुरु।** सुमित नागल और पाउला बाडोसा के शानदार प्रदर्शन से ईगल्स ने यहां काइट्स को हराकर विश्व टेनिस लीग में फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। नागल ने बेहद कड़े मुकाबले में दक्षिणेश्वर सुरेश को 40 मिनट में 7-6 से हराकर ईगल्स को विजयी शुरुआत दिलाई। बाडोसा ने महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में मार्टा कोस्त्युक को 6-1 से शिकस्त दी। बाडोसा ने इसके बाद गेल मोनफिल्स के साथ मिलकर दक्षिणेश्वर और कोस्त्युक की जोड़ी को 6-3 से हराया। पुरुष युगल में भी मोनफिल्स और नागल ने निक किर्गियोस और दक्षिणेश्वर को 6-3 से हराकर ईगल्स की 25-13 से जीत सुनिश्चित की।

## भारतीय निशानेबाजी लीग

# नई फ्रेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस निशानेबाजी लीग में शामिल




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल 16 से 26 फरवरी तक होने वाली भारतीय निशानेबाजी लीग में गुरुवार को यूपी प्रोमेथियंस के रूप में नई फ्रेंचाइजी को शामिल किया गया। यह टीम नोएडा स्थित प्रोमेथियस स्कूल की है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में खेल की अपार संभावनाएं हैं तथा एक मजबूत शैक्षणिक और विकास के मूल मंत्र से से प्रेरित फ्रेंचाइजी के जुड़ने से लीग का महत्व बढ़ गया है।''एसएलआई में पिस्टल, राइफल और शॉटगन की स्पर्धाओं में मिश्रित टीम प्रारूप में खेलने वाले शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज भाग लेंगे।

### कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी

इस प्रतियोगिता में कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी। इनमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। लीग चरण के लिए टीमों को दो वर्ग में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट राउंड के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों का चयन चार श्रेणियों एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, राष्ट्रीय चैंपियन तथा जूनियर एवं युवा में किया जाएगा। इस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार खिलाड़ियों, भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं के संयोजन वाली टीम तैयार की जाएंगी।

### केतन ने 10 मी एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** हरियाणा की केतन मलिक पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर जैसी दिग्गज को हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में राष्ट्रीय चैम्पियन बन गई। केतन ने 240 का स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की मीनू पाठक को रजत और सुरभि राव को कांस्य पदक मिला। जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंशिका चौधरी ने स्वर्ण, अंजलि शेखावत ने रजत और एशियाई खेल चैम्पियन पलक गूलिया ने कांस्य पदक जीता। सेना निशानेबाजी ईकाई की लक्षिता बिश्नोई ने युवा वर्ग में खिताब जीता। रश्मिका सहगल को रजत और संस्कृति बाना को कांस्य पदक मिला। क्वालीफिकेशन में 900 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया था जिसमे गूलिया और भाकर शीर्ष पर रही थी। फाइनल में भाकर 137 . 2 स्कोर करके सातवें स्थान पर रही।

### अस्पताल से घर वापस लौटे यशस्वी, न्यूजीलैंड सीरीज में वापसी की उम्मीद

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की ओर से हिस्सा ले रहे थे। पुणे में राजस्थान के खिलाफ मैच के बाद उन्हें पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब खबर है कि जायसवाल अस्पताल से अपने घर मुंबई लौट आए हैं। जायसवाल को 7 से 10 दिन के आराम की सलाह दी गई है। जायसवाल की न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी करने की उम्मीद है। बता दें कि न्यूजीलैंड को भारत दौरे पर 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसका पहला मुकाबला 11 जनवरी, 2026 को खेला जाएगा। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। जायसवाल को मैच के दौरान पेट में ऐंठन महसूस हुई, जो मुकाबले के बाद और बढ़ गई। इसके बाद उन्हें पिंपरी-चिंचवड स्थित आदित्य बिड़ला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें फूड पॉइजनिंग के कारण पेट और आंतों में सूजन होने की पुष्टि की थी।



# अब वर्ल्ड कप फुटबॉल विजेता को मिलेंगे पांच करोड़ डॉलर

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को घोषणा की कि 2026 में होने वाले विश्व कप के विजेता को 655 मिलियन डॉलर की कुल पुरस्कार राशि में से 50 मिलियन डॉलर (पांच करोड डॉलर) मिलेंगे। अर्जेंटीना को 2022 में चैंपियन बनने पर 42 मिलियन डॉलर और फ्रांस को 2018 में विश्व कप जीतने पर 38 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अगले विश्व कप में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान पुरस्कार राशि का लक्ष्य निर्धारित किया है। विश्व कप 2026 की कुल पुरस्कार



राशि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2023 में खेले गए महिला विश्व कप की 110 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से लगभग छह गुना अधिक होगी।

### महिला विश्व कप 2027 में किसको कितना मिलेगा

अगला महिला विश्व कप 2027 में ब्राजील में होगा। विश्व कप 2026 में कुल 48 टीम भाग लेंगी। ग्रुप चरण में बाहर होने वाली टीमों को नौ मिलियन डॉलर, अगले दौर में पहुंचने वाली टीमों को 11 मिलियन डॉलर और राउंड ऑफ़ 16 में पहुंचने वाली टीमों को 15 मिलियन डॉलर मिलेंगे। क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 19 मिलियन डॉलर, चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 27 मिलियन डॉलर, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 29 मिलियन डॉलर और फाइनल में हारने वाली टीम को 33 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

## एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रहा तीसरा टेस्ट

# इंग्लैंड की पारी लड़खड़ाई, 8 विकेट पर 213 रन

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

एशेज सीरीज 2025-26 के तीसरे एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 371 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक 8 विकेट खोकर 213 रन बना लिए। दूसरे दिन के स्टम्प्स तक क्रीज में कप्तान बेन स्टोक्स (45) और जोफ्रा आर्चर (30) बने हुए हैं। आइए दूसरे दिन के खेल पर एक नजर डालते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 371 रन



### स्टार्क ने लगाया अर्धशतक

कल के स्कोर 326/8 से आगे खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम से मिचेल स्टार्क ने अपना अर्धशतक पूरा किया। कल के दिन 33 रन बनाकर नाबाद रहने वाले स्टार्क 54 रन की पारी खेलकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुए। आखिर में नाथन लियोन (9) आउट होने वाले आखिरी ऑस्ट्रेलियाई बने। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी में 91.2 ओवर बल्लेबाजी की और दूसरे दिन के पहले सत्र के दौरान मेजबान टीम सिमट गई।

### आर्चर ने की उम्दा गेंदबाजी

आर्चर ने 20.2 ओवर गेंदबाजी की और 5 मेडन के साथ 53 रन देकर 5 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 2.60 की रही। इस खिलाड़ी ने जेक वेदराल्ड (18), मार्नस लाबुशेन (19), कैमरून ग्रीन (0), स्टार्क (54) और लियोन (9) को अपना शिकार बनाया। यह एशेज सीरीज में आर्चर का तीसरा 5 विकेट हॉल रहा। आर्चर के अलावा ऑस्ट्रेलिया की पारी में ब्रायडन क्रॉस और विल जैक्स ने 2-2 विकेट लिए। जोश टंग ने 1 सफलता हासिल की।

### रूट को सर्वाधिक बार आउट करने वाले गेंदबाज बने पेट कमिंस

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन सिर्फ 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कंगारू टीम के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने रूट को टेस्ट में कुल 12वीं बार आउट किया है और वह उन्हें सर्वाधिक बार आउट करने वाले विरोधी गेंदबाज बन गए हैं। कमिंस ने तोड़ा बुमराह और स्टार्क का रिकॉर्ड कमिंस ने जसप्रीत बुमराह और मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ दिया है। इन गेंदबाजों ने रूट को टेस्ट क्रिकेट में 11-11 बार आउट किया है। जोश हेजलवुड ने इंग्लैंड के इस दिग्गज बल्लेबाज को 10 बार आउट किया था। कमिंस चोटिल होने के कारण सीरीज के पहले 2 टेस्ट मैच नहीं खेले थे।




**भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण ने बना दिया ओवरब्रिज जानलेवा**

# एक ओर से धंसा जबलपुर-भोपाल नेशनल हाईवे 45 का ओवर ब्रिज

फतेह सिंह



**वनवे रोड से करीबन 6 माह से चल रहा नेशनल हाईवे का हैवी ट्रैफिक**

**जबलपुर।** जबलपुर भोपाल नेशनल हाईवे 45 पर रेलवे लाइन के ऊपर बना ओवरब्रिज भृष्टाचार की भेंट चढ़ गया है और कुछ सालों पूर्व बनकर तैयार हुआ ब्रिज एक साइड से बारिश क्षतिग्रस्त हो गया है। जबलपुर से महज 40 किलोमीटर की दूरी पर शहपुरा भिटोनी बाईपास पर स्थित नेशनल हाईवे का ओवर ब्रिज के घटिया निर्माण की पोल खुल गई है जबलपुर-भोपाल मार्ग पर अब लोगों की जान पर खतरा सा मंडरा रहा है स्थानी लोग बताते हैं कि नेशनल हाईवे 45 पर भोपाल तरफ आने वाली सड़क पर मरम्मत का कार्य कछुआ की चाल की भांति चल चल रहा है एक तरफ मरम्मत चल रही है और दूसरी तरफ वन-वे हैवी ट्रैफिक नेशनल हाईवे का चालू कर भारी वाहनों को निकाला जा रहा है ब्रिज के नीचे सपोर्ट के लिए जैक-रॉड और पिलर का इस्तेमाल हो रहा है, लोग कहते हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है स्थानीय लोगों का कहना है कि यह ब्रिज घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा है और प्रशासन इससे बेखबर है, नेशनल हाईवे ब्रिज थोड़ी दूरी पर नेशनल हाईवे का टोल प्लाजा भी स्थित है जिससे रोजाना हजारों की संख्या में गुर्जर रहे हैं जिससे ब्रिज की चालू वन वे रोड पर भारी वाहनों का दबाव बढ़ रहा है। क्षतिग्रस्त ब्रिज भारी भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। तीन माह से मरम्मत का कार्य चल रहा है। वन-वे रोड चालू होने के कारण रात और दिन में दुर्घटनाएं भी रही है दूसरी तरफ वन-वे चालू किया गया, जिस पर भारी वाहनों के आवागमन के लिए पिलर और जैक-रॉड का सपोर्ट दिया गया है। बढ़ते दबाव और सपोर्ट के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# नियम बनाते समय किया था क्वांटिफायबल डाटा, कर्मचारियों की प्रशासनिक क्षमता का आंकलन

## प्रमोशन में आरक्षण का मामला : राज्य सरकार का हाईकोर्ट में तर्क

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में गुरुवार को प्रदेश के कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए बनाए नियम को चुनौती देने वाले मामले में सुनवाई हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने दलील दी कि नियम बनाने के पहले सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरी एक्सरसाइज की गई है।



नियम बनाते समय क्वांटिफायबल डाटा का परीक्षण किया गया था। इसके अलावा कर्मचारियों की प्रशासनिक क्षमता का आंकलन भी किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप कमेटी गठित कर कैडरवाइस डाटा का परीक्षण करने के बाद पदों को आरक्षित किया गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 6 जनवरी को नियत की है।

सुनवाई शुरू होते ही कुछ देर याचिकाकर्ताओं की ओर से विभिन्न विभागों में आरक्षण और पदों की संख्या को लेकर कुछ डाटा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सरकार ने अपनी दलीलें पूरी की।कोर्ट ने सरकार की दलीलों पर कई बार सवाल उठाए। इस दौरान शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, अतिरिक्त महाधिवक्ता नीलेश यादव, जान्हवी पंडित और धीरेंद्र सिंह परमार भी उपस्थित हुए।सरकार की दलीलों के पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व का डाटा भी पेश किया गया। इसमें यह दावा किया गया है कि आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों को अधिक प्रमोशन दिए गए हैं, जिस कारण एससी व एसटी वर्ग के कर्मचारी ऊंचे पदों पर पदस्थ हैं। वहीं अनारक्षित वर्ग के कर्मचारियों को कम या देरी प्रमोशन दिए गए, जिनके नाम ग्रेडेशन लिस्ट नीचे हैं।

गौरतलब है कि भोपाल निवासी डा. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए।

## उद्यान की भूमि में निर्माण पर रोक बरकरार

### जनहित याचिका : अगली सुनवाई नौ फरवरी को

जबलपुर ।मप्र हाईकोर्ट ने मंडला जिले में उद्यान की भूमि पर नवीन कलेक्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण पर पूर्व में लगाई गई अंतरिम रोक बरकरार रखी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई नौ फरवरी को नियत की है।

जनहित याचिकाकर्ता महात्मा गांधी वार्ड, मंडला निवासी अब्दुल गफ्फार कुरैशी की ओर से दलील दी गई कि मंडला शहर में नर्सरी उद्यान है, जो कि करीब छह एकड़ में फैला हुआ है। जिसमें 10 हजार से अधिक पेड़-पौधे लगे हुए है, जिससे व्यापक रूप से शहरवासियों को आक्सीजन प्राप्त होती है। हाल ही में शासन ने उक्त उद्यान भूमि पर जिला कलेक्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नवीन भवन निर्माण के आदेश जारी किए हैं। शीघ्र ही निर्माण कार्य भी शुरु होने वाला है। उक्त निर्माण कार्य से हरे-पौधों को काटा जाएगा, जो कि अनुचित है। जनहित याचिका में राहत चाही गई है कि उक्त दोनों भवनों का निर्माण अन्यत्र स्थान पर किया जाए, ताकि पेड़-पौधों को बचाया जा सके। मामले में राज्य शासन, प्रमुख सचिव, मंडला कलेक्टर, पीसीसीएफ भोपाल, सीसीएफ जबलपुर, डायरेक्टर बागवानी विभाग भोपाल, असिस्टेंट डायरेक्टर बागवानी मंडला, डिवीजन फॉरेस्टस अधिकारी मंडला को पक्षकार बनाया गया है।

# नये साल से 46 ट्रेनों के चलने और पहुंचने के समय में बदलाव



**जबलपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा 01 जनवरी, 2026 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू की जा रही है। पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ एवं टर्मिनेट होने वाली ट्रेनों के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

**ट्रेनों का समय बदला**

गाड़ी संख्या 51705 जबलपुर-नैनपुर पैसेंजर, जबलपुर से 10:15 बजे की बजाय 09:55 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस, जबलपुर से 16:25 बजे की बजाय 15:45 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22190 रीवा-जबलपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस, रीवा से 06:00 बजे की बजाय 05:45 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22173 चांदाफोर्ट-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, चांदाफोर्ट से14:50 बजे की बजाय 15:10 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12186 रीवा-आरकेएमपी रीवांचल एक्सप्रेस, रीवा से 19:55 बजे की बजाय 19:50 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22145 भोपाल-रीवा एक्सप्रेस, भोपाल से 23:05 बजे की बजाय 23:00 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19324 भोपाल-डॉ अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस, भोपाल से 17:00 बजे की बजाय 17:10 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस, भोपाल से 16:55 बजे की बजाय 16:40 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 22:00 बजे की बजाय 21:55 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12197 भोपाल ग्वालियर एक्सप्रेस, भोपाल से 15:15 बजे की बजाय 15:10 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस, भोपाल से 16:35 बजे की बजाय 16:30 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22172 रानी कमलापति-पुणे हमसफर एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 15:50 बजे की बजाय 15:40 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल, रानी कमलापति से 15:40 बजे की बजाय 15:20 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22983 कोटा-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोटा से 06:30 बजे की बजाय 06:35 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19816 कोटा-मंदसौर एक्सप्रेस, कोटा से 04:45 बजे की बजाय 05:45 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19815 मंदसौर-कोटा एक्सप्रेस, मंदसौर से 11:35 बजे की बजाय 12:05 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19811 कोटा-इटावा एक्सप्रेस, कोटा से 00:10 बजे की बजाय 00:20 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19822 कोटा-असरवा एक्सप्रेस, कोटा से 18:45 बजे की बजाय 18:55 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 61624 कोटा-चौमहला मेमू एक्सप्रेस, कोटा से 05:45 बजे की बजाय 05:40 बजे प्रस्थान करेगी।

**गन्तव्य का समय भी बदला .....**

गाड़ी संख्या 22190 रीवा-जबलपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस, जबलपुर 10:15 बजे की बजाय 10:00 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 22173 चांदाफोर्ट-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, जबलपुर 23:30 बजे की बजाय 23:50 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11706 रीवा-जबलपुर शटल एक्सप्रेस, जबलपुर 20:35 बजे की बजाय 21:05 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इण्टरसिटी एक्सप्रेस, सिंगरौली 23:45 बजे की बजाय 23:15 बजे पहुँचेगी।गाड़ी संख्या 12185 आरकेएमपी-रीवा रीवांचल एक्सप्रेस, रीवा 08:00 बजे की बजाय 07:55 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, रीवा 05:55 बजे की बजाय 06:05 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस, कटनी 05:00 बजे की बजाय 05:15 बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 61607 सतना-मानिकपुर मेमू एक्सप्रेस, मानिकपुर 18:50 बजे की बजाय 19:15 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 61608 मानिकपुर-सतना मेमू एक्सप्रेस, सतना 21:25 बजे की बजाय 22:15 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस, रीवा 08:20 बजे की बजाय 08:30 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस, रीवा 08:20 बजे की बजाय 08:30 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 22146 रीवा-भोपाल एक्सप्रेस, भोपाल 08:10 बजे की बजाय 08:15 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस, इटारसी 11:30 बजे की बजाय 13:20 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11272 इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस, इटारसी 12:30 बजे की बजाय 13:50 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11602 कटनी-बीना, बीना 19:05 बजे की बजाय 20:00 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, भोपाल 17:18 बजे की बजाय 17:00 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 51884 ग्वालियर-बीना पैसेंजर, बीना 16:25 बजे की बजाय 16:20 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11603 कोटा-बीना मेमू, बीना 16;55 बजे की बजाय 16:50 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 19819 वड़ोदरा-कोटा एक्सप्रेस, कोटा 21:30 बजे की बजाय 21:25 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 22984 इंदौर-कोटा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोटा 23:25 बजे की बजाय 23:20 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 19816 कोटा-मंदसौर एक्सप्रेस, मंदसौर 10:00 बजे की बजाय 11:00 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 19815 मंदसौर-कोटा एक्सप्रेस, कोटा 17:05 बजे की बजाय 17:15 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 61615 नागदा-कोटा मेमू एक्सप्रेस, कोटा 19:00 बजे की बजाय 19:05 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 59837 अकलेरा-कोटा पैसेंजर, कोटा 13:45 बजे की बजाय 13:40 बजे पहुँचेगी।

## जबलपुर से होकर चल रही कानपुर स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्धयेश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 04119/04120 कानपूर सेंट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर सेंट्रल के बीच दो-दो ट्रिप विशेष किराये पर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी के स्टेशनों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा।

ट्रेन संख्या 04119/04120 कानपूर सेंट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर सेंट्रल स्पेशल ट्रेन (02-02 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 04119 कानपूर सेंट्रल-एलटीटी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार दिनाँक 22 एवं 29 दिसम्बर 2025 को कानपूर सेन्ट्रल स्टेशन से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान कर सतना रात 21:10 बजे, पहुँचकर अगले दिन जबलपुर मध्य रात्रि 00:00 बजे, इटारसी 03:30 बजे और मंगलवार दोपहर 14:55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04120 एलटीटी-कानपुर सेंट्रल स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार दिनाँक 23 एवं 30 दिसम्बर 2025 को* लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सायं 16:55 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन इटारसी सुबह 06:00 बजे, *जबलपुर 09:00 बजे,* सतना दोपहर 13:00 बजे, पहुँचकर और बुधवार रात 20:30 बजे कानपूर सेन्ट्रल पहुँचेगी।

इस स्पेशल ट्रेन में 01 एसी-2 टियर, 04 एसी-3 टियर, 05 स्लीपर क्लास, 08 जनरल सेकेंड और 02 एसएलआरडी सहित 20 कोच रहेंगे। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फतेहपुर, सिराथू, भरवारी, प्रयागराज जंक्शन, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी, भुसावल, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

**निगमायुक्त ने अधिकारियों की जवाबदेही तय की**

# जनसेवा में देरी बर्दाश्त नहीं



**जबलपुर।** आम जनता की समस्याओं का त्वरित और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त होने वाले हर प्रकरण का निराकरण अब प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि जनसेवा में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य दिया है कि प्राप्त शिकायतों का एक दिन के भीतर यानी 24 घंटे में तकनीकी और व्यावहारिक समाधान निकाला जाए। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं बेहतर हों। निगमायुक्त स्वयं लंबित प्रकरणों की दैनिक समीक्षा लगातार कर रहे हैं। जिसके कारण कार्यों में तेजी आई है। आज भी उन्होंने बताया कि जितने भी प्रकरण हैं, उन्हें संतुष्टि के साथ निराकरण कराएं। निगमायुक्त ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले या अनावश्यक देरी करने वाले संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन, आनंद मिश्रा के साथ अन्य विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# लापरवाही : चौथी मंजिल से गिरे मजदूर की मौत

### बिल्डर और सुपरवाईजर के खिलाफ मामला दर्ज

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत दत्त सालिटियर अपार्टमेंट में काम के दौरान चौथी मंजिल से गिरे मजदूर की मौत के मामलें में पुलिस ने लापरवाही बरतने के आरोप में अपार्टमेंट बनवा रहे बिल्डर और सुपरवाईजर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार घोंटखेड़ा थाना टिकरिया जिला मंडला निवासी 40 वर्षीय भागवत सिंह की गत 8 अक्टूबर को निर्माणाधीन दत्त सलिटियर अपार्टमेंट में करते समय चौथी मंजिल से गिरने से मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान घटना स्थल के साक्षियों के कथन लिए, जिन्होंने अपने कथनों में बताया कि भागवत सिंह उइके घटना दिनांक 8 अक्टूबर को सुधीर दत्त के निर्माणाधीन दत्त सलिटियर अपार्टमेंट में बिल्डिंग की चौथी मंजिल में मजदूरी का काम कर रहा था। सुधीर दत्त द्वारा निखिल चौरसिया को काम की देखरेख के लिये लगाया था अपार्टमेंट बनवा रहे सुधीर दत्त एवं सुपरवाईजर निखिल चौरसिया के द्वारा बिल्डिंग में उंचाई पर काम कर रहे, मजदूरों की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किये गये इसी वजह से दुर्घटना हुई।

पुलिस ने जांच के बाद अपार्टमेंट मालिक (बिल्डर) सुधीरदत्त एवं सुपरवाईजर निखिल चौरसिया के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# अंधमूक बायपास पर देर रात बड़ा हादसा टला

### खड़े ट्रक से टकराए ट्रक और हाईवा



**जबलपुर।** अंधमूक बायपास के समीप देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक और हाईवा की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों भारी वाहनों की हालत देखकर मौके पर मौजूद लोग दहशत में आ गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। क्षतिग्रस्त वाहनों के पुर्जे सड़क पर बिखर गए और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। घटना की खबर लगते ही तीनों वाहनों के मालिक मौके पर पहुंच गए, लेकिन काफी देर तक पुलिस की मौजूदगी नहीं रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधमूक बायपास पर रात के समय भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, वहीं सड़क किनारे बिना किसी संकेतक के खड़े ट्रक अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इस मामले में भी खड़े ट्रक के पीछे रिफ्लेक्टर या चेतावनी संकेत न होने की बात सामने आ रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240